3 राजधानी
छात्र, शिक्षक सीधे भेज सकेंगे शिकायतें

6 अभिमत
पंजाब में सामाजिक आर्थिक दबाव

10 विदेश
चीन के रक्षा मंत्री एक महीने से लापता

12 स्पोर्ट्स
वकार ने पाकिस्तान की टीम को कमजोर बताया

RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 11 अंक 321
नई दिल्ली, शुक्रवार, 29 सितंबर, 2023
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com



गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत अंग दान करेंगे

राष्ट्रीय-11

# भारत ने पिस्टल में स्वर्ण, वुशु में झटका रजत

**एशियाई खेल**

## ● अनुष अग्रवाला ने घुड़सवारी पुरुष व्यक्तिगत ड्रेसेज स्पर्धा में कांस्य प्राप्त किया

**भाषा।** हांगझोउ



हांगझोउ में आयोजित हो रहे 19वें एशियाई खेलों में 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में स्वर्ण पदक विजेता सरबजोत सिंह, अर्जुन सिंह चीमा और शिव नरवाल



वुशु सांडा स्पर्धा में रजत जीतने के बाद खुशी जाहिर करती नाओरेम रोशिबिना देवी

**एशियाई** खेलों में गुरुवार को भारत ने एक स्वर्ण, एक रजत एक कांस्य पदक जीता। इस तरह से भारत के पास कुल 25 पदक हो गए। सरबजोत सिह, अर्जुन सिंह चीमा और शिव नरवाल ने पुरुष 10 मीटर एयर पिस्टल टीम स्पर्धा में स्वर्ण जबकि नाओरेम रोशिबिना देवी ने महिला 60 किग्रा वुशु सांडा स्पर्धा रजत व अनुष अग्रवाला ने घुड़सवारी पुरुष व्यक्तिगत ड्रेसेज स्पर्धा में कांस्य प्राप्त किया।

भारत की पुरुष 10 मीटर एयर पिस्टल टीम ने गुरुवार को यहां एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीता लेकिन व्यक्तिगत स्पर्धा के फाइनल में जगह बनाने वाले देश के दोनों निशानेबाज पदक जीतने में नाकाम रहे। सरबजोत सिंह, अर्जुन सिंह चीमा और शिव नरवाल ने बेहद करीबी मुकाबले में चीन की टीम को पछाड़कर शीर्ष स्थान हासिल किया और भारत को निशानेबाजी में चौथा स्वर्ण पदक दिलाया। भारतीय निशानेबाज मौजूदा खेलों में अब तक चार स्वर्ण, चार रजत और पांच कांस्य पदक जीत चुके हैं। भारतीय तिकड़ी ने क्वालीफिकेशन में कुल 1734 अंक जुटाए जो चीन की टीम से एक अधिक है। चीन को रजत जबकि वियतनाम (1730) को कांस्य सरबजोत ने क्वालीफिकेशन में 580, चीमा ने 578 और नरवाल ने 576 अंक बनाए। सरबजोत और चीमा ने आठ निशानेबाजों के फाइनल में भी जगह बनाई लेकिन क्रमश: चौथे और आठवें स्थान पर रहे।

सरबजोत 199 अंक के साथ चौथे स्थान पर रहे। चीमा आठवें और अंतिम स्थान पर रहे। वह फाइनल में सबसे पहले बाहर होने वाले निशानेबाज रहे। शनिवार को अपना 22वां जन्मदिन मनाने जा रहे सरबजोत ने टीम स्वर्ण पदक के रूप में स्वयं को तोहफा दिया। निशानेबाजी की टीम स्पर्धा में यह भारत का तीसरा स्वर्ण पदक है। इससे पहले 10 मीटर एयर राइफल और महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा में भारत टीम स्वर्ण पदक जीत चुका है। वहीं भारत की नाओरेम रोशिबिना देवी ने महिला 60 किग्रा वुशु सांडा फाइनल में स्थानीय दावेदार वू शियाओवेई के खिलाफ 0-2 की शिकस्त के साथ रजत पदक जीता। रोशिबिना को गत चैंपियन शियाओवेई के खिलाफ जूझना पड़ा और उन्होंने चीन की खिलाड़ी को अच्छी शुरुआत करने का मौका दिया। जजों ने दो दौर के बाद शियाओवेई को विजेता घोषित किया। चीन की खिलाड़ी पहले दौर से ही आक्रामक दिखी और उन्होंने रोशिबिना को गिराकर अंक बनाए। मणिपुर की खिलाड़ी ने वापसी करते हुए शियाओवेई का पैर पकड़कर उन्हें सीमा रेखा से बाहर करने की कोशिश की लेकिन नाकाम रही जिससे चीन की खिलाड़ी ने 1-0 की बढ़त बनाई। दूसरे दौर में चीन की खिलाड़ी ने रोशिबिना के शरीर के ऊपरी हिस्से पर प्रहार से अंक जुटाया और जीत दर्ज की। रोशिबिना ने 2018 में जकार्ता खेलों में कांस्य पदक जीता था।

भारत के अनुष अग्रवाला ने गुरुवार को यहां एशियाई खेलों में घुड़सवारी प्रतियोगिता की व्यक्तिगत ड्रेसेज स्पर्धा में कांस्य पदक अपने नाम किया। एट्रो पर घुड़सवारी कर रहे अग्रवाला ने 73.030 अंक जुटाए जिससे वह तीसरे स्थान पर रहे और इस तरह उन्होंने एशियाड में अपना दूसरा पदक हासिल किया। मलेशिया के बिन मोहम्मद फाथिल मोहम्मद काबिल अम्बाब ने 75.780 अंक के कुल स्कोर से स्वर्ण पदक और हांगकांग के जैकलीन विंग यिंग सियू ने 73.450 अंक से रजत पदक जीता। इस स्पर्धा में शामिल अन्य भारतीय हृदय विपुल छेदा पदक स्पर्धा तक नहीं पहुंच सके और बाहर हो गए। बुधवार को हृदय ने क्वालीफाइंग में पहला स्थान हासिल किया था। इससे पहले अग्रवाला ने छेदा, दिव्यकृति सिंह और सुदिप्ती हाजेला के साथ मिलकर भारत को 41 साल के बाद ड्रेसेज टीम स्पर्धा का स्वर्ण पदक दिलाया था।

# विशेषाधिकार समिति के पास भेजा दानिश-बिधूड़ी मामला

## ● लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने लिया फैसला, भाजपा ने बिधूड़ी को चुनावी जिम्मेदारी सौंपी, बिफरा विपक्ष



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**भाजपा** के लोकसभा सांसद रमेश बिधूड़ी द्वारा लोकसभा में बसपा नेता दानिश अली के खिलाफ अपमानजनक शब्दों के इस्तेमाल की शिकायतों को विशेषाधिकार समिति को भेजा गया है। सूत्रों ने कहा कि लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने बिधूड़ी द्वारा अली के खिलाफ आपत्तिजनक शब्दों के इस्तेमाल से जुड़े मुद्दे पर सांसदों की शिकायतों को विशेषाधिकार समिति को भेज दिया है। अली और कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी और द्रमुक के कनिमोझी सहित कई अन्य विपक्षी सांसदों ने बिधूड़ी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की, निशिकांत दुबे जैसे कई भाजपा सांसदों ने कहा कि बसपा सदस्य ने सदन में बोलते समय दक्षिण दिल्ली के सांसद को 'उकसाया' और अध्यक्ष से आग्रह किया कि वह इस पहलू पर भी गौर करें।

सूत्रों ने कहा कि सभापति ने दोनों के खिलाफ ये सभी शिकायतें भाजपा सांसद सुनील कुमार सिंह की अध्यक्षता वाली विशेषाधिकार समिति को भेज दी हैं। जबकि अली ने कहा कि उन्हें अब न्याय की उम्मीद है। दुबे ने मामले को समिति को सौंपने के लिए अध्यक्ष को धन्यवाद दिया। अली और अन्य विपक्षी सांसदों ने बिधूड़ी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की थी, दुबे ने स्पीकर ओम बिरला से विपक्षी नेताओं द्वारा की गई 'अशोभनीय टिप्पणियों' की जांच के लिए एक जांच समिति गठित करने को कहा था। लोकसभा सचिवालय के एक सूत्र ने कहा कि विशेषाधिकार समिति घटना के संबंध में सभी शिकायतों पर गौर करेगी। बिधूड़ी की टिप्पणी, जिसे स्पीकर ने रिकॉर्ड से हटा दिया, पिछले हफ्ते संसद के विशेष सत्र में चंद्रयान 3 मिशन पर चर्चा के दौरान की गई थी। इसे विशेषाधिकार समिति को भेजने का निर्णय बिधूड़ी को पार्टी द्वारा राजस्थान के टोंक जिले में चुनाव की जिम्मेदारी दिए जाने के एक दिन बाद आया है। इसे विशेषाधिकार समिति को भेजने का निर्णय बिधूड़ी को पार्टी द्वारा राजस्थान के टोंक जिले में चुनाव की जिम्मेदारी दिए जाने के एक दिन बाद आया है। इस साल के अंत में मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ सहित अन्य राज्यों के साथ चुनाव होने हैं। विपक्षी नेताओं ने बिधूड़ी को लेकर भाजपा की आलोचना की है, जो बसपा लोकसभा सांसद के खिलाफ अपनी अपमानजनक टिप्पणियों को लेकर विवादों में हैं। अली ने भी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि यह नफरत फैलाने को 'पुरस्कृत' करने जैसा है और इस कदम से सत्तारूढ़ दल का असली चरित्र 'उजागर' हो गया है क्योंकि राज्य में इस साल के अंत में मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ सहित अन्य राज्यों के साथ चुनाव होने हैं।

दक्षिण दिल्ली से भाजपा सांसद को पिछले सप्ताह लोकसभा में अली को निशाना बनाकर कहे गए अपमानजनक शब्दों के बाद पार्टी ने कारण बताओ नोटिस जारी किया था। विपक्ष ने उन्हें सदन से निलंबित करने की मांग करते हुए भारी आक्रोश पैदा किया था। पिछले बृहस्पतिवार को विशेष सत्र के दौरान चंद्रयान-3 चंद्र मिशन की सफलता पर चर्चा के दौरान अली पर निशाना साधने वाली बिधूड़ी की टिप्पणी पर हंगामा मच गया और विपक्षी नेताओं ने भाजपा सांसद के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की थी। विशेषाधिकार समिति में 15 सांसद होते हैं और सदस्यों को अध्यक्ष द्वारा नामित किया जाता है। इस समिति का गठन संसद में राजनीतिक दल की सीटों की संख्या के आधार पर निर्धारित किया जाता है। अगर कोई मामला कमेटी के पास भेजा जाता है तो वह रिपोर्ट स्पीकर को सौंपेगी. जिसके बाद स्पीकर कमेटी की रिपोर्ट के आधार पर अंतिम आदेश दे सकते हैं या फिर इस रिपोर्ट को सदन के सामने पेश कर उचित निर्देश दे सकते हैं।

ऐसे मामलों में, जब भी किसी सदस्य के खिलाफ कोई कार्रवाई निर्धारित की जाती है, तो अध्यक्ष आमतौर पर एकतरफा कार्रवाई करने से बचते हैं और सदन को निर्णय लेने के लिए कहते हैं। वर्तमान में झारखंड के चतरा से भाजपा सांसद सुनील कुमार सिंह इस समिति के अध्यक्ष हैं। समिति में भाजपा के नौ सदस्य हैं। इसके अलावा कांग्रेस, तृणमूल, बीजेडी, शिवसेना, वाईएसआर कांग्रेस और डीएमके से एक-एक सदस्य हैं। विपक्षी दल अली के साथ एकजुट हैं और सांसद की टिप्पणी पर भाजपा पर निशाना साधा। कांग्रेस, टीएमसी और एनसीपी के कई सदस्यों ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को पत्र लिखकर बिधूड़ी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की थी। अली

(शेष पेज 9)

# पंजाब में कांग्रेस विधायक सुखपाल खैरा गिरफ्तार



## ● कांग्रेस ने आम आदमी पार्टी पर तीखा हमला बोला

**भाषा।** चंडीगढ

**पंजाब** पुलिस ने 2015 के मादक पदार्थ मामले में कांग्रेस विधायक सुखपाल सिंह खैरा को बृहस्पतिवार की सुबह यहां गिरफ्तार कर लिया। खैरा की गिरफ्तारी के बाद कांग्रेस ने राज्य में सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी के खिलाफ राजनीतिक प्रतिशोध का आरोप लगाया।

कांग्रेस की पंजाब इकाई के प्रमुख अमरिंदर सिंह राजा वडिंग के नेतृत्व में कांग्रेस के एक प्रतिनिधिमंडल ने शाम को राज्यपाल बनवारीलाल पुरोहित से मुलाकात की और फर्जी मामले की शिकायत की। दोनों दल विपक्षी गठबंधन इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस (इंडिया) का हिस्सा हैं जो 2024 के लोकसभा चुनावों में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के खिलाफ एकजुट होकर लड़ना चाहते हैं। भाजपा ने भी इस गिरफ्तारी की आलोचना की है।

भोलाथ से कांग्रेस विधायक को फाजिल्का के जलालाबाद की एक अदालत में पेश किया गया और उन्हें दो दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया गया। पुलिस ने सात दिन की रिमांड मांगी थी। पुलिस अधीक्षक मंजीत सिंह के नेतृत्व में पंजाब पुलिस की एक टीम ने सुबह लगभग छह बजे खैरा के चंडीगढ़ स्थित आवास पर छापा मारा। विधायक के बेटे ने फेसबुक पर लाइव आकर दिखाया कि पंजाब पुलिस

(शेष पेज 9)



मुंबई में बृहस्पतिवार को भगवान गणेश की मूर्ति के विसर्जन के लिए निकली यात्रा में उमड़ा श्रद्धालुओं का हुजूम

## क्विक न्यूज

### झारखंड में आईईडी धमाके में सीआरपीएफ जवान की मौत

**रांची।** झारखंड के पश्चिम सिंहभूम जिले में एक आईईडी (एक तरह का विस्फोटक उपकरण) धमाके में गंभीर रूप से घायल हुए केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के दो जवानों में से एक ने बृहस्पतिवार को रांची में उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि सुरक्षा बलों द्वारा माओवादियों के खिलाफ एक संयुक्त अभियान के दौरान जिले के टोंटो थाना क्षेत्र में तुम्बाहाका और सरजोंबुरु गांवों के बीच एक जंगल के समीप हुए विस्फोट में सीआरपीएफ की कोबरा बटालियन के दो जवान गंभीर रूप से घायल हुए थे। पुलिस महानिरीक्षक (अभियान) अमोल वी. होमकर ने पीटीआई-भाषा को बताया कि सीआरपीएफ सिपाही राजेश कुमार और निरीक्षक भूपेंद्र कुमार को इलाज के लिए हवाई मार्ग से रांची लाया गया था। उन्होंने बताया कि 209 कोबरा बटालियन के राजेश कुमार ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। शहीद जवान राजेश छत्तीसगढ़ के रहने वाला थे।अधिकारी ने बताया कि भूपेंद्र कुमार का रांची के एक निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है।

# दिल्ली में फिर लिखे गए खालिस्तान समर्थक नारे

## ● एसजेएफ की करतूत, पुलिस ने मामला किया दर्ज, पहले भी हो चुकी हैं ऐसी घटनाएं

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**दिल्ली** मेट्रो के बाद, प्रतिबंधित संगठन सिख फॉर जस्टिस के कार्यकर्ताओं ने बुधवार को उत्तरी दिल्ली में कथित तौर पर खालिस्तान समर्थक तस्वीरें बनाई। पुलिस के अनुसार उत्तरी दिल्ली और उत्तर पूर्वी दिल्ली को जोड़ने वाले कश्मीरी गेट फ्लाईओवर के दोनों किनारों और कुछ अन्य स्थानों पर 'दिल्ली बनेगा खालिस्तान' और 'खालिस्तान जिंदाबाद एसएफजे' के नारे लिखे हुए पाए गए। हालाँकि, दिल्ली पुलिस ने जैसे ही इनको देखा, हटा दिया।

अमेरिका स्थित खालिस्तानी आतंकवादी गुरपतवंत सिंह पन्नू ने इस कृत्य की जिम्मेदारी ली और 5 अक्टूबर को अहमदाबाद के 'मोदी स्टेडियम' में घुसने की धमकी दी। पन्नू ने एक बयान में कहा कि कनाडा से खालिस्तान समर्थक सिख निज्जर की हत्या का बदला लेने के लिए दिल्ली में हैं। यह घटना राष्ट्रीय राजधानी में पांच से अधिक मेट्रो स्टेशनों की दीवारों पर इसी तरह के खालिस्तान समर्थक नारे लिखे जाने के एक महीने बाद हुई है।

दीवारों पर दिल्ली बनेगा खालिस्तान और खालिस्तान जिंदाबाद' के नारे लिखे हुए थे। एक अधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर कहा कि आईपीसी (भारतीय दंड संहिता) की धारा 153 और दिल्ली सार्वजनिक संपत्ति विरूपण निवारण अधिनियम के तहत अज्ञात उपद्रवियों के खिलाफ

(शेष पेज 9)

# हरित क्रांति के प्रणेता, कृषि वैज्ञानिक एमएस स्वामीनाथन नहीं रहे

## गेहूं उत्पादन में देश को आत्मनिर्भर बनाकर लाखों लोगों को भुखमरी से बचाया, कृषि के क्षेत्र में तमाम उपलब्धियां हासिल की

**पायनियर समाचार सेवा।** चेन्नई

### ● 98 साल की उम्र में ली आखिरी सांस, राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री समेत सभी ने दी श्रद्धांजलि

### ● बेटी डॉ. सौम्या स्वामीनाथन विश्व स्वास्थ्य संगठन की पूर्व मुख्य वैज्ञानिक हैं



एसएस स्वामिनाथन का फाइल चित्र

**नई** पीढ़ी को भले ही इसकी जानकारी न हो, लेकिन भारत में हाल ही का एक ऐसा इतिहास है जब खुद देश के तत्कालीन प्रधानमंत्री ने लोगों से रोजाना एक समय का भोजन छोड़ने के लिए कहा था ताकि देश की भूख को कुछ हद तक पूरा किया जा सके। प्रधानमंत्री कोई और नहीं बल्कि लाल बहादुर शास्त्री थे और देश कमजोर मानसून और बीज और मिट्टी की कम उत्पादकता के कारण गंभीर सूखे से गुजर रहा था।

बृहस्पतिवार सुबह अंतिम सांस लेने वाले प्रोफेसर एमएस स्वामीनाथन याद करते हुए कहते थे, एक समय था जब संयुक्त राज्य अमेरिका द्वारा अपने पीएल-480 कार्यक्रम के तहत दिए गए गेहूं से भरे जहाज हर दिन करोड़ों लोगों को खाना खिलाने के लिए भारतीय बंदरगाहों पर पहुंचते थे। ये वे दिन थे जब भारत संयुक्त राज्य अमेरिका द्वारा दिए जाने वाले गेहूं पर निर्भर था।' कुंभकोणम में जन्मे स्वामीनाथन 98 वर्ष के थे और उनकी तीन बेटियां सौम्या, मथुरा और नित्या हैं। उनकी पत्नी मीना की मृत्यु पहले ही हो चुकी है। स्वामीनाथन का देश की हरित क्रांति में अहम योगदान था। उनकी एक बेटी डॉ. सौम्या स्वामीनाथन विश्व स्वास्थ्य संगठन की पूर्व मुख्य वैज्ञानिक हैं। खाद्य एवं पोषण सुरक्षा के कट्टर पैरोकार स्वामीनाथन के पथप्रवर्तक कार्य ने 1960 के दशक के दौरान अकाल के खतरे को रोक दिया था। भूख के खिलाफ आजीवन लड़ने वाले योद्धा स्वामीनाथन का कुछ वक्त से उम्र संबंधी बीमारियों के लिए इलाज चल रहा था। उन्होंने आज यहां अपने आवास पर सुबह सवा 11 बजे अंतिम सांस ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राष्ट्र के प्रति सेवा के लिए स्वामीनाथन की प्रशंसा की। मूर्मू ने कहा कि स्वामीनाथन ने अपने पीछे एक समृद्ध विरासत छोड़ी है जो दुनिया को मानवता के लिए एक सुरक्षित और भूख-मुक्त भविष्य की ओर ले जाने में मार्गदर्शक का काम करेगी।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्वामीनाथन के निधन पर दुख जताया और कहा कि कृषि क्षेत्र में उनके अभूतपूर्व योगदान ने लाखों लोगों के जीवन को बदला और राष्ट्र के लिए खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित की। भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान (आईएआरआई) के निदेशक ए के सिंह ने कहा कि स्वामीनाथन के निधन से कृषि अनुसंधान, शिक्षा और विस्तार के एक ऐसे युग का अंत हो गया जो आसान नवाचार से भरा हुआ था। तमिलनाडु के राज्यपाल आर एन रवि, मुख्यमंत्री एम के स्टालिन और पी आर पांडियन सहित किसान संगठनों के नेताओं ने स्वामीनाथन के निधन पर शोक जताया। कांग्रेस ने उन्हें हरित क्रांति का प्रमुख वैज्ञानिक वास्तुकार बताया और कृषि क्षेत्र में उनके योगदान की प्रशंसा की। प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर सिलसिलेवार पोस्ट में कहा, डॉ. एमएस स्वामीनाथन के निधन से गहरा दुख हुआ। हमारे देश के इतिहास में एक बहुत ही नाजुक दौर में, कृषि में उनके अभूतपूर्व योगदान ने लाखों लोगों के जीवन को बदल दिया और हमारे राष्ट्र के लिए खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित की। प्रधानमंत्री ने कहा कि कृषि में अपने क्रांतिकारी योगदान से इतर, स्वामीनाथन नवाचार के पावरहाउस और कई लोगों के लिए एक कुशल संरक्षक भी थे। उन्होंने कहा कि अनुसंधान और

(शेष पेज 9)

# नोएडा में नहीं चलेगा डीजल जनरेटर, 95 सोसाइटी को नोटिस

## 1 अक्टूबर से ग्रेप ग्रेडेड रिस्पॉन्स एक्शन प्लान लागू होने जा रहा, जनरेटर चलाने पर लगेगा जुर्माना

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा



दिल्ली-नोएडा और गाजियाबाद पूरे एनसीआर में एक अक्टूबर से डीजल जनरेटर पर रोक लगने जा रही है। ग्रेप ग्रेडेड रिस्पॉन्स एक्शन प्लान लागू होने जा रहा है। इसके तहत हाइराइज सोसाइटी, मॉल और अस्पतालों और इंडस्ट्री में ऐसे जनरेटर को ही चलाने की इजाजत होगी, जो पीएनजी या बायो फ्यूल पर चलते हो।

नोएडा प्राधिकरण ने इस मामले में नोएडा की 95 हाईराइज सोसाइटी को नोटिस जारी किया है। इसके तहत 30 सितंबर तक सभी सोसाइटी को 800 केवी के डीजल जनरेटर डियूल फॉर्म 70 प्रतिशत गैस और 30 प्रतिशत डीजल में कंवर्ट कराना होगा। बिना इसे कंवर्ट कराए। वह जनरेटर को नहीं चला सकते है। इस नोटिस को नहीं मानना कमिशन फॉर एयर क्वालिटी मैनेजमेंट और एनजीटी के नियमों का उल्लंघन माना जा रहा है। ऐसे में सोसाइटी की एओए पर जुर्माना और सीलिंग की कार्यवाही की जाएगी। नोएडा प्राधिकरण के डीजीएम एसपी सिंह ने बताया कि 1 अक्टूबर से लागू किया जा रहा है। इसमें डीजल जनरेटर और वायु प्रदूषण कारक को बढ़ने से रोका जाता है। नोएडा में इसके लिए कई अहम फैसले लिए जा रहे है। इस क्रम में सेक्टर-76 जेएम आर्चिड, अजनारा ग्रांड हेरिटेज सेक्टर-74, सेक्टर-168 थ्री सी, सेक्टर-75 इको सिटी, सेक्टर-75 गोल्फ एवेन्यू-1, सेक्टर-135 टूडे होम्स नोएडा, सेक्टर-77 बिल्डटेक प्राइवेट लिमिटेड, सेक्टर-76 आम्र पाली सिलिकॉन समेत सभी 95 सोसाइटी को नोटिस जारी किया गया है।

30 सितंबर तक जनरेटर को डियूल फ्यूल में कंवर्ट कराना ही होगा। बगैर इसके यदि वे जनरेटर चलाते है तो हमे सीलिंग की कार्यवाही करनी होगी।

बता दे नोएडा में अब भी कई ऐसी सोसाइटी है जहां बिजली का स्थाई कनेक्शन नहीं है। वहां जनरेटर से ही सप्लाई की जा रही है। ऐसे में वहां रहने वाले निवासियों को दिक्कत होगी। उन्होंने बताया, इसके लिए प्राधिकरण के प्रबंधक आरके शर्मा को नोडल अधिकारी बनाया जा रहा है। इनकी अगुआई में कई टीमों का गठन किया जा रहा है। ये टीम 1 अक्टूबर से सोसाइटी का निरीक्षण करेंगी। जहां भी जनरेटर चलता मिला उसके खिलाफ मौके पर ही एक्शन लिया जाएगा। इसे अंतिम नोटिस ही माना जाए। इसके बाद न तो नोटिस जारी किया जाएगा और न ही समय। दरअसल, प्रदूषण से जुड़े सभी मामलों से निपटने के लिए प्राधिकरण ने हाल ही में अपना पर्यावरण एनवायरन्मेंटल सेल बनाया है। डीजीएम ने बताया कि जो भी टीम बनेगी इसी सेल की गाइडेंस के अनुसार अपना काम करेगी। इसमें किसी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

नोएडा की सोसाइटी में पावर बैकअप के लिए जनरेटर का प्रयोग किया जाता है। यहां रहने वाले निवासियों से इसके एवज में 25 से 30 या इससे अधिक रुपए प्रति यूनिट ली जाती है। यहां तभी जनरेटर चलते है जब बिजली सप्लाई नहीं होती। हालांकि पिछली बार भी जनरेटर को ड्यूल जनरेटर में कंवर्ट कराने के लिए कहा गया था। लेकिन नियम के तहत सोसाइटी ने ऐसा नहीं किया।

# संक्षिप्त समाचार



पंचशील सोसाइटी के लोगों ने डॉग्स लवर के खिलाफ थाने में की शिकायत।

### आरडब्ल्यूए ने सीईओ को सौंपा ज्ञापन

**नोएडा।** सेक्टर-19 में व्याप्त विभिन्न समस्याओं को लेकर आरडब्ल्यूए सेक्टर-19 का एक प्रतिनिधिमंडल अध्यक्ष आरसी गुप्ता और महासचिव लक्ष्मी नारायण के नेतृत्व में नोएडा प्राधिकरण के सीईओ लोकेश एम से मिला। इस दौरान सेक्टर.19 से संबंधित 5 प्रमुख समस्याओं का एक ज्ञापन सीईओ को सौंपा। सीईओ को दिए गए ज्ञापन में कहा गया है कि सेक्टर के बीच में होकर गुजर रहे गंदे नाले ड्रेन नं 2 की उचित ढंग से सफाई की जाए तथा इसका अच्छे ढंग से नवीनीकरण किया जाए। डाक खाने के पास वाले संजय गांधी बाल विद्यालय ग्राउंड की नियमित सफाई हो। इसके अंदर अवैध गतिविधियों को रोका जाए। आवारा पशुओं के जमावड़े को रोकने के लिए इसकी फेंसिंग की जाए। ज्ञापन के माध्यम से कहा गया है कि निवासी पानी की भारी समस्या का सामना कर रहे हैं, अत साफ व उचित दबाव के साथ निर्धारित समय पर पानी की सप्लाई सुनिश्चित की जाए।

### यूपी में पहली बार हुई हार्ट मिनिमली इनवेसिव सर्जरी

**नोएडा।** मेट्रो हार्ट इंस्टीट्यूट नोएडा के डॉक्टरों ने पहली बार हार्ट से जुड़ी मिनिमली इनवेसिव सर्जरी की है। इसमें जापानी कंपनी की तकनीक एनाकोंडा ग्राफ्ट का इस्तेमाल करते हुए एब्डोमिनल एओर्टिक एन्यूरिज्म की ये सर्जरी की गई है। डॉक्टर ने बताया कि 58 वर्षीय पुरुष मरीज को गंभीर हार्ट की समस्या थी एब्डोमिनल एओर्टिक एन्यूरिज्म जिसे एडवांस तकनीक की मदद से ठीक किया गया। मेट्रो हॉस्पिटल नोएडा में चीफ कार्डियक सर्जन डॉक्टर जीवन पिल्लई के नेतृत्व में मरीज की ओपन हार्ट सर्जरी यानी बाइपास सर्जरी की गई थी। ये सर्जरी कुछ महीने पहले हुई थी और मरीज ने पूरी तरह से रिकवर कर लिया।

### स्वामीनाथन को सदा याद रखा जाएगा : राकेश टिकैत

**नोएडा।** किसान नेता राकेश टिकैत ने बृहस्पतिवार को मशहूर वैज्ञानिक एमएस स्वामीनाथन को याद करते हुए कहा कि कृषि और किसानों की दशा में सकारात्मक परिवर्तन और खाद्य सुरक्षा में उनकी भूमिका के लिए देश सदैव उन्हें याद रखेगा। एमएस स्वामीनाथन रिसर्च फाउंडेशन ने कहा कि भारत में हरित क्रांति के जनक स्वामीनाथन का चेन्नई स्थित उनके आवास पर पूर्वाह्न सवा 11 बजे निधन हो गया। वह 98 वर्ष के थे। स्वामीनाथन लंबे समय से उम्र संबंधी बीमारियों से जूझ रहे थे। भारतीय किसान यूनियन (बीकेयू) के राष्ट्रीय प्रवक्ता टिकैट ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा, मशहूर कृषि वैज्ञानिक और हरित क्रांति के जनक डॉ. एमएस स्वामीनाथन के निधन की खबर से बहुत दुख हुआ। टिकैट ने कहा कि यह देश भारतीय कृषि और कृषकों की दशा में सकारात्मक परिवर्तन लाने और खाद्य सुरक्षा में उनकी भूमिका को सदैव याद रखेगा। टिकैट ने कहा, आपके विचारों की यह लड़ाई हम सब मिलकर जारी रखेंगे। स्वामीनाथन वर्ष 1960 के दशक में भारत में हरित क्रांति के प्रेरक थे।

### लोकदल की जिला एवं महानगर कार्यकारिणी घोषित

**गाजियाबाद।** लंबे इंतजार के बाद आखिरकार आज राष्ट्रीय लोकदल की जिला एवं महानगर कार्यकारिणी घोषित कर दी गई। कार्यकारिणी की घोषणा आज पार्टी कार्यालय पर आयोजित प्रेसवार्ता में रालोद के मंडल अध्यक्ष इंद्रवीर सिंह भाटी ने की। प्रेसवार्ता में जिलाध्यक्ष अमित त्यागी ने बताया कि जिला कमेटी में नीरज चौधरी को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। हाजी अल्ताफ, सुनील चौधरी एडवोकेट, प्रदीप मुखिया, इंद्रपाल सिंह, अमित आरके, अमर सिंह मलान को कमेटी में उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। महासचिव पद पर योगेश चौधरी, इंद्रपाल डायरेक्टर, विजयपाल शर्मा, प्रदीप त्यागी, उम्मेद भाम्ब्रिक, ललित सैन, फरमान अली, इरफान, अरुण दहिया, आशीष नरेश को मनोनीत किया गया है। आदित्य चौधरी, सुमित कसाना, अंकित त्यागी, विपिन तोमर, जुल्फिकार, आनंद चौधरी, तरुण जाटव, विनोद कुमार, पिंटू पूनिया, रंजय, मुनिजर राठी, जीवन छाबड़ा, अरशद, ताहिर और मुन्ना खां को सचिन बनाया गया है।

# ईद-ए-मिलाद उन नबी पर ग्रेनो व नोएडा में निकाला जुलूस



**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

ईद-ए-मिलाद उन नबी के मौके पर नोएडा व ग्रेटर नोएडा क्षेत्र में जुलूस निकाला गया। इस दौरान पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए थे। कांग्रेस के पूर्व महानगर अध्यक्ष शाहबुद्दीन ने बताया कि ईद ए मिलाद उन नबी पर नोएडा के सेक्टर-8, 9 व 10 में जुलूस निकाला गया। शाहबुद्दीन ने बताया कि ईद ए मिलाद उन नबी दुनिया भर में मुसलमानों द्वारा मनाए जाने वाले सबसे अहम त्योहारों में से एक है। ईद-ए-मिलाद-उन-नबी पैगंबर मोहम्मद साहब के जन्मदिन के अवसर पर मनाया जाता है। उनका जन्म इस्लामिक चंद्र कैलेंडर के मुताबिक तीसरे महीने रबी-उल-अव्वल के 12वें दिन मक्का में हुआ था। उन्होंने बताया कि मोहम्मद साहब इस्लाम धर्म के अंतिम पैगंबर थे।

शिया समुदाय का मानना है कि इसी दिन पैगंबर ने हजरत अली को अपना उत्तराधिकारी चुना था। उन्होंने कहा कि पैगम्बर हजरत मोहम्मद साहब ने दुनिया को मानवता की राह दिखाई उनकी दया, सहनशीलता मानव सेवा तथा भाईचारे का उनका संदेश सदैव समाज के लिए प्रेरणादाई रहेगा।

# दुष्प्रचार करने वालों पर होगी कार्रवाई: वी.के सिंह

- केंद्रीय मंत्री ने दुष्प्रचार पर दी सफाई, बोले- पाकिस्तान का डोजियर रख सकता हूं तो यहां भी सबके हैं, गड़बड़ पर उजागर कर दूंगा

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद



गाजियाबाद में भाजपा के अंदर लगातार चल रही गुटबाजी पर केंद्रीय राज्यमंत्री एवं सांसद जनरल वीके सिंह 9 साल में पहली बार खुलकर बोले। उन्होंने स्पष्ट तौर पर कहा, यहां हो रही गतिविधियों पर पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से गहन चर्चा हुई है। दुष्प्रचार करने वाले लोगों के विरुद्ध सख्त एक्शन लिया जाएगा।

दरअसल, केंद्रीय मंत्री का पूरा इशारा उनके समकक्ष जनप्रतिनिधि और कुछ विधायकों की तरफ था। दरअसल, सेना से जुड़ी गोपनीय बातों को किताबों के जरिये लीक करने के आरोप में भारतीया सेना की सिग्नल रेजिमेंट के ऑफिसर मेजर जनरल विकास कुमार सिंह पर लंबे वक्त से कोर्ट केस चल रहा है। दो दिन पहले इस केस को जनरल वीके सिंह से जोड़कर कुछ लोगों ने सोशल मीडिया पर खबरें वायरल कर दीं।

इन्हीं खबरों को लेकर सांसद जनरल वीके सिंह ने अपने आवास पर प्रेसवार्ता बुलाकर सफाई दी। उन्होंने कहा, इस केस में किसी ने अपना कुटिल दिमाग लगाया है। केस कोई और है, मेरा नाम फोटो का गलत इस्तेमाल करके दुष्प्रचारित करने का प्रयास किया गया। जनरल वीके सिंह ने साफ तौर पर कहा, मैं जब पाकिस्तान के सारे डोजियर रख सकता हूं तो यहां भी मेरे पास सबके डोजियर हैं। जिस दिन गड़बड़ हुई, उस दिन आपको मीडिया को सारे डोजियर दे दूंगा।

गाजियाबाद में पिछले एक साल से कुछ लोग गलतफहमी, दुष्प्रचार की कोशिश कर रहे हैं। उन लोगों के अस्तित्व को खतरा है तो वो दूसरों के अस्तित्व पर प्रहार करना चाहते हैं।

भाजपा का शीर्ष नेतृत्व इस बात से अवगत है। जो लोग अपने फायदे के लिए दुष्प्रचार कर रहे हैं, उनके खिलाफ पार्टी सख्त एक्शन लेगी। केंद्रीय राज्यमंत्री वीके सिंह ने कहा, साल.2014 में जब से नरेंद्र मोदी पीएम बने हैं, तब से राजनीति की परिभाषा बदली है। जनता ये देखती है कि काम जमीन पर कितना है।

बड़ी-बड़ी बातें करने से काम दिखाई नहीं देता। गाजियाबाद की जनता को पता है कि क्या काम हुआ है और क्या होने वाला है।

### भतीजे ने चाचा पर लोहे की रॉड से किया हमला

**नोएडा।** दनकौर कोतवाली क्षेत्र के दादूपुर गांव में रात के वक्त सीटी बजाने की शिकायत करने पर भतीजे ने चाचा पर लोहे की रॉड से जानलेवा हमला कर दिया। इस घटना में पीड़ित गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसका ग्रेटर नोएडा के जिम्स अस्पताल में इलाज चल रहा है।

इस संबंध में पीड़ित ने दो आरोपी भाइयों को नामजद करते हुए गुरुवार को कोतवाली पहुंचकर पुलिस से शिकायत की है। गांव निवासी रघुराज ने पुलिस को दी शिकायत में कहा कि पिछले कई दिनों से उनका भतीजा रात के वक्त गांव की गलियों में जाकर सीटी बजा रहा था। जिसकी शिकायत गांव के कई लोगों ने उनसे की थी।

# पुलिस और वकीलों में फिर बने टकराव के हालात

- जिले में धारा 144 लगने के बावजूद आज होनी है अधिवक्ताओं का महासम्मेलन

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

एक बार फिर से पुलिस व वकीलों में टकराव की स्थिति बन सकती हैं। यह बात इसलिये कही जा रही है क्योंकि जहां वकीलों ने हापुड़ में अधिवक्ता महासम्मेलन करने की तिथि पहले से ही 29 सितंबर मुकर्रर कर रखी है वहीं अब पुलिस प्रशासन ने क होने वाले महासम्मेलन पर धारा 144 का हवाला देकर रोक लगा दी है।

एसडीएम के द्वारा जारी किये गये नोटिस में बताया गया है कि एक तो हापुड़ में धारा 144 लगी हुई है और दूसरे कल जैन धर्म के अनुनाईयों के द्वारा जैन रथ शोभा यात्रा विभिन्न मार्गो से होकर निकाली जाएगी। ऐसी स्थिति में किसी अप्रिय घटना के घटित होने और जाम लगने की स्थिति में लोगों के परेशान होने की आशंका है। इसके चलते प्रशासन ने अधिवक्ताओं के आहूत किये गये महासम्मेलन पर रोक लगाने के आदेश की जानकारी बार एसोसिएशन से लेकर संबंधित पक्षों व पुलिस प्रशासन के अधिकारियों को दे दी गई है। उधर अधिवक्ताओं का कहना है कि चाहे सूरत कोई भी हो लेकिन कल हापुड़ में स्थित फ्रीगंज रोड पर होने वाला अधिकवक्ताओं का महासम्मेलन, जिसमें पूरे प्रदेश की बार एसोसिएशनों की अगुवाई में हजारों अधिवक्ता शामिल होंगे, होकर रहेगा।

महासम्मेलन की निषेधाज्ञा का नोटिस जारी करने के बाद जहां पुलिस प्रशासन ने इस आयोजन को ना होने देने की रणनीति बनाकर अपनी कवायद शुरू कर दी है वहीं अधिवक्ताओं ने भी अपनी रणनीति बनानी शुरू कर दी है।


## खोया/पाया

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पंजीकरण संख्या 13905, दिनांकित 16/12/2021 द्वारा एसआर-वजीराबाद में विधिवत पंजीकृत, ग्राम ग्वाल पहाड़ी, सेक्टर -02, तहसील वजीराबाद, जिला गुरुग्राम, हरियाणा में स्थित ''प्रोवेंस एस्टेट'' के नाम से जानी जाने वाली आवासीय योजना में तीन कवर कार पार्किंग स्थान के साथ टावर नंबर 3 (सी) की तेईसवीं मंजिल पर आवासीय इकाई संख्या सी-2301, टावर 3(सी) में 929.03 वर्ग मीटर (10000 वर्ग फुट के बराबर) क्षेत्रफल में अपने पिता/पति (लेफ्टिनेंट श्री भूषण भंडारी) के सभी शेयर त्यागने के लिए श्रीमती आरती जैन (बेटी), श्रीमती पूजा जैन (बेटी) और श्रीमती परवेश भंडारी (पत्नी) द्वारा दिनांक 16-12-2021 के त्याग विलेख को श्री दीपक भंडारी के पक्ष में निष्पादित किया था।

यह त्याग विलेख श्री दीपक भंडारी और मैसर्स वी सर्व प्रोप मैनेजमेंट एलएलपी (विक्रेता) तथा श्री मोहम्मद अब्दुल्ला मसूद और श्री कुणाल सेठ (क्रेता) के बीच आवासीय इकाई संख्या सी-2301 बिक्री विलेख की श्रृंखला दस्तावेजों का हिस्सा था।

उपरोक्त त्याग विलेख रास्ते में खो गया है और यह सुनिश्चित करने के लिए कि उक्त विलेख का कोई दुरुपयोग नहीं किया जाए, अधोहस्ताक्षरी ने पी.एस. क्राइम ब्रांच, दिल्ली के ई-पोर्टल पर शिकायत संख्या 923336/2023 दिनांकित 22.09.2023 के माध्यम से यह उल्लेख करते हुए एफ.आई.आर. दर्ज कराई है कि उक्त विलेख खो गया है। सर्वसाधारण को सलाह दी जाती है कि यदि उन्हें उक्त विलेख मिलता है तो इसे अधोहस्ताक्षरी को वापस लौटा दें या इसमें यदि उनका कोई हित है, तो वे इस सूचना के प्रकाशन की तारीख से 15 दिनों के भीतर अपना दावा ''श्री राजीव खुराना, ए-2/3, प्रथम तल, सफदरजंग एन्क्लेव, दिल्ली-110029'' के पास दर्ज करा सकते हैं।

श्री मोहम्मद अब्दुल्ला मसूद और श्री कुणाल सेठ की ओर से
– हस्ता. –
राजीव खुराना

## PUBLIC NOTICE

This is to inform the public at large that my client, **Mr. Mohd Ashraf** S/o. Ahmad Hussain, R/o. A-44, Gali No.1, Saurabh Vihar, Jaitpur, New Delhi 110044, along with his wife and all relatives have refrained their all relationships with his own son **Mohd Arman** and disowned (AAQ) him and his wife **Tehsheen Arzoo** and debarred them from his all movable and immovable properties.

My client or any of the family member is not liable for any of their misdeeds.

**Nehal A Siddiquee (Advocate)**
I-97, Batla House, Jamia Nagar,
Okhla, New Delhi-110025

## सार्वजनिक सूचना

ICICI Bank

शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, कार्यालय संख्या 201-बी, द्वितीय तल, रोड नंबर 1,प्लॉट नंबर बी-3, वाईफाई आईटी पार्क, वागले इंडस्ट्रियल एस्टेट, थाने (वेस्ट)-400604

निम्नलिखित कर्जदार/रों ने उनके द्वारा बैंक से प्राप्त की गई ऋण सुविधाओं के मूलधन और ब्याज के भुगतान में चूक की है और ये ऋण अनार्जक आस्तियों (एनपीए) के रूप में श्रेणीबद्ध किए गए हैं। उनको, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13 (2) के अधीन एक सूचना उनके अंतिम ज्ञात पतों पर प्रेषित की गई थी, हालांकि यह सुपुर्द नहीं की जा सकी और इसलिए एतद्द्वारा उनको इस सार्वजनिक सूचना द्वारा अधिसूचित किया जा रहा है।

| क्र. सं. | कर्जदार/सह-कर्जदार/गारंटर का नाम (ऋण खाता संख्या) एवं पता | प्रत्याभूत आस्ति/प्रवर्तित की जाने वाली आस्ति का सम्पत्ति पता | प्रेषित सूचना की तिथि/सूचना की तिथि तक बकाया राशि | एनपीए तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | आलोक कुमार सिन्हा/सरिता सिन्हा/ (एलबीएसएटी00005448356/ एलबीबीएचपी00006071552) एवं ई-109/1, शिवाजी नगर, भोपाल-462016 | फ्लैट नंबर जे-601, छठा तल, टावर नंबर जे, मैक्सब्लिस व्हाइट हाउस, प्लॉट नंबर 17, ईको सिटी, क्यूसेक्टर-75, गौतमबुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश, नोएडा-201301 | 14-09-2023 रू. 8,00,727/- | 04-07-2023 |

सूचना की वैकल्पिक तामील के लिए उपाय किए जा रहे हैं। उपरोक्त कर्जदार/रों तथा/अथवा उनके गारंटरों (जैसा लागू है) को बकाया राशि का भुगतान इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 60 दिन के भीतर करने की सलाह दी जाती है, अन्यथा वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002, के प्रावधानों के अनुसार आगे कदम उठाए जाएंगे।

तिथि : 29 सितम्बर, 2023
स्थान : दिल्ली एनसीबार एवं नोएडा

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

## सार्वजनिक सूचना

ICICI Bank

शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लि., तृतीय तल, प्लॉट नंबर 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली-110005

निम्नलिखित कर्जदार/रों ने उनके द्वारा बैंक से प्राप्त की गई ऋण सुविधाओं के मूलधन और ब्याज के भुगतान में चूक की है और ये ऋण अनार्जक आस्तियों (एनपीए) के रूप में श्रेणीबद्ध किए गए हैं। उनको, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13 (2) के अधीन एक सूचना उनके अंतिम ज्ञात पतों पर प्रेषित की गई थी, हालांकि यह सुपुर्द नहीं की जा सकी और इसलिए एतद्द्वारा उनको इस सार्वजनिक सूचना द्वारा अधिसूचित किया जा रहा है।

| क्र. सं. | कर्जदार/सह-कर्जदार/गारंटर का नाम (ऋण खाता संख्या) एवं पता | प्रत्याभूत आस्ति/प्रवर्तित की जाने वाली आस्ति का सम्पत्ति पता | प्रेषित सूचना की तिथि/सूचना की तिथि तक बकाया राशि | एनपीए तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | ज्योति यादव/नरेन्द्र यादव - LBAWR00006238135/LBAWR00006291288- डी/ओ नवल सिंह, उजोली ग्राम, कोटकाशिम, भिवाडी, राजस्थान-301702 | फ्लैट नंबर 504, 5वां तल, टावर डी, रामसन्स क्षितिज, ग्राम धोरका, निकट आयुष्मान अस्पताल, सेक्टर-95, पटौदी रोड, उप-तहसील हरसारू, गुरूग्राम, हरियाणा-122505 | 25-08-2023 रू. 21,28,608/- | 20-06-2023 |

सूचना प्रदान करने हेतु वैकल्पिक कदम उठाए जा रहे हैं। उपरोक्त कर्जदार/रों तथा/अथवा उनके गारंटरों (जैसा लागू है) को बकाया राशि का भुगतान इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 60 दिन के भीतर करने की सलाह दी जाती है, अन्यथा आगे वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002, के प्रावधानों के अनुसार आगे कदम उठाए जाएंगे।

तिथि : 29 सितम्बर, 2023
स्थान : गुरूग्राम

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड


# कृषि-भूमि दिलाने का झांसा देकर 20 लाख की ठगी

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

मुरादनगर के गांव सुल्तानपुर छज्जूपुर में कृषि भूमि दिलाने का झांसा देकर गाजियाबाद के राजनगर एक्सटेंशन निवासी एक महिला से 20 लाख रुपए ठगने का मामला सामने आया है। पैसे वापस मांगने पर महिला को परिवार सहित जान से मारने की धमकी दी जा रही है।

महिला की तहरीर पर पुलिस ने 5 के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गाजियाबाद के राजनगर एक्सटेंशन की साई ऐनक्लेव कॉलोनल निवासी सरोज राजबाला देवी ने बताया कि काफी समय पहले मेरी मुलाकात मुरादनगर थाना क्षेत्र के गांव सुल्तानपुर छज्जूपुर निवासी मनोज कुमार से हुई। मनोज ने अपनी भूमि बेचने को कहा। 42 लाख रुपए में कृषि भूमि का सौंदा तय हो गया। 18 अगस्त 2022 को 5 लाख रुपए की नगदी और 15 लाख की ईएनएफटी मनोज कुमार के नाम कर दी गई और बाकी 22 लाख रुपए की रकम बैनामा के समय देने की बात तय हुई। जब बैनामा का समय आया तो मनोज कुमार आनाकानी करने लगा।

# सीएनजी भरवाने में देर होने पर युवक को पीटा

- पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू की

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

नोएडा में मारपीट का वीडियो सामने आया है। ये घटना सेक्टर-51 के सीएनजी पंप की है। यहां पर सीएनजी भरवाने को लेकर दो पक्ष आपस में भिड़ गए। उनके बीच जमकर हाथापाई हुई। जिसके बाद पीड़ित ने पुलिस से शिकायत की। पुलिस ने केस दर्ज कर सीसीटीवी की मदद से आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस आयुक्त के पीआरओ पंकज सिंह के मुताबिक नीरज भार्गव सेक्टर-72 में रहते है। वह प्राइवेट जॉब करते हैं।

उन्होंने कोतवाली सेक्टर-49 पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। जिसमें बताया है कि 25 सितंबर को वह सेक्टर 51 के सीएनजी पंप पर गैस भरवाने आए थे। उनकी गाड़ी के पीछे एक अन्य गाड़ी खड़ी थी। सीएनजी पंप पर गैस भरने की वजह से थोड़ी देरी हो गई। इसके बाद पीछे की गाड़ी में बैठे तीन मनबढ़ों ने इसका विरोध किया। जिसके बाद नीरज ने पलट कर जवाब दे दिया। ये बात उन्हें नागवार गुजरी। इस बात को लेकर वे नाराज हो गए। गाड़ी से उतरकर उनके साथ मारपीट की। इस घटना में नीरज को काफी चोटें आई हैं। वीडियो में साफ दिख रहा है कि दो व्यक्ति पहले नीरज के साथ बातचीत करते है।

इसके बाद उनमें से एक नीरज को थप्पड़ मारता है। जबकि दूसरा उसे उठाकर पटक देता है। नीरज वहीं पर गिरे पड़े रहते हैं। इसके बाद दोनों नीरज को जमीन पर गिरा हुआ छोड़कर चले जाते हैं। पेट्रोल पंप कर्मियों ने भी उनका बचाव नहीं किया। नीरज किसी तरह अस्पताल पहुंचे। वहां पर डॉक्टर को दिखाया।

# नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट को मिला 3 लेटर यूनिक कोड

- एयरपोर्ट को अब पूरी दुनिया में इसी कोड से जाना जाएगा

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा



निर्माणधीन नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट

ग्रेटर नोएडा के जेवर में बन रहे नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट को अपना थ्री लेटर कोड मिल गया है। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट को डीएक्सएन कोड मिला है।

इसी के जरिए अब बुकिंग की जाएगी एआईटीए की तरफ से यह कोड सभी एयरपोर्ट को दिया जाता है। गौरतलब है कि यह सीएम योगी आदित्यनाथ का ड्रीम प्रोजेक्ट है। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट को लेकर एक प्रेस वार्ता की गई। इस दौरान उन्होंने जेवर में बन रहे नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट की तैयारी को लेकर जानकारी दी। इस दौरान नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट की सीईओ किरण जैन ने बताया कि नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट को अपना थ्री लेटर कोड मिल गया है। यह कोड एआईटीए की तरफ से सभी एयरपोर्ट को दिया जाता है। इस कोड के जरिए ही एयरलाइन बुक होती हैं, यानी कि हम कह सकते हैं कि यह हमारा पिन कोड है। डीएक्सएन अब नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के साथ जुड़ गया है।

नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के सीईओ क्रिस्टोफ नेलमैन ने कहा दुनिया के सबसे बड़े शहरी समूहों में से एक भारत का नेशनल कैपिटल रीजन एक दूसरे हवाई अड्डे का हकदार है। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट इस लंबे समय से चले आ रहे सपने को वास्तविकता बना देगा और हम अपने तीन अक्षर आईएटीए कोड को पाने के लिए उत्साहित हैं, जो एयरपोर्ट के परिचालन की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। हम रीजन के नए इकॉनमिक और कल्चर हब में पैसेंजर्स, कस्टमर्स और पार्टनर्स का स्वागत करने के लिए तत्पर हैं। सीईओ किरण जैन ने बताया कि अब नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट का कोड डीएक्सएन है। एयरपोर्ट को अब पूरी दुनिया में इसी कोड से जाना जाएगा। यह एक यूनीक कोड है, जिसका ये मतलब है कि जब भी आप कोई टिकट बुक करेंगे तो हमें डीएक्सएन से पहचाना जाएगा। ये कोड सिर्फ हम ही यूज कर सकते हैं। ये कभी भी चेंज नहीं होगा। एक तरीके से यह हमारा पिन कोड होगा।

किरण जैन ने बताया कि हम उत्तर प्रदेश से हैं और उत्तर प्रदेश में ही यह इंटरनेशनल एयरपोर्ट बन रहा है। इसलिए हमारे लिए बहुत महत्वपूर्ण था कि जहां से यह शुरू हुआ है उस जगह को हम कभी ना भूले। जब हम इसकी फो कोड को डिजाइन कर रहे थे तो हमने यही सोचा था कि कुछ ऐसा डिजाइन बनाया जाए जिसको लोग कभी ना भूल पाए और उन्हें लगे कि यह कुछ जाना पहचाना है। इसको लेकर हमने काफी डिजाइन तैयार किया। जब आप फो कोड पर आएंगे तो आपको मॉडर्न बनारस की झलक दिखाई देगी। यानी वहां पर आपको जो सीढ़ियां दिखाई देगी, वह घाट की तरह लगेगी, बीच-बीच में आपको बैठने की जगह दिखेंगी, खुली जगह में आपको रिटेल की अपॉर्चुनिटी मिलेगी, जहां पर आप शॉपिंग भी कर सकते हैं।

पायनियर
नई दिल्ली, शुक्रवार, 29 सितंबर, 2023



# छात्र, शिक्षक सीधे भेज सकेंगे शिकायतें व सुझाव

## आतिशी ने जारी किया डीओई निरीक्षण ऐप, कहा- यह बुनियादी ढांचे सहित डिजिटलाइज्ड करने में बनेगा मददगार

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



सरकारी स्कूलों में छात्र व शिक्षक मोबाइल एप्लिक्शन के माध्यम से सीधे विभाग को स्कूल व पढ़ाई-लिखाई से जुड़े सुझाव व शिकायत भेज सकेंगे। यह नया एप्लिकेशन ऐप बुनियादी ढांचे, मिड डे मील, स्टेशनरी, ड्रेस सहित अन्य महत्वपूर्ण मुद्दों को डिजिटलाइज्ड करने में बनेगा मददगार होगा साथ ही छात्रों और शिक्षकों को स्कूल से संबंधित समस्याओं को उठाने और स्कूल प्रशासन द्वारा उनका त्वरित समाधान सुनिश्चित भी करेगा।

इस बाबत शिक्षा निदेशालय ने डीओई निरीक्षण ऐप शुरू किया है। बृहस्पतिवार को शिक्षा मंत्री आतिशी ने इस मोबाइल एप्लीकेशन को जारी किया। शिक्षा निदेशालय द्वारा विकसित इस अनूठे ऐप के बारे में जानकारी देते हुए आतिशी ने कहा शिक्षा विभाग का यह तकनीकी हस्तक्षेप स्कूल में छात्रों और शिक्षकों की जरूरतों को तेजी से पूरा करने में बेहद मददगार साबित होगा।

डीओई निरीक्षण ऐप हमारे स्कूलों को बेहतर बनाने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम है, जहां शिक्षक व विद्यार्थी जो स्कूल में महत्वपूर्ण स्टेकहोल्डर के रूप में भूमिका निभाते है, सीधे विभाग तक अपने सुझावों और शिकायतों को भेज सकते है।

उन्होंने कहा कि इनके सुझावों के साथ हमें अपने स्कूलों में जरूरी बदलाव लाने में मदद मिलेगी और इनकी शिकायतों पर त्वरित संज्ञान लिया जा सकेगा। डीओई निरीक्षण ऐप के साथ रोजमर्रा में स्कूल में आने वाली चुनौतियों का सामना करने वाले छात्र इन मुद्दों को आसानी से अपने प्रिंसिपल के ध्यान में ला सकते हैं।

छात्रों और शिक्षकों को अपनी चिंताओं के समाधान के लिए अधिक इंतजार नहीं करना पड़ेगा।

### डीओई निरीक्षण ऐप का उपयोग कैसे करें

*गूगल प्ले स्टोर से ऐप डाउनलोड करें। ऐप खोलें। छात्र या शिक्षक आईडी का उपयोग करके पंजीकरण करें। उपयोगकर्ता के प्रकार का चयन करने के लिए ड्रॉपडाउन से लॉगिन प्रकार पर क्लिक करें। पंजीकृत मोबाइल नंबर पर भेजा गया ओटीपी दर्ज करें। एक डैशबोर्ड दिखाई देगा। नई शिकायत या प्रश्न दर्ज करने के लिए नए मुद्दे पर क्लिक करें। फोटो के साथ शीर्षक और विवरण दर्ज करें और सबमिट करें। शिकायतों की स्थिति और पिछली शिकायतों/प्रश्नों को देखने के लिए पिछले अंक पर क्लिक करें।*



कृत्रिम तालाब में भगवान गणेश की मूर्ति विसर्जित करते श्रद्धालु। फोटो: रंजन डिमरी

## संक्षिप्त समाचार



बुजुर्ग तीर्थ यात्रियों के साथ सेल्फी लेते मुख्यमंत्री केजरीवाल।

### केजरीवाल ने भजन संध्या कार्यक्रम में लिया भाग लिया

**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने बृहस्पतिवार को भजन संध्या कार्यक्रम में भाग लिया और मुख्यमंत्री तीर्थयात्रा योजना के तहत अयोध्या रवाना होने वाले श्रद्धालुओं से बातचीत की। केजरीवाल ने कहा कि अब तक 75,000 बुजुर्गों ने योजना के तहत तीर्थ स्थलों की यात्रा की है। इनमें से 4,000 लोगों ने अयोध्या की यात्रा की। उन्होंने कहा, आप आजीवन इस यात्रा को याद रखेंगे। हमने आपके लिए सभी सुविधाएं सुनिश्चित की हैं। किसी भी चूक के लिए वह माफी मांगते है। वह उसमें भविष्य में सुधार करेंगे। योजना के तहत, दिल्ली सरकार इस यात्रा का पूरा खर्च उठाती है, जिनमें वातानुकूलित डिब्बे में ट्रेन यात्रा, यात्रा के दौरान ठहरने, भोजन और अन्य इंतजाम आदि शामिल हैं।

### प्रो. योगेश ने डूसू पदाधिकारियों को किया सम्मानित



**नई दिल्ली।** दिल्ली विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. योगेश सिंह की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में नवनिर्वाचित डूसू पदाधिकारियों को सम्मानित किया गया। बैठक के दौरान डूसू अध्यक्ष तुषार डेढ़ा, सचिव अपराजिता और संयुक्त सचिव सचिन बैसला, को सम्मानित किया। डूसू के नवनियुक्त उपाध्यक्ष अभि दहिया स्वास्थ्य कारणों से बैठक में भाग नहीं ले सके। कुलपति ने नवनिर्वाचित डूसू पदाधिकारियों को विद्यार्थियों की बेहतरी तथा विश्वविद्यालय की प्रगति में योगदान देने के लिए भी प्रेरित किया।

### कविताओं से श्रोताओं को गुदगुदाया



**नई दिल्ली।** मुनिरका स्थित राष्ट्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण संस्थान में हिंदी कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस सम्मेलन में प्रतिष्ठित कवियों शंभू शिखर, उपेंद्र पांडे और डॉ. गणेश श्रीवास्तव 'ऋषि' ने अपनी कविताओं से श्रोताओं को खूब गुदगुदाया। इस अवसर पर संस्थान के निदेशक प्रोफेसर धीरज शाह ने हिंदी के कुछेक बड़े कवियों को उद्धृत करते हुए श्रोताओं को संबोधित किया। उन्होंने कहा संस्थान में हिंदी गतिविधियों के अंतर्गत कवि सम्मेलन का आयोजन प्रारंभ करना एक महत्वपूर्ण शुरुआत है। कविता मनुष्य की भावनाओं की अभिव्यक्ति का एक सशक्त माध्यम होती है, कविता के माध्यम से मनुष्य के व्यवहार का परिष्कार भी होता है।संवेदनशील कवि डॉ. गणेश श्रीवास्तव 'ऋरूिर' ने गीत-गजल एवं सामाजिक सरोकारों से जुड़ी संवेदनशील रचनाएं सुनाकर श्रोताओं का मन मोह लिया। वीर रस के जनप्रिय कवि उपेंद्र पांडे ने ओज और शौर्य की कविताएं सुना कर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. मोनिका सैनी ने अत्यंत रचनात्मक ढंग से किया। धन्यवाद ज्ञापन संकाय प्रभारी डॉ. अंकुर यादव ने दिया।

# केजरीवाल ने सीबीआई जांच का किया स्वागत

● बोले-पूर्व की तरह इस जांच में भी कुछ नही निकलेगा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने सीएम आवाज की मरम्मत में कथित अनियमितता की केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा दर्ज पीई (प्रारंभिक जांच) का बृहस्पतिवार को स्वागत किया। उन्होंने साथ ही जोर देकर कहा कि इस जांच में कुछ भी नहीं निकलेगा, क्योंकि कुछ भी गलत नहीं हुआ है।

सीबीआई की कार्रवाई पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए केजरीवाल ने मीडिया से बातचीत में कहा, प्रधानमंत्री घबराए हुए हैं। यह उनकी घबराहट को प्रदर्शित करती है। मेरे खिलाफ जांच में कुछ भी नया नहीं है। अबतक पिछले आठ साल में मेरे खिलाफ 50 से अधिक जांच की गई है।



कहा जाता है कि केजरीवाल ने स्कूल निर्माण में घोटाला किया है, बस घोटाला किया, शराब घोटाला, सड़क घोटाला, जल घोटाला और बिजली घोटाला किया है। मैंने शायद दुनिया में सबसे अधिक संख्या में जांच का सामना किया है। इस नई जांच का स्वागत है। पूर्व के मामलों में कुछ नहीं निकला और इस मामले में भी कुछ नहीं निकलेगा। आप को क्या मिलेगा जब कुछ गलत हुआ ही नहीं है। इससे पहले भाजपा सांसद मनोज तिवारी ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि सीबीआई जांच में केजरीवाल के आवास की निविदा प्रक्रिया से संबंधित तथ्यों का भी खुलासा हो जाएगा। केजरीवाल ने कहा, चौथी पास राजा से और क्या उम्मीद की जा सकती है। वह 24 घंटे केवल जांच-जांच का खेल खेलते हैं या भाषण देते हैं। कोई काम नहीं करते। वह चाहते हैं कि मैं उनके सामने झुकूं, लेकिन मैं उनके सामने नहीं झुकेंगे,चाहे वे कितनी भी फर्जी जांच करा लें या मेरे खिलाफ मुकदमा दर्ज करवा दें। दिल्ली के मुख्यमंत्री ने कहा, मैं उन्हें चुनौती देता हूं कि अगर पूर्व की जांच की तरह इस जांच में भी कुछ नहीं मिला तो क्या वह फर्जी जांच कराने के लिए इस्तीफा देंगे।

# मुख्यमंत्री खुद को पीड़ित बताकर सहानुभूति बटोर रहे हैं : सचदेवा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

● हर जांच में सबूत मिले हैं और यही कारण है कि आप के दो मंत्री जेल में हैं : भाजपा

भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा है कि केजरीवाल को यह समझ आ गया है कि जेल जाने में मनीष सिसोदिया और सत्येंद्र जैन के बाद अब उनका नंबर है इसलिए वह घबराए हुए हैं और बेतुके बयान देकर लोगों को भ्रमित करने की कोशिश कर रहे हैं।

दिल्ली वाले केजरीवाल के पुराने डायलॉग को समझ चुके है कि जांच में कुछ नहीं मिलेगा। इसलिए वह अब विक्टिम कार्ड खेलना बंद करें। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने कहा है केजरीवाल को लगता है की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ बोलने से उन्हें जनसमर्थन मिलता है पर उन्हें समझना चाहिए की जितनी बार वह प्रधानमंत्री के विरूद्ध मुंह खोलते हैं अपना बचे कुचे जनसमर्थन में भी खोते हैं।

भाजपा ने जितने भी आरोप लगाए हैं और उनमें जब भी जांच हुई है तो हर जांच में भ्रष्टाचार के सबूत मिले हैं और इसी का परिणाम है कि आज सत्येंद्र जैन और मनीष सिसोदिया जेल में बंद हैं।

# मुखर्जी नगर अग्निकांड मामले में पेइंग गेस्ट मालिक पर केस दर्ज

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

● 35 लड़कियों को सुरक्षित निकाला गया था




उत्तर पश्चिम दिल्ली के मुखर्जी नगर इलाके में महिलाओं के लिए पेइंग गेस्ट (पीजी) आवास के मालिक के खिलाफ दिल्ली पुलिस ने मामला दर्ज किया है। इस पीजी आवास में बुधवार शाम को आग लग गई थी और एक चार साल की बच्ची सहित 35 लोगों को बचाया गया था।

पुलिस उपायुक्त ने बताया कि अस्पताल में भर्ती कराए गए पांच लोग खतरे से बाहर हैं और उन्हें जल्द ही छुट्टी दे दी जाएगी। पीजी आवास के मालिक के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 336, 337 (अविवेकपूर्ण या लापरवाही से किया गया कार्य जिससे मानव जीवन या दूसरों की व्यक्तिगत सुरक्षा को खतरा हो), 338 (दूसरों के जीवन या व्यक्तिगत सुरक्षा को खतरे में डालकर गंभीर चोट पहुंचाना), 34 (साझा इरादा) के तहत मामला दर्ज किया है। आग लगने की सूचना पर दमकल विभाग ने घटनास्थल के लिए दमकल की 20 गाड़ियां भेजी थीं, लेकिन यातायात जाम और संकरी गलियों के कारण केवल आठ ही मौके पर पहुंच सकीं। दिल्ली पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि पीजी आवास में रहने वाली सभी महिलाओं को सुरक्षित निकाल लिया गया और घटना में कोई हताहत नहीं हुआ है।

# प्रो. ए के भागी फिर बने डूटा अध्यक्ष

● डेमोक्रेटिक यूनाइटेड टीचर्स अलायंस के आदित्य मिश्रा को हराया

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



दिल्ली विश्वविद्यालय शिक्षक संघ (डूटा) के अध्यक्ष पद के चुनाव का परिणाम घोषित दिया गया।

राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ समर्थित नेशनल डेमोक्रेटिक टीचर्स फ्रंट (एनडीटीएफ) के उम्मीदवार प्रो. एके भागी ने डेमोक्रेटिक यूनाइटेड टीचर्स अलायंस (डीयूटीए) के आदित्य नारायण मिश्रा को हराकर डूटा के अध्यक्ष पद पर कब्जा बरकरार रखा। भागी को 4,182 मत और मिश्रा को 3,787 मत मिले। बुधवार को हुए मतदान में 9,500 पात्र मतदाताओं में से कुल 8,187 ने अपने मताधिकार का उपयोग किया था।

# स्कूल में गंदगी देख भड़की आतिशी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

शिक्षा मंत्री आतिशी ने निजामुद्दीन स्थित एमसीडी स्कूल परिसर चारो तरफ गंदगी देखकर भड़क गई। स्कूल में हर जगह गंदगी का अंबार है, दीवारें और फर्श धूल से अटी पड़ी है। क्लासरूम से शिक्षक नदारद है।

स्कूल की इस दशा की देखकर शिक्षा मंत्री आतिशी ने स्कूल प्रमुख को फटकार लगाते हुए कहा कि स्कूल में साफ-सफाई से जुड़ी सभी समस्याओं को सप्ताह भर में ठीक किया जाए। आतिशी ने गुरुवार को स्कूल का औचक निरीक्षण किया और वहां की बदहाली देखकर नाराज हुई। शिक्षा मंत्री ने कहा कि स्कूल में सफाई की बदतर स्थिति यहां पढ़ने वाले बच्चों के भविष्य के प्रति स्कूल प्रशासन के असंवेदनशील रवैये को दर्शाती है जिसकी हमारी सरकार में कोई जगह नहीं है। उन्होंने स्कूल के रखरखाव में लापरवाही और गंदगी को लेकर स्कूल प्रमुख को एक सप्ताह का अल्टीमेट देते हुए कहा कि वो स्कूल की समस्याओं को दूर करे वरना निलंबन के लिए तैयार रहे।

शिक्षा मंत्री के निरीक्षण के दौरान क्लासरूम से शिक्षक नदारद दिखे। वहीं शिक्षा मंत्री ने पाया कि स्कूल के हर कोने में गंदगी का अंबार है, चारों ओर कूड़ा फैला हुआ है।

स्कूल में टूटी डेस्क का कबाड़ खाने की तरह ढेर लगा हुआ है, बच्चों के लिए पीने के पानी की भी पर्याप्त व्यवस्था नहीं है।

### मोबाइल टावर लगाए जाने पर एमसीडी को नोटिस

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) ने दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के आयुक्त को नोटिस जारी कर सरिता विहार पार्क में एक मोबाइल टॉवर लगाए जाने के सिलसिले में रिपोर्ट मांगी है।

अधिकरण एक स्थानीय संगठन की याचिका पर सुनवाई कर रहा है जिसमें कहा कि सरिता विहार पॉकेट ए के समीप के पार्क में एक मोबाइल टावर लगाया गया है।

संगठन ने दावा किया कि यह टावर बुजुर्गों एवं छोटे बच्चों के स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है। आरोप है कि टावर के कारण बच्चे खेल नहीं पाएंगे तथा अन्य लोग पार्क में नहीं जा पाएंगे।

# राजधानी को सुंदर बनाने का काम शुरू

● पीडब्ल्यूडी ने मध्य दिल्ली में तीन फव्वारे और एक मूर्ति लगाने के लिए निविदा जारी की

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

जी-20 शिखर सम्मेलन के लिए दिल्ली के कई इलाकों को सजाने-संवारने के बाद, राज्य सरकार के लोक निर्माण विभाग ने राष्ट्रीय राजधानी के शेष हिस्सों के सौंदर्यीकरण के लिए काम शुरू कर दिया है।

विभाग ने मध्य दिल्ली में तीन फव्वारे और एक मूर्ति लगाने के लिए निविदा जारी की है। परियोजना की अनुमानित लागत 44.95 लाख रुपए है। लोक निर्माण विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि ये फव्वारे लुडलो कैसल रोड, चंदगी राम अखाड़े की लाल बत्ती के निकट और बहादुर शाह जफर मार्ग पर लगाए जाएंगे। लाल किले के पीछे रिंग रोड पर एक छतरी बनेगी, जबकि प्रतिमा इंदिरा गांधी स्टेडियम के निकट स्थापित की जाएगी। यह प्रतिमा शहर में लोगों के स्वागत का प्रतीक होगी।

दिल्ली के शेष हिस्सों को सुंदर बनाने संबंधी शहर सरकार के प्रयासों के तहत ए कदम उठाए जा रहे हैं। अधिकारी ने कहा, जी20 शिखर सम्मेलन के मद्देनजर, मध्य और नई दिल्ली के कुछ हिस्सों में कई फव्वारे और मूर्तियां स्थापित की गई थीं। इसी तरह, मध्य दिल्ली के अन्य हिस्सों में भी ऐसे कार्य किए जाएंगे।

हम इन हिस्सों से शुरुआत कर रहे हैं क्योंकि उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने इन बिंदुओं के सौंदर्यीकरण का आदेश दिया है। अधिकारियों ने बताया कि विभाग ने शिखर सम्मेलन के लिए दिल्ली में 49 प्रतिमाएं स्थापित कीं। 20 नामित क्षेत्रों में 109 फव्वारे लगाए गए थे। इस महीने की शुरुआत में दिल्ली के मंत्रियों आतिशी और सौरभ भारद्वाज ने घोषणा की थी।

# ऑक्सीजन बढ़ाने के लिए लगाए गए बांस के पौधे : एलजी

## वन विभाग 2.9 लाख और डीडीए ने लगाए 25, हजार पौधे, जिसमें यमुना तट पर विकसित किया गया बांसेरा भी शामिल है

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



वातावरण में घुल रहे जहर यानी वायु प्रदूषण को कम करने की लगातार कवायद की जा रही है। शहर की आबोहवा को बेहतर बनाने के लिए उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने बैंबू थीम पार्क 'बांसेरा' की नींव रखी थी। साथ ही दिल्ली के अलग-अलग जगहों पर लगभग 3.15 लाख बांस के पेड़ लगाए गए हैं। जिनमें वन विभाग द्वारा 2.9 लाख और डीडीए द्वारा 25,000 पौधे लगाए गए हैं। जिसमें यमुना तट पर विकसित किया गया बांसेरा भी शामिल था।


उपराज्यपाल ने वातावरण में ऑक्सीजन की वृद्धि के लिए शहर में लगाए गए बांस को एक अभिनव उपाय के रूप में प्रदर्शित किया है। जिसे उत्तरी क्षेत्रीय परिषद की गत दिनों हुई बैठक में दिल्ली द्वारा अपनाए गई बेहतर कार्यप्रणाली और नवाचारों में पड़ोसी राज्यों द्वारा गहरी रुचि दिखाई गई। इससे सीमेंट और कागज उद्योग द्वारा ईंधन के रूप में आरडीएफ का उपयोग, भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा निष्क्रिय और सी एंड डी अपशिष्ट का निर्माण, भराव सामग्री के रूप में उपयोग किए जाने के बारे में भी जानकारी दी। हाल ही में अमृतसर में संपन्न उत्तरी क्षेत्रीय परिषद की 31वीं बैठक में उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने हाल के दिनों में दिल्ली में उठाए गए कदमों जिनमें उन्नत तरीकों और बेहतर कार्यप्रणाली शामिल थी, पर एक प्रेजेंटेशन दिया। सक्सेना, जो लंबे समय से चली आ रही समस्याओं जैसे यमुना के प्रदूषण, नगर निगम के ठोस अपशिष्ट के लिए डंपिंग साइट और सड़क के बुनियादी ढांचे के समाधान को लेकर कई बार हस्तक्षेप करते रहे हैं, ने वहां एकत्रित मुख्यमंत्रियों, उपराज्यपालों, राज्यपाल और केंद्रीय गृह मंत्री के सामने अभिनव उपायों के दूरगामी प्रभावों के बारे में जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि लगभग 3.15 लाख बांस के पेड़ राष्ट्रीय राजधानी में लगाए गए थे, जिसमें यमुना तट पर विकसित किया गया बांसेरा भी शामिल था। उपराज्यपाल ने कहा कि बांस के पेड़ जो कि अन्य पौधों की प्रजातियों की तुलना में 30 प्रतिशत अधिक ऑक्सीजन उत्सर्जित करते हैं, कम पानी की खपत करते हैं और जल स्तर को बढ़ाने में मदद करते हैं। विशेषज्ञों को दिल्ली के वातावरण में बांस के पेड़ों के विकास में संदेह होने के बावजूद ये पेड़ पिछले 8 महीनों के दौरान 10-20 फीट तक ऊंचे हो गए हैं। जबकि दिल्ली अन्य राज्यों से आयातित वायु प्रदूषण से पीड़ित थी। इस पहल से शहर के माहौल को पुनर्जीवित और नवीनीकृत करने में मदद मिली है।

इसी तरह, नजफगढ़ ड्रेन और यमुना को साफ करने के प्रयासों के रूप में, नाले और नदी में जमे हजारों टन गाद और कचरे को काटने और उसके निपटान के लिए Partial Gravitational De-Silting जैसे नए उपाय का इस्तेमाल किया गया जो बेहद लागत प्रभावी था। इसके अलावा जलकुंभी को छोटे टुकड़ों में काटने के लिए रोटर ब्लेड वाली मोटर नौकाओं का उपयोग किया गया, जिन्हें कन्वेयर बेल्ट का उपयोग करके सीधे ट्रकों में लोड किया जाता और बाद में नाले नदी के किनारे मिट्टी के नीचे डाल दिया जाता था, जहां वे प्राकृतिक खाद के रूप में बदल जाती थी। उपराज्यपाल ने बताया कि लैंडफिल साइटों पर जमा कचरे के निपटान के लिए आरडीएफ कचरे को सीमेंट और कागज उद्योग को उनके बॉयलर और संयंत्रों के लिए ईंधन के रूप में बेचा गया था। राजस्थान और पश्चिमी यूपी के इन उद्योगों ने आरडीएफ उठाने के लिए दिल्ली नगर निगम को प्रति टन 100 रुपये का भुगतान करना शुरू किया था, जबकि पहले एमसीडी इस आरडीएफ को लेने के लिए लगभग 2500 रुपये का भुगतान कर रही थी। इसको शुरू करने से पहले, उपराज्यपाल ने आरडीएफ के सकल कैलोरी मान की गणना की थी और एक बार जब यह पता चला कि यह मूल्य कोयले से अधिक था, तो उसे इन उद्योगों को सस्ते ईंधन के रूप में पेश किया गया जो कोयले की जगह ले सकता था।

# अपनी विरासत को पहचाने और संजोने का काम करें : सान्याल

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार समिति के सदस्य संजीव सान्याल ने कहा कि भारत के पास विश्व को देने के लिए काफी कुछ है। यह वक्त है कि हम अपनी महान और गर्व करने लायक विरासत को पहचानें और उसे संजोने और सामने लाने का काम करें। वह दिल्ली विश्वविद्यालय के श्यामलाल कॉलेज में एक अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे।

'इंटरनेशनल बिजनेस एंड इकोनॉमिक्स ऑफ सप्तसिंधु -अ हिस्टोरिकल ट्रांसफॉर्मेशन एंड ग्लोबल इम्पैक्ट' विषय पर आयोजित तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में देश-विदेश के और विभिन्न अनुशासनों के विद्वानों ने श्रोताओं के सामने अपने विचार साझा किए। सम्मेलन कॉलेज के प्राचार्य, प्रो रबि नारायण कर, प्रो कुशा तिवारी (निदेशक आईक्यूएसी एवं आईकेएस) प्रो रुचिका रमाकृष्णन (निदेशक), डॉ मुक्ता रोहतगी (संयोजक) के सक्षम और उत्साहवर्धक नेतृत्व में सफलतावूर्वक आयोजित किया गया।

इस सम्मेलन में प्रो. मुनीम बराई, स्वामी श्यामानंद, प्रो. वीके कॉल, प्रो. पीके मिश्र डॉ. एसपी शर्मा, प्रो. श्रीनिवास वरखेदी, डॉ जयंत उपाध्याय, प्रो. किरण हजारिका, प्रो. जीपी सुधाकर, प्रो. रजनीश कुमार मिश्र, प्रो. एमएस सेनम राजू, प्रो. नीति भसीन आदि विचार रखे।

# भौली भौली सूरत दादा समाधवाले की, लागै स घणी प्यारी...

## सुण्डाणा धाम में दादा समाधवाले की स्मृति में जागरण व भंडारे का आयोजन

पायनियर समाचार सेवा। रोहतक

**जिले** के गांव सुण्डाना में वामन द्वादशी के शुभ अवसर पर सुण्डाणा एवं जेठपुर के श्रद्धालुओं द्वारा हर वर्ष की भांति दादा समाधवाले की स्मृति में जागरण एवं भंडारे का आयोजन किया गया। जागरण में कलाकारों ने दादा समाधवाले व बाबा गिरनारी की महिमा का गुणगान किया।

कलाकारों ने भौली भौली सूरत दादा समाधवाले की, लागै स घणी प्यारी, भक्तों के प्यारे दादा सबके मन को भागै, भक्ता म छागै दादा समाधवाले, भक्ता म छागै, बल्ले बल्ले मौज फकीरा की, फकीरा की रै पीरा की, बल्ले बल्ले मौज फकीरा की, श्रीराम नाम का सुमिरन करलै, पार हो ज्यागा, तेरी भीड़ पड़ी मै साथी पवन कुमार हो ज्यागा, जननी चीज बड़ी अनमोल, इसका नहीं हैं कोई मोल जैसे भजनों से कलाकारों ने दादा समाधवाले की महिमा का गुणगान किया।



दादा समाध वाले की स्मृति में आयोजित जागरण में भजनों पर नृत्य करते कृष्ण बने कलाकार।

उल्लेखनीय है कि दादा समाधवाले की स्मृति में हर वर्ष जागरण एवं भंडारे का आयोजन होता है। रात्रि जागरण में बुजुर्ग दीपचंद भट्टी ने दादा समाधवाले की ज्योत प्रज्वलित की और दादा समाधवाले से पूरे परिवार की सुख समृद्धि की कामना की। बवानीखेड़ा से आए कलाकार बबलू राठी ने गणेश वंदना से जागरण की शुरुआत की। इसके बाद बबलू राठी ने- भौली भौली सूरत दादा समाधवाले की, लागै सै घणी प्यारी रै, भक्तों के प्यारे दादा सबके मन को भागै, भक्ता मै छागै दादा समाध वाले...भजन सुनाया।

कलाकार सुदेश हिसार ने गुरुजी मनै बाहर काड लै हो, मनै हो लिए बारह साल...की सुंदर प्रस्तुति दी। मां की महिमा का सारंगपुर से आए कलाकार रघुबीर लांबा ने गुणगान किया। इसके बाद दादा समाधवाले की याद में हवन का आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालु बुजुर्ग, महिला, पुरुष व बच्चों ने आहुति डालकर दादा समाध वाले से परिवार की सुख समृद्धि की कामना की। जागरण में कलाकारों ने शिव पार्वती, श्रीकृष्ण राधा सहित अनेक मनमोहक झांकियों की प्रस्तुति दी। सुमित फौजी, कलाकार सतनाम माजरा ने भी भजनों का रसपान कराया। इस मौके पर दीपचंद भट्ठी, महाबीर भट्ठी, दिलबाग सिंह, महेंद्र भट्ठी, रामफल, रविंद्र गिलासी, मामचंद, रामकिशन, राजकुंवार, रामनिवास, राजेश भट्ठी, करतार सिंह, राकेश भट्ठी, ललित लोकेश, केशव कृष्ण, मनजीत, राहुल, सुमित सहित सुण्डाणा व जेठपुर गांव से अनेक श्रद्धालुगण मौजूद रहे।

# नशा रोकने के हरियाणा में हुक्का बार पर पूरी तरह से प्रतिबंध

## सीएम मनोहर लाल के आदेश पर की गई है कार्रवाई


संजय कुमार मेहरा। गुरुग्राम

**नशे** पर चोट करते हुए गुरुग्राम समेत पूरे हरियाणा में हुक्का बार पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगा दिया गया है। मुख्यमंत्री मनोहर लाल के आदेशों पर अब आबकारी विभाग भी सख्त हो गया है। विभाग की ओर से हुक्का बारों पर कार्रवाई करने के लिए टीमें बना दी गई हैं। अब सभी पब, बार की जांच की जाएगी। अगर कहीं भी हुक्का बार चलता दिखाई दिया तो खैर नहीं होगी।

नशीली चीजों की बिक्री पर प्रतिबंध के लिए प्रदेश सरकार की ओर से कार्रवाई की जा रही है। सरकार नशा ना करने के प्रति जहां जागरुकता अभियान चला रही है, वहीं नशा बेचने वालों के खिलाफ सख्ती भी दिखा रही है। इस कड़ी में सरकार ने हुक्का बारों पर पूरी तरह से रोक लगा दी है। गुरुग्राम समेत पूरे हरियाणा में मुख्यमंत्री मनोहर लाल के सख्त आदेश हैं कि इन पर प्रतिबंध में कोई कोताही ना हो। मुख्यमंत्री के आदेशों के बाद अब गुरुग्राम का आबकारी विभाग सक्रिय हो गया है। विभाग की ओर से जिला के सभी रेस्तराओं, पब और बार को आदेश जारी करके कहा गया है कि किसी भी कीमत पर हुक्का बार चलाने की अनुमति नहीं है। अगर कोई चोरी-छिपे यह काम करता है तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी। किसी को भी हुक्का रखने, हुक्के का प्रयोग करने की सख्त मनाही है।



हुक्का बार में हुक्का पीती एक युवती। सांकेतिक तस्वीर।



उप-आबकारी आयुक्त अमित भाटिया का कहना है कि गुरुग्राम में कुल 270 पब, बार हैं। काफी संख्या होटलों, रेस्तराओं की भी है। काफी जगह पर हुक्का बार चलाए जाते हैं। काफी पब, बार शहर के वेस्ट जोन में हैं। 270 में से 81 पब, बार वेस्ट जोन में हैं। प्राथमिक तौर पर इनमें चेकिंग के लिए आबकारी विभाग की ओर से छह टीमें गठित की गई हैं। ईस्ट जोन में संचालित किए जा रहे 190 पब, बार को भी सख्त हिदायत जारी करके कहा गया है कि वे हुक्का बार जैसे क्रियाकलापों को संचालित ना करें। सरकार की सीधी नजर है। अगर कहीं पर भी ऐसा होता पाया गया तो सख्त कार्रवाई की जाएगी।

**युवाओं में हुक्का बार के प्रति दीवानगी** : गुरुग्राम जैसे-जैसे विकसित होता गया है, जैसे-जैसे यहां मॉल संस्कृति बढ़ी है, वैसे ही यहां के युवाओं में पाश्चात्य संस्कृति हावी हो गई है। अब यहां युवक-युवतियां मॉल संस्कृति के चलते खुलेआम नशा, स्मोकिंग करते हैं। यहां तक कि हुक्का-बार आदि में भी इन युवाओं की अच्छी-खासी संख्या देखी जा सकती है। कारपोरेट कार्यालयों में स्मोकिंग आदि खुलेआम करना वहां की अपनी संस्कृति बन गई है। ऐसे में युवाओं को सही मार्ग पर लाने, उनकी ऐसे नशों की आदत को छुड़ाने के लिए सरकार ने कदम बढ़ाया है।

# श्री दुर्गा रामलीला के लिए जैकबपुरा में हुआ भूमि पूजन



श्रीदुर्गा रामलीला जैकबपुरा में भूमि व मंच पूजन करते कमेटी के पदाधिकारी व कलाकार।

प्रवीन शर्मा। गुरुग्राम

**श्री दुर्गा** रामलीला कमेटी की ओर से गुरुवार को इस साल की रामलीला के मंचन के लिए पूर्ण विधि-विधान से जैकबपुरा स्थित रामलीला स्थल पर भूमि, मंच पूजन किया गया। इसी के साथ ही रामलीला का मंच बनाने का भी काम शुरू हो गया।

श्री दुर्गा रामलीला के चेयरमैन बनवारी लाल सैनी एव प्रधान कपिल सलूजा (लवली) ने बताया कि भूमि पूजन के साथ ही रामलीला की तैयारियां और जोरो से शुरू हो गई हैं। आगामी 13 अक्टूबर से रामलीला का मंचन शुरू होगा। जैसे-जैसे रामलीला की यह तारीख निकट आएगी, वैसे-वैसे तैयारियों को और तेज कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस वर्ष रामलीला में मनमोहक संवाद के माध्यम से झाकियां भी दिखाई जाएगी। रामलीला कमेटी के निर्देशक अशोक सौदा व गोपाल जलिंद्रा, रामलीला के महासचिव अशोक प्रजापति ने बताया कि दिन में ड्यूटी, कार्यालय, व्यापार से फ्री होकर कलाकार देर रात तक हुनरमंद बन रहे हैं। राम लीला का मंचन करने के लिए कड़ा अभ्यास कर रहे हैं। दूसरी तरफ प्रबंधन समिति भी दिन-रात एक करके तैयारियों में जुटा है। रामलीला कमेटी के मीडिया प्रभारी राज सैनी बिसरवाल ने बताया कि इस वर्ष भी दर्शकों को रामलीला का सीधा प्रसारण फेसबुक, यूट्यूब के माध्यम से दिखाया जाएगा। इसी तरह आप इंस्टाग्राम पर भी रामलीला के बेहतरीन संवाद देख सकते है। जिसके लिए कलाकार दिन-रात हुनरमंद बनकर राम लीला का मंचन करने के कड़ा अभ्यास कर रहे हैं।

# नवरात्र मेले के लिए शीतला माता मंदिर परिसर को दिया जाएगा भव्य रूप

**गुरुग्राम।** अश्विन नवरात्रों के अवसर पर गुरुग्राम के प्रसिद्ध धाम श्री शीतला माता मंदिर परिसर में आने वाले श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए। मेले के दौरान यहां की सफाई व्यवस्था और लोगों की सुरक्षा का विशेष ध्यान रखा जाए। यह बात शीतला माता मंदिर बोर्ड के मुख्य प्रशासक व डीसी निशांत कुमार यादव ने नवरात्र मेला की तैयारियों को लेकर अधिकारियों की बैठक को संबोधित करते हुए कही।

उन्होंने कहा कि मंदिर परिसर के साथ-साथ पार्किंग स्थल पर भी सफाई का पूरा ध्यान रखा जाए। इसके लिए नगर निगम की ओर से अलग-अलग साइटों पर आठ घंटे की ड्यूटी बांट कर सफाई कर्मचारियों को तैनात रखा जाए। उन्होंने कहा कि शौचालयों की पूरी सफाई रखी जाए। बैठक में मंदिर बोर्ड के सदस्यों ने मेला प्रबंधन को लेकर अपने-अपने सुझाव मुख्य प्रशासक के सामने रखे। सदस्यों के सुझाव सुनने के बाद डीसी ने परिवहन विभाग के अधिकारियों को कहा कि मेले में श्रद्धालुओं के आवागमन के लिए मिनी बसें चलाई जाएं। जिन पर मेला बसें होने का बोर्ड भी लगा होना चाहिए। उन्होंने एसीपी नवीन कुमार व एसीपी ट्रैफिक सुखबीर सिंह को निर्देश दिए कि 15 से 23 अक्टूबर तक जारी रहने वाले इस धार्मिक आयोजन के दौरान अतिरिक्त पुलिस बल की यहां तैनाती की जाए। मेले के दौरान गुमशुदा की तलाश में आम जन को सूचना देने के लिए तीन स्थानों पर माइक लगाया जाएगा। डीसी ने कहा कि मेला परिसर को सुंदर बनाने के लिए यहां सुंदर लाईटें लगाई जाएं, स्वागत द्वार बनाए जाएं और जगह-जगह बड़े डिस्पले बोर्ड लगाए जाने चाहिए। डीसी निशांत कुमार यादव ने कहा कि मंदिर प्रांगण में स्वास्थ्य विभाग की ओर से 24 घंटे चिकित्सा सेवा मुहैया करवाई जाए। बोर्ड सदस्यों के कहने पर डीसी ने बोर्ड के सीईओ व पटौदी के एसडीएम प्रदीप सिंह को निर्देश दिए कि मंदिर की डिस्पेंसरी को बाहर स्थापित कर दिया जाए, जिससे कि किसी श्रद्धालु की अचानक तबियत खराब हो जाए तो उसे स्वास्थ्य सेवा को लेकर परेशानी ना आए। उन्होंने कहा कि मेले के दौरान बिजली-पानी का पूरा प्रबंध रहना चाहिए।



गुरुग्राम के श्री शीतला माता मंदिर परिसर में नवरात्र मेला की तैयारियों को लेकर अधिकारियों की बैठक को संबोधित करते डीसी निशांत कुमार यादव।

# नागरिक अस्पताल में लगा एक दिवसीय आर्युवैदिक कैंप में 205 लोगों ने उठाया लाभ

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**स्थानीय** नागरिक अस्पताल में लगा एक दिवसीय आर्युवैदिक कैंप में 205 लोगों ने अपनी बीमारियों का उपचार लिया। कैंप में आने वाले रोगियों को योग के माध्यम से रोग भागने के तरीके व सुझाव दिए गए। ताकि रोगी अपनी बीमारी से जल्द से जल्द छुटकारा पाने के लिए होम्योपैथिक व आर्युवैदिक दवाइयों के माध्यम से पा सके।

गुरुवार को स्थानीय नागरिक अस्तपाल परिसर में पौषण माह के तहत कैंप लगाया गया। जिसका उद्देश्य लोगों को एलोपैथिक दवाइयों से बचने के लिए आयुर्वेधिक व होम्योपैथिक दवाइयों का उपयोग करते हुए अपने शरीर को निरोग बनाए। क्योकि आर्युवैदिक व होम्योपैथिक दवाइयां शरीर के अंदर पनप रही जाने लेवा बीमारियों से बचा सके। इस कैंप का उद्घाटन जिला आर्युवैदिक अधिकारी डॉक्टर मंजू बांगड़ ने रिबन काटकर किया। इस शिविर में 205 रोगी अपना उपचार कराने के लिए पहुंचे।



गुरुवार को सोहना के नागरिक अस्पताल में आर्युवैदिक विंग के माध्यम से लगाया गया कैंप।

इस अवसर पर डॉक्टर मंजू बांगड़ ने रोगियों को बताया कि एलयोपैथिक दवाइयों से उपचार नहीं राहत मिलता है। यें दवाइयां रोगी के अंदर चल रही बीमारियों को देर से ही सही लेकिर उनको जड़ से समाप्त करती है। इनके माध्यम से किसी प्रकार की चिड़फाड़ नहीं की जाती है। लेकिन रोगी को सही समय पर सही उपचार मिलता है। डॉक्टर कुलभूषण ने बताया कि आर्युवैदिक व होम्योपैथिक नियम से उपचार लेने वालों ने केंसर तक की जान लेवा बीमारी को बॉय-बॉय बोल जाती है। इस कैंप में दवाइयां भी रोगियों को फ्री में दी गई।

# गुरुग्राम में फर्जी जीपीए तैयार करके एनआरआई व्यक्ति की 40 करोड़ की जमीन हड़पी

## 15 कनाल 2 मरला जमीन को 6.6 करोड़ में खरीदने की बात कहकर कराई जीपीए

## आरोपियों की मदद करने में शामिल पुलिस का एसआई भी गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**मिलेनियम** सिटी गुरुग्राम में एक एनआरआई व्यक्ति की करीब 40 करोड़ रुपये की 15 कनाल 2 मरला जमीन के फर्जी कागजात तैयार करके उसकी रजिस्ट्री कराने का भंडाफोड़ हुआ है। इस मामले में पुलिस के एक एसआई समेत 5 लोगों की गिरफ्तारी की गई है। संभवत: गुरुग्राम में अब तक की यह एक ही व्यक्ति की जमीन के फर्जी वाड़े में सबसे बड़ा फर्जीवाड़ा है। आरोपियों ने इस 40 करोड़ की जमीन को मात्र 6.6 करोड़ रुपये में खरीदना दिखाकर जीपीए तैयार करवा ली।

जानकारी के अनुसार एक मार्च 2022 को पूर्ण मनचन्दा नाम व्यक्ति ने पुलिस आयुक्त गुरुग्राम को शिकायत दी थी कि कुछ लोगों ने एसपीआर रोड स्थित गांव बेगमपुर खटोला जिला गुरुग्राम में उनकी जमीन के फर्जी कागज तैयार करके उन्हें पंजीकृत कराया है। उनकी करोड़ों की जमीन को हड़प लिया है। इस शिकायत पर गुरुग्राम पुलिस ने जांच की और 16 मार्च 2022 को आरोपियों के खिलाफ थाना बादशाहपुर में विभिन्न धाराओं में केस दर्ज किया।

**एसआईटी की जांच में पता चला रिकॉर्ड रजिस्टर से फाड़ा गया पेज** : वर्तमान पुलिस आयुक्त विकास कुमार अरोड़ा ने इस केस में एक एसआईटी गठित की व एसआईटी को इस केस से संबंधित दस्तावेज, आरोपियों के बारे में जानकारी एकत्रित करने के दिशा-निर्देश दिए। एसआईटी द्वारा जीपीए के रिकॉर्ड की असल बही व जीपीए के रिकॉर्ड रजिस्टर की जांच की तो जीपीए के रिकॉर्ड रजिस्टर का वह पेज फटा मिला, जिसमें इस जमीन की जीपीए का इंद्राज किया गया था।

भीम राठी | सुभाष चंद | संजय गोस्वामी | टोनी

**एसआई समेत पांच आरोपियों को किया है गिरफ्तार** : एसआईटी ने कार्यवाही आगे बढ़ाते हुए चार आरोपियों को इस केस में गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों की पहचान सुभाष चंद निवासी गांव टोडापुर हेलीमंडी जिला गुरुग्राम, टोनी निवासी गांव टोडापुर, संजय गोस्वामी रिकॉर्ड कीपर तहसील कालकाजी दिल्ली व गुरुग्राम के सूर्य विहार निवासी भीम सिंह राठी के रूप में हुई है।

आरोपियों ने पूछताछ में अपना अपराध भी कबूल कर लिया है। इनमें से आरोपी सुभाष चंद ने कहा है कि वह एनआरआई व्यक्ति को जानता था। वह अधिकतर विदेश में रहते हैं। ऐसे में उनकी जमीन को हड़पने की योजना बनाई। आरोपी सुभाष ने अपने भतीजे एडवोकेट टोनी को कहा कि यदि इस जमीन के कागजात अपने नाम हो जाएं तो अच्छा मुनाफा हो सकता है। योजनानुसार सबसे पहले सुभाष चन्द द्वारा जमीन का सजरा, मुटेशन व सेलडीड इत्यादि दस्तावेज हासिल की गई। टोनी ने कालकाजी तहसील में अपनी जान-पहचान का फायदा उठाकर रिकॉर्ड रूम में अस्थायी कर्मचारी संजय से मिला। अक्टूबर-2021 में संजय ने टोनी को वर्ष-1996 की असल बही दे दी। इसके बाद फर्जी जीपीए तैयार की गई और फर्जी जीपीए की कॉपी वर्ष 1996 की असल बही में लगा दी।

**दिल्ली कालकाजी तहसील के कर्मचारी को भी दिए 5 लाख** : आरोपी संजय ने इस काम के बदले 5 लाख रुपये लिए। आरोपियों द्वारा इस फर्जीवाड़े में मेजर पीके मेहता नामक व्यक्ति को गवाह भी बनाया गया। पीके मेहता की वर्ष 2001 में एक हेलिकॉप्टर हादसे में मौत हो चुकी है।

दूसरा गवाह एडवोकेट संदीप था, जिसके हस्ताक्षर आरोपी टोनी द्वारा किए गए। इसके बाद आरोपियों ने फर्जी जीपीए के आधार पर शिकायतकर्ता की 15 कनाल 2 मरले जमीन को भीम सिंह राठी, शैल नारंग व ओम भाटी द्वारा बताए गए विनोद नामक व्यक्तियों के नाम करा दी। इस तरह से इन्होंने करीब 40 करोड़ रुपये कीमत की जमीन को 6.6 करोड़ रुपये में खरीदना दिखाकर एनआरआई व्यक्ति को चूना लगाया। पीड़ित मनचन्दा की शिकायत पर इस केस में जांच के दौरान जालसाजों को फायदा पहुंचाने वाले ईओडब्ल्यू शाखा में तैनात एसआई प्रदीप द्वारा भी आरोपियों से रुपये लेने का खुलासा हुआ है। पुलिस ने एसआई प्रदीप समेत सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

# संक्षिप्त समाचार

## गुरुग्राम में पटाखों की बिक्री व इस्तेमाल पर लगाई गई रोक



**गुरुग्राम।** त्योहारी सीजन में प्रदूषण पर नियंत्रण के लिए जिला प्रशासन ने सक्रियता शुरू कर दी है। गुरुवार देर शाम जिलाधीश की ओर से आदेश जारी कर दिए गए कि गुरुग्राम जिला मं पटाखों की बिक्री और इस्तेमाल पर रोक रहेगी। उन्होंने कहा कि जनहित में ग्रीन पटाखों, बेरियम साल्ट को छोड़कर सभी प्रकार के पटाखों के निर्माण, बिक्री और उपयोग पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। जिलाधीश निशांत कुमार यादव ने कहा कि विस्फोटक नियम के तहत ग्रीन पटाखों को छोड़कर सभी प्रकार के पटाखों और सभी प्रकार के पटाखों के निर्माण, बिक्री, इस्तेमाल पर एक नवम्बर 2023 से 31 जनवरी 2024 की अवधि के लिए प्रतिबंध रहेगा। आदेशों में विशेष अवसरों पर ग्रीन पटाखे के इस्तेमाल को लेकर हिदायत दी गई है। कहा गया है कि दिवाली के दिन या किसी अन्य त्यौहार जैसे गुरुपर्व आदि पर जब ऐसी आतिशबाजी की जाती है तो वह रात 8 बजे से रात 10 बजे तक होगी। क्रिसमस और नए साल की पूर्व संध्या पर जब ऐसी आतिशबाजी आधी रात के आसपास शुरू होती है, जो कि रात 11:55 बजे से 12:30 बजे तक रहेगा। फ्लिपकार्ट, अमेजन आदि ई-कॉमर्स कम्पनियां पटाखों के किसी भी ऑनलाइन ऑर्डर को स्वीकार नहीं करेंगी। क्षेत्रीय अधिकारी, हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड गुरुग्राम को भी निर्देश दिए हैं कि नियमित रूप से वायु गुणवत्ता की निगरानी करें। सर्वोच्च न्यायालय और केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के निर्देशों के अनुसार संबंधित वेबसाइटों पर डेटा अपलोड करें। पुलिस आयुक्त गुरुग्राम, आयुक्त, नगर निगम गुरुग्राम और मानेसर, सभी एसडीएम, सभी तहसीलदार, नायब तहसीलदार, बीडीपीओ, डीसीपी, एसीपी, ईओ, सचिव, नगरपालिका समितियां, सभी पुलिस स्टेशनों के एसएचओ, अग्निशमन अधिकारी गुरुग्राम और अन्य अग्निशमन कार्यालय के कर्मचारी इस आदेश की पालना जिला में सुनिश्चित कराएंगे। सभी अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि जिला में इस आदेश को लागू करने के लिए छापेमारी करें और दैनिक आधार पर इसकी रिपोर्ट जिलाधीश कार्यालय में जमा करें।

## रविवार को श्रमदान दिवस के तहत बड़े पैमाने पर होगी सफाई

**गुरुग्राम।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान पर रविवार 1 अक्टूबर को सुबह 10 बजे से 11 बजे तक पूरे देश में मनाए जाने वाले श्रमदान दिवस के तहत नगर निगम गुरुग्राम द्वारा सभी क्षेत्रों में बड़े स्तर पर सफाई अभियान चलाया जाएगा। इसमें विधायकगण, निवर्तमान मेयर टीम एवं पार्षदगण, एनजीओ व आरडब्ल्यूए प्रतिनिधियों, औद्योगिक संस्थान सहित शहर के गणमान्य व्यक्तियों की सहभागिता के साथ शहर की सफाई सुनिश्चित की जाएगी। शहरी स्थानीय निकाय विभाग के आयुक्त एवं सचिव विकास गुप्ता तथा निदेशक डा. यशपाल यादव ने वर्चुअल बैठक के माध्यम से अधिकारियों को दिशा-निर्देश जारी किए हैं। बैठक में नगर निगम गुरुग्राम के आयुक्त पीसी मीणा तथा संयुक्त आयुक्त (स्वच्छ भारत मिशन) डा. नरेश कुमार ने आश्वस्त किया कि प्रत्येक वार्ड में बेहतर सफाई की जाएगी, जिसका प्रभाव भी दिखाई देगा। इसके तहत सभी गार्बेज वरनेबल प्वाइंटों, सड़कों, मार्केट क्षेत्रों सहित अन्य स्थानों की सूची तैयार की गई है। नगर निगम गुरुग्राम की टीमें अलग-अलग सेंकड़ों स्थानों पर कचरा उठान करने सहित पर्याप्त सफाई सुनिश्चित करेंगी। नगर निगम गुरूग्राम के आयुक्त पीसी मीणा ने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को श्रमदान दिवस की सभी तैयारियां पूरी करने के निर्देश दिए।

## दिव्यांग आयोग के आयुक्त आज लगाएंगे खुला दरबार

**गुरुग्राम।** हरियाणा दिव्यांग आयोग के प्रांतीय आयुक्त राजकुमार मक्कड़ 29 सितंबर को स्थानीय लोक निर्माण विश्रामगृह में सुबह दस बजे खुला दरबार लगाकर जिला के दिव्यांगों की समस्याएं सुनेंगे। जिला समाज कल्याण अधिकारी जितेंद्र कुमार ने बताया कि दिव्यांग आयोग के प्रांतीय आयुक्त राजकुमार मक्कड़ सुबह दस बजे जिला के दिव्यांगजन की समस्याएं सुनेंगे। दस बजे से 11.30 बजे तक इस खुला दरबार का आयोजन होने के बाद आयुक्त राजकुमार मक्कड़ विश्रामगृह परिसर में ही दोपहर दो बजे जिला के अधिकारियों से मिलेंगे और दिव्यांग की शिकायतों को दूर करने के बारे में विचार-विमर्श किया जाएगा। इस अवसर पर सीएमओ, एलडीएम, जिला शिक्षा अधिकारी, जिला कल्याण अधिकारी, रेडक्रॉस सचिव, जीएम रोडवेज, नगर निगम अधिकारी, पंचायत सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहेंगे।

## जिला कष्ट निवारण समिति की बैठक आज

**गुरुग्राम।** कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री जेपी दलाल सिविल लाइंस स्थित जिला परिषद के स्वतंत्रता सेनानी सभागार में 29 सितंबर शुक्रवार को सुबह 11 बजे जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक की अध्यक्षता करेंगे और परिवादों की सुनवाई करेंगे। नगराधीश दर्शन यादव ने बताया कि कष्ट निवारण समिति की बैठक में कृषि मंत्री के समक्ष 16 परिवाद रखे जाएंगे। इस मौके पर विभिन्न विभागों के अधिकारी भी मौजूद रहेंगे, ताकि शिकायतों का मौके पर ही समाधान किया जा सके।

## ट्रेड यूनियन के राष्ट्रीय संगठन सचिव बने कृपाल सिंह

**फरीदाबाद।** सामाजिक कार्यों के प्रति इमानदारी, निष्ठा, लगनशीलता एवं जुझारू व संगठन को विगत वर्षों में दिए गए योगदान की दृष्टिगत रखते हुए कांग्रेस के युवा नेता एवं पूर्व ग्रीवेंस कमेटी सदस्य कृपाल सिंह को अखिल भारतीय सफाई मजदूर कांग्रेस की राष्ट्रीय कार्यकारिणी में राष्ट्रीय संगठन सचिव के पद पर नियुक्त किया है। यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश बेनिवाल ने राज्यसभा सांसद दीपेंद्र हुड्डा के हाथों से यह नियुक्ति पत्र कृपाल सिंह को सौंपा। राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश बेनिवाल ने कहा कि मैं आशा करता हूं कि आप संगठन के संविधान का पालन करते हुए नियमों और अप नियमों को ध्यान में रखते हुए स्वच्छ पेशेवर समाज के सर्वांगीण विकास हेतु निरंतर प्रयासरत रहेंगे।

# नई रिपोर्ट में सामने आया कि सामाजिक समस्याएं हल करने वाले एआई और क्लाउड-इनेबल्ड स्मॉल बिज़नेसेज़ द्वारा 2030 तक भारत में रूपए 1.6 ट्रिलियन का व्यापार और 45.9 मिलियन नौकरियों का सृजन किए जाने की उम्मीद है

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**अमेज़न.कॉम** कंपनी, अमेज़न वेब सर्विस (एडब्लूएस) ने आज एक नई रिपोर्ट जारी की, जिसमें खुलासा हुआ है कि भारत में क्लाउड-इनेबल्ड टेक्नोलॉजीज अपनाने वाले स्मॉल बिज़नेसेज़ द्वारा 2030 तक स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा और कृषि क्षेत्रों में रूपए 1.6 ट्रिलियन तक का वार्षिक उत्पादकता लाभ प्राप्त किए जाने और 45.9 मिलियन नौकरियों का सृजन किए जाने की उम्मीद है, जो भारत में 9% नौकरियों के बराबर होगा।

एडब्लूएस ने सामाजिक समस्याओं को हल करने वाले स्मॉल बिज़नेसेज़ (250 से कम कर्मचारियों वाले बिज़नेस) के लिए क्लाउड पर जाने के संभावित लाभों का परीक्षण करने के लिए ''क्लाउड-इनेबल्ड इकोनॉमी : हाउ क्लाउड ड्राइव्स इकोनॉमिक एंड सोसायटल इंपैक्ट थ्रू स्मॉल बिज़नेसेज़'' नामक रिपोर्ट को कमीशन किया। ग्लोबल प्रोफेशनल सर्विसेज़ फर्म, एक्सेंचर तैयार इस रिपोर्ट में 2030 में क्लाउड-इनेबल्ड इकोनॉमी 1 का पूर्वानुमान लगाने के लिए क्लाउड एडॉप्शन लेवल की ऑर्गेनाइज़ेशन



फॉर इकोनॉमिक कोऑपरेशन एंड डेवलपमेंट (ओईसीडी) परिभाषा का उपयोग किया गया है, जिसमें 90% व्यवसाय कम से कम एक बुनियादी स्तर की क्लाउड टेक्नोलॉजी अपनाते हैं। इस रिपोर्ट में सामने आया कि भारत में सभी व्यवसायों के लिए कम से कम बुनियादी क्लाउड, जैसे कि वेब-आधारित ईमेल सेवाओं या क्लाउड-आधारित स्टोरेज समाधान का उपयोग करने की मौजूदा दर 28% है। हालाँकि यह रिपोर्ट इंटरमीडिएट एप्लिकेशंस जैसे कस्टमर रिलेशनशिप मैनेजमेंट या एंटरप्राइज़ रिसोर्स प्लानिंग टूल्स के उपयोग और जटिल टास्क जैसे फ्रॉड डिटेक्शन या सप्लाई चैन फ़ोरकास्टिंग के लिए जेनरेटिव एआई और मशीन लर्निंग सहित आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) जैसी उन्नत एप्लिकेशंस के उपयोग द्वारा उत्पन्न होने वाले अवसरों पर प्रकाश डालती है।

**क्लाउड-इनेबल्ड स्मॉल बिज़नेसेज़ का आर्थिक और सामाजिक प्रभाव** : इस रिपोर्ट में सामने आया कि क्लाउड पर मूव करके छोटे व्यवसाय अर्थव्यवस्था और समाज को ठोस लाभ पहुंचा सकते हैं। क्लाउड पर मूव करने से रिमोट चिकित्सा परामर्श संभव हो सकता है, शिक्षा की उपलब्धता में सुधार हो सकता है, कृषि क्षमता में वृद्धि हो सकती है एवं अन्य लाभ मिल सकते हैं, जिनसे संयुक्त राष्ट्र के सतत विकास लक्ष्य (यूएन एसडीजी) प्राप्त करने में मदद मिल सकती है।कृषि क्षेत्र में, क्लाउड-इनेबल्ड स्मॉल बिज़नेस एआई जैसी क्लाउड टेक्नोलॉजी द्वारा डेटा-आधारित विधियों का क्रियान्वयन कर भोजन की कमी की समस्याओं को दूर करने में मदद करते हैं। इस रिपोर्ट के मुताबिक़ भारत में स्मॉल बिज़नेस 2030 तक कृषि क्षेत्र में रूपए 1.1 ट्रिलियन का वार्षिक उत्पादकता लाभ प्राप्त करने में मदद कर सकते हैं।

# एसजीएम नगर में जल्द दूर होगी पेयजल किल्लत



पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**एसजीएम** नगर में पेयजल से जूझ रहे लोगों के लिए राहत की खबर है। नगर निगम ज्यादा पेयजल प्रभावित क्षेत्रों में ट्यूबवेल लगाने जा रहा है। निगम बड़खल विधानसभा में करीब 39 ट्यूबवेल लगवाने जा रहा है। इस पर करीब 406.20 लाख रुपये खर्च होंगे। शहर में पेयजल की सप्लाई यमुना नदी के किनारे लगे रेनीवेल लाइनों से होती है। पुरानी रेनीवेल लाइनें होने से एनआईटी और बड़खल की कई कॉलोनियां में पानी की सप्लाई में दिक्कत आती है। ऐसे में लोगों को पर्याप्त पेयजल उपलब्ध नहीं होता है। इसमें एसजीएम नगर, एनआईटी क्षेत्र, सैनिक कॉलोनी और सेक्टर 21 समेत अन्य क्षेत्र शामिल हैं। इन लोगों को अक्सर नगर निगम में पानी की समस्या की शिकायत मिलती रहती है। ऐसे में नगर निगम इन क्षेत्रों में पानी की आपूर्ति बेहतर करने के लिए ट्यूबवेलों की संख्या बढ़ाने जा रहा है। निगम ने बड़खल और एनआईटी क्षेत्र में ज्यादा पेयजल संकट वाले सेक्टरों में ट्यूबवेल लगाने जा रहा है। इससे लोगों को रेनीवेल पर पूरी तरह से निर्भर नहीं करना होगा। जरूरत के अनुसार ट्यूबवेलों से बूस्टरों में पानी उपलब्ध कराया जा सकेगा। निगम की योजना हैं कि ट्यूबवेलों को बूस्टरों से जोड़ दिया जाएगा ताकि कॉलोनियों और सेक्टरों में सभी को पानी मिल सके।

> **एसजीएम** नगर में अक्सर पानी की समस्या रहती है। ऐसे में इस क्षेत्र के लिए अलग से पानी का इंतजाम होना चाहिए। शिकायत करने पर पानी की समस्या का समाधान नहीं होता। नए ट्यूबवेल लगने से राहत मिलने की उम्मीद है।
>
> **-प्रेमो देवी, एनआईटी**
>
> **बड़खल** विधानसभा क्षेत्र के सेक्टरों और कॉलोनियों में करीब 39 ट्यूबवेल लगाने की तैयारी है। इसमें कुछेक पर जल्द काम शुरू होने वाला है। इससे क्षेत्र में पेयजल की समस्या दूर हो सकेगी। इस पर करीब 406.20 लाख रुपये खर्च होंगे।
>
> **-ओमदत्त, कार्यकारी अभियंता**

### इन जगहों पर लगेंगे ट्यूबवेल

**वार्ड-19** सेक्टर 21 डी में 10.62 लाख रुपये से एक ट्यूबवेल, वार्ड-15 स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स में एक ट्यूबवेल पर 10.09 लाख रुपये, मिनी रोज गार्डन में एक ट्यूबवेल 10.62 लाख रुपये, वार्ड 21 गुरुकुल इंडस्ट्री में एक ट्यूबवेल लगेगा और 8.03 लाख रुपये खर्च होगा। वहीं, वार्ड 19 एनआईटी में एक ट्यूबवेल पर 11.43 लाख रुपये खर्च होगा। वार्ड 15 में अलग-अलग जगहों पर 5 ट्यूबवेल लगेंगे और 59.11 लाख रुपये खर्च होंगे। वार्ड- 12 एनआईटी एक में 35.12 लाख से तीन, वार्ड 15 में 74.25 लाख से 5 ट्यूबवेल, एसजीएम नगर ब्लॉक बी व ई में 31.13 लाख से तीन ट्यूबवेल, आनंगपुर गांव में 62.26 लाख से आठ, सैनिक कॉलोनी सेक्टर 49 में 10.43 लाख से एक, वार्ड 19 में 10.73 लाख से एक, वार्ड 17 एसजीएम नगर में सी ब्लॉक में 20.68 लाख से दो और भांखरी और सैनिक कॉलोनी में 51.70 लाख रुपये से पांच ट्यूबवेल लगाए जाएंगे। करीब 39 ट्यूबवेलों पर 406.20 लाख रुपये खर्च होंगे। इसमें पांच के कार्य ठेकेदार को दे दिया गया है। अन्य के लिए टेंडर जारी किया गया है।

### 125 एमएलडी की कमी

**शहर** में करीब 425 एमएलडी पानी की जरूरत होती है। करीब 300 एलएलडी पानी की सप्लाई हो रही है। दूसरी ओर रेनीवेल की पुरानी लाइनें होने से बूस्टिंग स्टेशनों तक पर्याप्त पानी नहीं पहुंच पता है। पानी की समस्या सबसे ज्यादा एनआईटी क्षेत्र में होती है। पानी की कमी को पूरा करने के लिए नगर निगम को ट्यूबवेल का सहारा लेना पड़ता है। ऐसे में नगर निगम नए ट्यूबवेल के साथ बूस्टिंग स्टेशन लगाने पर काम कर रहा है।

# घर से बुलाकर दोस्तों ने की हत्या, मामला दर्ज

### परिजनों को दी एक्सीडेंट की सूचना



पायनियर समाचार सेवा। पलवल

**एक** युवक को दोस्त घर से बुलाकर ले गए और उसकी हत्या कर दी। जिसके बाद आरोपियों ने मृतक की मौत एक्सीडेंट होने की भाई और साले को जानकारी दी। लेकिन, पत्नी ने आरोपियों के खिलाफ हत्या का केस दर्ज कराया है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

चांदहट थाना प्रभारी कैलाशचंद भड़ाना के अनुसार, बाड़का गांव निवासी मौसम ने दी शिकायत में कहा है कि उसका पति लोकेश घर पर था। उसी दौरान गांव के ही धर्मेंद्र, हरेंद्र व सिहंराज उन्हें अपने साथ बुलाकर ले गए। उनके साथ उनके अन्य साथी भी थे। जिसके बाद पूरी रात कोई सूचना उन्हें नहीं दी कि लोकेश कहां है, सुबह जब युवकों के घर जाकर देखा तो उनमें से कोई नहीं मिला। आरोपियों ने लोकेश के साले व बड़े भाई प्रदीप को बताया कि लोकेश का एक्सीडेंट हो गया है और अस्पातल में है। पीड़ित मौके पर जब अस्पताल पहुंचे तो लोकेश की मौत हो चुकी थी। मृतक की पत्नी का कहना है कि उसके पति की मौत सड़क दुर्घटना में नहीं हुई, बल्कि उन लोगों ने उसकी हत्या की है।

उस समय लोकेश के पास 20-25 हजार रुपए थे, जो गायब हैं। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंच गई। शव को कब्जे में लेकर बादशाह खान अस्पताल फरीदाबाद में पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया। वहीं, पुलिस ने मृतक की पत्नी मौसम की शिकायत पर गांव के ही धर्मेंद्र, हरेंद्र व सिहंराज सहित अन्य के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# शहीदे आजम भगत सिंह को भूल गई भाजपा : धर्मवीर भड़ाना

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**मात्र 23** वर्ष में हंसते-हंसते फांसी पर चढ़ जाने वाले भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन की सबसे प्रभावशाली क्रांतिकारी शहीद ए आजम भगत सिंह की जयंती फरीदाबाद के तमाम हिस्सों में मनाई गई। शहर के पांच नंबर स्थित सहित भगत सिंह चौक पर स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण पर करते हुए आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य धर्मवीर भड़ाना ने उन्हें नमन किया। इस मौके पर उन्होंने हरियाणा की भाजपा सरकार को घेरते हुए कहा कि इस चौक पर तीन प्रतिमाएं स्थापित की गई हैं, लेकिन जन्मोत्सव के दिन वहां ताला लगाया गया है और ऐसा लगता है कि कई महीने से यहां सफाई हुई ही नहीं। उन्होंने कहा कि लगता है कि भाजपा सरकार शहीद ए आजम भगत सिंह को भूल चुकी है।

धर्मवीर भड़ाना ने कहा कि लिव फॉर नेशन संस्था सहित शहर की तमाम संस्थाओं के युवा यहां शहीदों की प्रतिमा पर माल्यार्पण करने पहुंचे, लेकिन यहां साफ-सफाई की बजाय सरकार ने पुलिस तैनात कर रखी है। उन्होंने कहा कि प्याली चौक के पास भी सैकड़ों युवा इकट्ठे थे, तिरंगा रैली को इजाजत न देकर वहां भी सरकार की तानाशाही देखी गई। वहां भी भारी मात्रा में



पुलिस तैनात किया गया था और वहां से युवाओं के काफिले को नहीं निकलने दिया गया। उन्होंने कहा कि शहीद भगत सिंह को हर धर्म के लोग मानते हैं और हर धर्म के लोग यहां माल्यार्पण करने पहुंचे थे, लेकिन सरकार का रवैया ठीक नहीं रहा।

जिससे साबित हुआ कि ये सरकार न जनता के लिए कुछ कर रही है, न ही शहीदों के लिए। उन्होंने कहा कि पूरे देश के युवा आज भी शहीद ए आजम भगत सिंह को अपना आदर्श मानते हैं, क्योंकि भगत सिंह को भारत के सबसे महान स्वतंत्रता सेनानियों में से एक माना जाता है। उनके बलिदान और साहस ने भारत के स्वतंत्रता आंदोलन को प्रेरित किया। भगत सिंह के विचार और आदर्श आज भी युवाओं को प्रेरित करते हैं।

# भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा ने चलाया स्वच्छता अभियान



**फरीदाबाद।** भारतीय जनता पार्टी पूरे देश में मोदी के जन्म दिवस पर 17 सितंबर से दो अक्टूबर को सेवा पखवाड़े के रूप में मना रही है । इसी क्रम में भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा फरीदाबाद ने देश के प्रधान सेवक नरेंद्र मोदी से प्रेरणा लेते हुए और केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर व भाजपा जिला अध्यक्ष गोपाल शर्मा के मार्गदर्शन में जिले की सभी छह विधानसभाओं में स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में तिगांव विधानसभा की वीरों की भूमि तिगांव के राजकीय माध्यमिक स्कूल में प्रथम विश्वयुद्ध के शहीदों की याद में बने स्मारक जीतगढ़ पर स्वच्छता कर स्वच्छता अभियान चलाया गया और शहीदों को याद कर नमन किया।

इस अवसर पर जिला अध्यक्ष रंजीत सेन ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश मजबूती से आगे बढ़ रहा है, उसका कारण यही है कि नरेंद्र मोदी देश हित में हर छोटे से छोटे बिंदु का ध्यान रखते हैं। उसी अनुसार उन्होंने देश में स्वच्छता की पहल करते हुए स्वच्छ भारत मिशन की नई दिल्ली, राजपथ पर शुरूआत करते हुए दो अक्टूबर 2014 को सभी देशवासियों से स्वच्छता रखने के लिए आह्वान किया था और देश के लोगों ने उनका भरपूर समर्थन किया। जिससे आज देश में स्वच्छता का स्तर बढ़ा है और जागरूकता आई है। भारतीय जनता पार्टी मोदी के जन्मदिवस को अब सेवा पखवाड़े के रूप में मनाती है और कई प्रकार के सेवा कार्य कार्यकर्ताओं के द्वारा किये जाते हैं। इस स्वच्छता अभियान में भाजपा तिगांव मंडल के अध्यक्ष गिर्राज त्यागी, भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा फरीदाबाद जिला महामंत्री रेशम सिंह, जिला मीडिया प्रभारी देव जॉर्ज, अल्पसंख्यक मोर्चा तिगांव मंडल अध्यक्ष राम सिंह आदि मौजूद थे।

# चोरी की मोटरसाइकिल सहित आरोपी को किया गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** क्राइम ब्रांच ऊंचा गांव प्रभारी राकेश कुमार की टीम ने चोरी की मोटरसाइकिल सहित आरोपी को काबू किया है। गिरफ्तार आरोपी का नाम गौरव उर्फ शाका है। आरोपी मूल रूप से राजस्थान के भरतपुर जिले के गांव रसिये का हाल में फरीदाबाद के तिगांव की कारीराम कॉलोनी का रहने वाला है। क्राइम ब्रांच टीम ने आरोपी को गश्त के दौरान नीलम बाटा रोड पर स्थित आकाश होटल के सामने देखा तो आरोपी टीम को देखकर भागने लगा था। जिसको क्राइम ब्रांच टीम ने तुरंत काबू कर लिया और मोटरसाइकिल का दस्तावेज मांगा, जो वह पेश नहीं कर सका। आरोपी के खिलाफ थाना कोतवाली में मामला दर्ज कर गिरफ्तार किया गया है। आरोपी पर पूर्व में थाना सिटी बल्लभगढ़ और थाना सेक्टर-8 में चोरी के दो मामले दर्ज हैं। आरोपी नशा करने का आदी है, नशे की पूर्ति के लिए चोरी की वारदातों को अंजाम देता है।

# राज्य की उत्पत्ति के सिद्धांत विषय पर अतिथि व्याख्यान का आयोजन



**फरीदाबाद।** राज्य व राज्य की उत्पत्ति कैसे हुई, इसे विद्यार्थी जानें, इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ में राजनीति शास्त्र विभाग द्वारा राजनीति शास्त्र फोरम के अंतर्गत राज्य की उत्पत्ति के सिद्धांत विषय पर अतिथि व्याख्यान कराया गया। अग्रवाल महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. कृष्णकांत गुप्ता की प्रेरणा से महाविद्यालय में समय-समय पर अनेक कार्यक्रम विद्यार्थियों के लिए कराए जाते हैं। इसी श्रृंखला में यह व्याख्यान आयोजित किया गया। मुख्य वक्ता डॉ. रानी सांगवान एसोसिएट प्रोफेसर, सरस्वती महिला महाविद्यालय, पलवल द्वारा दिया गया। मुख्य वक्ता का स्वागत राजनीति शास्त्र की विभागाध्यक्षा डॉ. रितु द्वारा किया गया। मुख्य वक्ता ने राज्य की उत्पत्ति, उसकी संरचना व उसके विभिन्न सिद्धांतों की विस्तार से व्याख्या और विवेचना की। उन्होंने बताया कि कैसे ये सिद्धांत सामाजिक संरचना और शक्ति के प्रति हमारे दृष्टिकोण को प्रभावित करते हैं। व्याख्यान के अंत में विद्यार्थियों के सवालों का संतोषजनक जवाब मुख्य वक्ता ने दिया। यह व्याख्यान विद्यार्थियों के लिए अत्यंत उपयोगी और ज्ञानवर्धनक रहा। इस व्याख्यान से 83 विद्यार्थी लाभान्वित हुए।

# एसआईटी करेगी 11वीं के छात्रों की मौत के मामले की जांच

**फरीदाबाद।** सिद्धदाता आश्रम के पीछे जंगल में एक पेड़ पर फंदे से लटके मिले 11वीं के दोनों छात्रों की मौत मामले की जांच के लिए एसआईटी का गठन कर दिया है। पुलिस आयुक्त राकेश कुमार आर्य ने इस मामले में वैज्ञानिक पहलुओं के साथ तेजी से जांच करने के निर्देश देते हुए डीसीपी एनआईटी अमित यशवर्धन के देखरेख में एसीपी क्राइम अमन यादव की अध्यक्षता में चार सदस्यीय एसआईटी टीम का गठन किया है।एसीपी क्राइम अमन यादव की अध्यक्षता में थाना प्रबंधक सूरजकुंड, क्राइम ब्रांच प्रभारी बड़खल, एवं चौकी प्रभारी सेक्टर 46 टीम के सदस्य होंगे। पुलिस उपायुक्त एनआईटी अमित यशवर्धन की देखरेख में एसआईटी की टीम के द्वारा साइंटिफिक पहलुओं के आधार पर मामले की जांच की जाएगी। घटनास्थल से उठाए गए साक्ष्यों की बारीकी से जांच की जा रही है। दोनों बच्चों के घरों से जंगल तक के रास्तों के सीसीटीवी कैमरे की फुटेज व वैज्ञानिक एवं तकनीक पहलुओं का अध्ययन किया जाएगा।

## संक्षिप्त समाचार

### शिविर में मूक बधिर बच्चों की जांच की



**फरीदाबाद।** डबुआ कॉलोनी स्थित सोनी पब्लिक स्कूल में एसोसिएशन फॉर दा वेलफेयर ऑफ हैंडिकेप्ड, डबुआ कॉलोनी संस्था द्वारा मूक बधिर सप्ताह के अंतर्गत कार्यक्रम किया गया। स्कूल के प्रिंसिपल राजेंद्र कुमार ने बताया कि संस्था के अध्यक्ष कामेश कुमार है। इस स्कूल में इस तरह के लगभग 155 बच्चे पढ़ते हैं। स्पीच थेरेपिस्ट मोहित कुमार ने हियरिंग मशीन द्वारा कुछ बच्चों का कानों के सुनने की शक्ति का टेस्ट लिया तथा कुछ हकलाने वाले बच्चों का भी टेस्ट किया। उन्होंने ये भी कहा कि अगर आसपास इस तरह के बच्चों का पता चले तो उन्हें इस संस्था के बारे में जागरूक किया जाए। इस संस्था से आए अफजल और सुजल बच्चों ने राष्ट्रगान, अंग्रेजी वर्णमाला को अपने इशारे की भाषा में समझकर दिखाया। कार्यक्रम के अंत में स्कूल के चेयरमैन अमित जैन एडवोकेट ने संस्था से आए सभी लोगों को बुक्के और स्मृति चिन्ह देकर धन्यवाद किया।

### महाविद्यालय में अंग्रेजी ओलंपियाड-2023 का आयोजन




**पलवल।** सरस्वती महिला महाविद्यालय पलवल के अंग्रेजी विभाग द्वारा नेशनल इंग्लिश ओलिंपियाड का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन प्राचार्या डॉ. वंदना त्यागी की देखरेख में किया गया। इस कार्यक्रम में विभिन्न राज्यों के विभिन्न महाविद्यालयों के छात्र छात्राओं ने भाग लिया। इस कार्यक्रम का मुख्य उदेश्य छात्र-छात्राओं को अंग्रेजी साहित्य व अंग्रेजी व्याकरण से अवगत कराना था। इस कार्यक्रम की संचालक व अंग्रेजी विभागाध्यक्षा डॉ. सोनिया भारद्वाज ने छात्र-छात्राओं को इस प्रकार की प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में अंग्रेजी विभाग की डॉ. शुचि दीवान, पारूल जैन, डॉ. रेखा तेवितया, सुमन मोर, बबीता सिंह, अदिति शर्मा, निर्मल, प्रियंका प्राध्यापिकाओं का विशेष योगदान रहा।

### जीजीडीएसडी कॉलेज में लगा रोजगार पर सेमिनार



**पलवल।** गोस्वामी गणेशदत्त सनातन धर्म कॉलेज में कंप्यूटर विभाग द्वारा एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मैजिक बस इंडिया फाउंडेशन नई दिल्ली से आए अक्षित सिंह, यूथ ट्रेनर एवं शिवम प्रोजेक्ट मैनेजर रहे। कंप्यूटर विभागाध्यक्ष पवन मुखीजा ने अतिथियों का स्वागत किया एवं मंच का संचालन किया। मैजिक बस इंडिया फाउंडेशन द्वारा आए अक्षित सिंह, यूथ ट्रेनर ने बच्चों को रोजगार के अवसर प्रदान करने के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मैजिक बस इंडिया फाउंडेशन बच्चों को रोजगार देने के अवसर प्रदान करती है और वह एक ट्रेनिंग प्रोग्राम चलाती है। जिससे बच्चे ट्रेनिंग लेकर भविष्य में अपने रोजगार को प्राप्त कर सकें। विद्यार्थियों को अलग.अलग कंपनी के बारे में बताया बैंकों के बारे में आईआईटी कंपनी के बारे में बताया, जहां पर रोजगार प्राप्त कर सकते हैं। प्राचार्या प्रतिभा सिंगला ने बच्चों को इस ट्रेनिंग प्रोग्राम में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेने के लिए प्रोत्साहित किया। इस कार्यक्रम में डॉ. कुसुम, डॉ. भावना, कनिका, कंचन उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में कंप्यूटर विभागाध्यक्ष पवन मुखीजा ने सभी का धन्यवाद किया। उन्होंने सभी विद्यार्थियों को सूचना दी कि अगले सप्ताह से निशुल्क ट्रेनिंग प्रोग्राम शुरू किया जाएगा।

### लापता महिला व दो नाबालिग बच्चों को बरामद कर सौंपा



**फरीदाबाद।** थाना सदर बल्लभगढ़ प्रभारी महेंद्र सिंह के मार्गदर्शन में पुलिस चौकी आईएमटी की टीम ने ऑपरेशन मुस्कान के तहत गुजरात के सूरत से महिला को दो नाबालिग बच्चों सहित बरामद किया है। महिला अपने दो नाबालिग बच्चों के साथ बिना बताए घर से निकल गई थी। परिजनों द्वारा महिला की काफी तलाश की गई। महिला के नहीं मिलने पर, महिला के परिजनों ने स्थानीय पुलिस चौकी में महिला और दो बच्चों के लापता होने के संबंध में सूचना दी थी। महिला 21 सितंबर को घर से निकल गई थी। पुलिस टीम द्वारा सूचना पर महिला का गुजरात के सूरत का पता चला। सूचना पर तुरंत कार्रवाई करते हुए पुलिस चौकी इंचार्ज ने महिला बरामद के लिए एक टीम गठित कर गुजरात के लिए भेजा। वहां से महिला को बरामद कर फरीदाबाद लाया गया। महिला से परिजनों के सामने पूछताछ की गई, जिसमें महिला ने बताया कि उसकी उसके पति के साथ अनबन हो गई थी।

## विश्व हृदय दिवस

# युवाओं में हार्ट अटैक का सबसे बड़ा कारण तंबाकू और सिगरेट : डॉ. ऋषि गुप्ता

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**जिले** में हृदय रोगियों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। इनमें युवाओं की संख्या काफी ज्यादा है। तंबाकू और सिगरेट का सेवन करने वाले लगभग 20 प्रतिशत युवाओं का दिल जवानी में ही दगा दे रहा है। ये युवा धमनियों में ब्लॉकेज के कारण हार्ट अटैक का शिकार हो रहे हैं। विश्व हृदय दिवस पर ग्रेटर फरीदाबाद सेक्टर-86 स्थित एकॉर्ड सुपर स्पेशलिटी अस्पताल के कार्डियोलॉजी डिपार्टमेंट चेयरमैन डॉ. ऋषि गुप्ता ने इसे एक गंभीर समस्या बताया है।

वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. ने बताया कि युवाओं में हार्ट अटैक का सबसे बड़ा कारण तंबाकू और सिगरेट है, युवा इसे नजरअंदाज करते हैं। जबकि, तंबाकू और सिगरेट धीरे-धीरे हृदय पर असर करते हैं। इनके सेवन से शरीर की धमनियां ब्लॉक हो जाती हैं। खून न पहुंचने से दिल का दौरा पड़ता है। ऐसे युवा मरीजों की संख्या अस्पताल में बढ़ती जा रही है। पिछले साल एक्टिव लाइफस्टाइल जीने वाले 40-45 साल के कई सेलिब्रिटी सहित दो पायलट की हार्ट अटैक से मौत हो गई, जो काफी चिंताजनक है।

डॉ. गुप्ता ने कहा-भारत में युवाओं में हार्ट अटैक होने की घटनाएं बढ़ रही हैं। इसके लिए जिम्मेदार विभिन्न फैक्टर्स में से कुछ आनुवंशिक फैक्टर्स भी होता है। इससे भारतीयों में त्वरित एथेरोस्क्लेरोसिस होता है। प्रमुख कार्बोहाइड्रेट और फैट वाला खानपान, बदलती आदतें और गतिहीन लाइफस्टाइल और विभिन्न प्रकार के रोजमर्रा के तनाव इसमें प्रमुख भूमिका निभा रहा है। इसके अलावा सीएडी और इसके जोखिम फैक्टर्स के



प्रति जागरूकता की कमी और देरी से पहचान तथा मैनेजमेंट की वजह से भी युवा भारतीय नागरिकों में हार्ट अटैक से मृत्यु दर बहुत ज्यादा हो गई है। उन्होंने कहा कि यह सच है कि तनाव वह फैक्टर होता है, जिस पर बहुत कम ध्यान दिया जाता है और इस वजह से भारत में कार्डियोवैस्कूलर मृत्यु दर ज्यादा है।

किसी भी प्रकार का तनाव, चाहे शारीरिक या मानसिक तनाव हो, ये तनाव विभिन्न हार्मोनों को रिलीज करते हैं। जो हार्ट की ऑक्सीजन की मांग को कई गुना बढ़ा सकता है और हार्ट में आपूर्ति कम हो जाती है। इससे हार्ट में ऑक्सीजन की मांग और आपूर्ति बेमेल हो सकती है, जो हानिकारक हो सकता है। इसलिए तनाव नहीं लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि मेडिटेशन, कंसल्टेशन, नियमित एक्सरसाइज से हार्ट की समस्याओं से बचा जा सकता है।

हाई प्रोफाइल लोगों को एक्सरसाइज के दौरान हार्ट पेन, भारीपन, बाएं कंधे में दर्द, गले में दर्द व पीठ में दर्द जैसे लक्षणों को कभी नजर अंदाज नहीं करना चाहिए। इनमें से कोई भी लक्षण नजर आए तो एक्सरसाइज तुरंत बंद कर दें। इसके अलावा नियमित रूप से आपके डॉक्टर की सलाह पर सीटी कोरोनरी एंजियोग्राफी जरूर करवानी चाहिए। जिससे कि बिमारी समय रहते पहचान हो सके और इलाज शुरू किया जा सके।

# स्वस्थ जीवनशैली से दिल की बीमारियों से बचाव संभव : डॉ. एसएस बंसल

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**हर** साल 29 सितंबर को हम विश्व हृदय दिवस को मनाते हैं। यह दिन हृदय रोग के बारे में जागरूकता फैलाने के एक अंतरराष्ट्रीय अभियान का हिस्सा है, क्योंकि दुनिया में हर साल 1.7 करोड़ लोग हृदय अटैक की वजह से मर जाते है। जिसमें सबसे अधिक मौतें भारत में होती हैं। दुनिया के अधिकांश हिस्सों में आधुनिक जांच और उपचार के तौर-तरीके उपलब्ध होने के बावजूद यह पूरी दुनिया में हो रहा है।

हृदय रोग की शीघ्र पहचान और समय पर इलाज से इसे आसानी से रोका जा सकता है। बीमारी की मूक प्रकृति और इसके जोखिम कारकों के कारण लोगों को नियमित स्वास्थ्य जांच के महत्व के बारे में शिक्षित करने की आवश्यकता है। यह जानकारी देते हुए एसएसबी हार्ट एंड मल्टीस्पेशलिटी अस्पताल के सीएमडी एवं वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. एसएस बंसल ने बताया कि हार्ट अटैक की अचानक और शांत प्राकृतिकता व जांच में देरी मौत के मुख्य कारण हैं। भारत में हर साल हार्ट अटैक की वजह से लाखों लोग अपना जीवन खो देते हैं। जिनमें 16 प्रतिशत लोग हार्ट अटैक के एक घंटे के भीतर



ही मर जाते हैं। इससे पहले कि वे या उनके परिवारजन यह जान पाएं कि उन्हें हार्ट अटैक हुआ है, वे अक्सर अचानक ही मर जाते हैं। उन्होंने बताया कि हार्ट अटैक कभी कभी सोते समय भी आ जाता है और मरीज को उसकी जांच या इलाज करवाने का भी मौका नहीं मिलता। इसमें बिना किसी लक्षण के अचानक मृत्यु होना एक आम बात हो गयी है।

कोलेस्ट्रॉल ब्लॉक वर्षों तक मानव हृदय में चुपचाप तब तक बनता रहता है, जब तक ब्लॉक 70 प्रतिशत या उससे अधिक तक नहीं पहुंच जाता। हृदय रोग से पीड़ित लगभग 30 से 40 प्रतिशत लोगों में, विशेष रूप से मधुमेह रोगियों में, 90 प्रतिशत से अधिक मरीजों के गंभीर ब्लॉक भी कोई लक्षण नहीं दिखाते। हालांकि दिल का दौरा 50 प्रतिशत ब्लॉक के साथ भी हो सकता है, जो जोरदार शारीरिक गतिविधि या व्यायाम में अचानक वृद्धि के कारण हो सकता है।

# एरोबिक व्यायाम हृदय के लिए ज्यादा फायदेमंद

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

विश्व स्तर पर लोगों को हृदय रोगों के बारे में जागरूक करने के उद्देश्य से हर साल 29 सितंबर को विश्व हृदय दिवस मनाया जाता है। खासकर जिम में एक्सरसाइज करने वाले युवा लोगों में हार्ट अटैक की समस्याएं ज्यादा देखने को मिल रही हैं। इस संबंध में जानकारी देते हुए मैरिंगो एशिया अस्पताल फरीदाबाद से कार्डियोलॉजी विभाग के डायरेक्टर डॉ. गजिंदर कुमार गोयल ने कहा कि हृदय को स्वस्थ रखने के लिए ब्रिस्क वॉकिंग, साइकिलिंग, रनिंग, स्विमिंग, बैडमिंटन खेलना जैसी एरोबिक व्यायाम पर ज्यादा जोर दिया जाना चाहिए, क्योंकि ये व्यायाम हार्ट डिजीज, स्ट्रोक, डायबिटीज, हाई ब्लड प्रेशर और हाई कोलेस्ट्रोल के खतरे को कम करती हैं। ये व्यायाम हमारे फेफड़ों की क्षमता बढाती हैं और हार्ट की मसल्स को मजबूत बनाती हैं। वहीं पुश-अप, वेट लिफ्टिंग जैसी रेजिस्टेंस एक्सरसाइज कई बार हार्ट के लिए हानिकारक हो सकती हैं। सामान्य तौर पर एक घंटे का व्यायाम काफी होता है। अगर आप इससे



अधिक समय तक तेज स्पीड में एक्सरसाइज करते हैं तो इससे कई बार हार्ट की मसल्स को नुकसान पहुंचने का जोखिम बढ़ जाता है। जिम करते हुए किसी व्यक्ति को हार्ट अटैक का आना इतना आम नहीं है। अगर किसी व्यक्ति को छाती में दर्द हो रहा है, सांस लेने में तकलीफ हो रही है तो उस समय जिम में एक्सरसाइज करने से बचना चाहिए। ऐसा न हो कि कुछ हार्ट डिजीज के लक्षण चल रहे हों और उसके बीच में आप जिम में एक्सरसाइज कर लें। इसलिए इसका बात का खास ध्यान रखें। दो-तीन घंटे तक नियमित एक्सरसाइज करना खतरनाक हो सकता है। अगर आप अधिक समय तक एक्सरसाइज करते हैं तो हार्ट के किसी भी छोटे या बड़े ब्लॉकेज में क्रैक आने से हार्ट की आर्टरी के अंदर क्लॉट जमा होने का रिस्क होता है। इससे हार्ट अटैक आ सकता है।

## कनाडा का आरोप

### जयशंकर का जवाब

**कनाडा** के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो द्वारा बिना कोई विश्वसनीय सबूत दिए भारत के खिलाफ बार-बार की जा रही बयानबाजी से अंततः भारत को कठोर जवाब देने के लिए मजबूर होना पड़ा है। विदेशमंत्री एस. जयशंकर ने राजनय को उच्च स्तर पर ला कर ट्रूडो के आरोपों का जोरदार जवाब दिया कि भारतीय मूल के कनाडाई नागरिक व खालिस्तान-समर्थक हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के पीछे भारत का हाथ है। सीधी-सीधी बात कहने के लिए मशहूर जयशंकर ने अपने संतुलित बयान में ट्रूडो सरकार पर आरोप लगाया कि कनाडा अतिवादियों को शरण दे रहा है और उनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं कर रहा है। न्यूयार्क में विदेश संबंध परिषद की बैठक में बोलते हुए भारतीय विदेश मंत्री ने कहा, 'कनाडा में काफी अपराध दिख रहा है जिसका संबंध अलगाववादी शक्तियों, संगठित अपराध तथा हिंसक अतिवाद से है।' हालांकि, जयशंकर ने यह खुलासा नहीं किया कि क्या कनाडा ने निज्जर की गोलीबारी में हत्या के संबंध में भारतीय अधिकारियों के जुड़ाव पर कोई खुफिया संपर्क बताए हैं। हत्या तथा कनाडा की संसद में भारत की संलिप्तता संबंधी ट्रूडो के बयान के बाद द्विपक्षीय संबंध अब तक के सबसे खराब स्तर पर पहुंच गए हैं। कनाडा सरकार ने त्वरित प्रतिक्रिया में एक भारतीय राजनयिक की पहचान कर उसे देश से निकाल दिया। भारत ने भी इसके जवाब में एक कनाडाई राजनयिक को देश से निकाल दिया। जयशंकर ने स्पष्ट रूप से कहा था कि कनाडा में भारतीय राजनयिकों को धमकी दी जा रही है। स्पष्ट रूप से यह भारत के लिए गंभीर चिन्ता का विषय है। ऐसी स्थितियों से संवेदनशील तरीके से निपटा जाना चाहिए। जयशंकर ने न्यूयार्क में कहा, 'हमारी चिन्ता है कि राजनीतिक कारणों से ट्रूडो सरकार बहुत लचर व्यवहार कर रही है। इससे ऐसी स्थिति पैदा हुई है जहां हमारे राजनयिकों को धमकी दी जा रही है।'



जयशंकर ने स्थिति से निपटने के लिए बहुआयामी दृष्टिकोण अपनाया है। उन्होंने स्पष्ट किया है कि भारत का किसी प्रकार की न्यायेत्तर हत्या में विश्वास नहीं है। उन्होंने स्पष्ट किया कि भारत की ऐसी कोई नीति नहीं है और यदि कनाडा के पास कोई खुफिया सूचना है तो उसे इसका साझा भारतीय अधिकारियों से करना चाहिए। उन्होंने भारत की स्थिति विस्तार से स्पष्ट कर समस्या समाधान हेतु संयुक्त राष्ट्रसंघ का भी आह्वान किया। उन्होंने कहा कि विश्व संस्था को ज्यादा व्यापक होना चाहिए ताकि देश अपनी समस्याओं के समाधान हेतु इसका उपयोग कर सकें। उन्होंने परोक्ष रूप से कनाडा को चेतावनी देते हुए कहा कि आतंक या हिंसा के प्रति प्रतिक्रिया 'राजनीतिक सुविधा' से परिभाषित नहीं होनी चाहिए। उन्होंने संयुक्त राष्ट्र महासभा-यूएनजीए में कहा, 'क्षेत्रीय अखंडता तथा आंतरिक मामलों में अ-हस्तक्षेप को महत्व मिलना चाहिए। जब यथार्थ और लफ्फाजी में अंतर हो तो हमें ऐसा बताने का साहस करना चाहिए। यह वैश्विक दक्षिण की भावनायें समझने के लिए बहुत जरूरी है।' वास्तव में जयशंकर ने भारत का दृष्टिकोण बहुत अच्छी तरह रखा है। कनाडा से साफ-साफ बात करने का समय आ गया है जिसने लंबे समय से भारत-विरोधी तत्वों को शरण दी है तथा उनके खिलाफ कार्रवाई की भारत की सभी प्रार्थनायें ठुकराई हैं। निज्जर ही हत्या दुर्भाग्यपूर्ण है, लेकिन इससे भारत को उन भारत-विरोधी अभियानों पर अपनी बात कहने का अवसर मिला है जो यूरोप व अमेरिका में दुष्ट तत्वों द्वारा चलाए जा रहे हैं, जबकि उनकी सरकारें मानवाधिकारों व स्वतंत्रता के नाम पर इनकी अनदेखी करती हैं।

# पंजाब में सामाजिक-आर्थिक दबाव

**टिकाऊ आर्थिक प्रगति, स्थानीय रोजगार सृजन व आत्मनिर्भरता के बिना पंजाब की बेहतरी लगातार चुनौती बनी रहेगी। पूरे देश की बेहतरी के लिए पंजाब की बेहतरी बहुत जरूरी है।**

**ए.एस. मित्तल**
(लेखक, एक उद्योग संगठन से संबद्ध हैं)





चिन्ता की बात है कि केन्द्रीय टैक्स में प्रति एक रुपया योगदान पर पंजाब को केवल 45 पैसे मिलते हैं। यह खासकर चिन्ताजनक है क्योंकि उत्तर प्रदेश व बिहार जैसे राज्यों को क्रमशः 1.80 तथा 1.20 रुपये मिलते हैं। राजस्व साझे में यह असमानता पंजाब में अनुभव हो रहे सामाजिक-आर्थिक तनाव का एक प्रमुख कारण है। सीमाओं पर चारों ओर से जमीन से घिरा होने के कारण पंजाब के लिए इस राजकोषीय दबाव से मुक्ति पाना जरूरी है क्योंकि वाघा-अटारी सीमा से पाकिस्तानी द्विपक्षीय व्यापार बंद होने का ज्यादातर प्रभाव केवल पंजाब की अर्थव्यवस्था पर पड़ा है। कथित लागत-प्रभावी सीमा-पार व्यापार उसे यूरोप से सुगमता से जोड़ सकता है। इससे पंजाब की अर्थव्यवस्था उन दक्षिण-पश्चिमी राज्यों की अर्थव्यवस्था जितनी मजबूत हो सकती है जो बंदरगाहों के निकट हैं। बंदरगाहों से बहुत दूर होना पंजाब के लिए अत्यधिक हानिकारक स्थिति पैदा करता है क्योंकि इससे पंजाब को औद्योगिक वृद्धि के मामले में बहुत संघर्ष करना पड़ा है। दूसरा, संवेदनशील पाकिस्तान सीमा के कारण न केवल व्यापार बंद हो गया है, बल्कि पाकिस्तान हथियारों व नशीले पदार्थों की अवैध सप्लाई करता है जिससे पंजाब का सामाजिक ढांचा तथा कानून-व्यवस्था बुरी तरह प्रभावित हुई है। इन दो बड़ी भौगोलिक चुनौतियों के बावजूद अब तक किसी केन्द्र सरकार ने पंजाब को दूसरे राज्यों की तुलना में सहायता नहीं दी है जबकि उसे ज्यादा चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। लंबे समय से ग्रामीण विकास फंड-आरडीएफ में टैक्स के हिस्से तथा 5,337 करोड़ की मंडी फीस का भुगतान भी नहीं हुआ है। इस प्रकार लंबे समय से राजकोषीय दबाव का सामना कर रही सरकार अकेले अधिकांश विकास एवं जन-कल्याण खर्च कैसे पूरा कर सकती है?

जब किसी राज्य की अर्थव्यवस्था कमजोर होती है तो उसकी जनता तथा प्रगति पर विपरीत प्रभाव पड़ता है। यह भारत-कनाडा संबंधों में वर्तमान संकट से भी स्पष्ट है। पंजाब के आर्थिक संकट के कारण कनाडा को इसका बहुत बड़ा मानव संसाधन विस्थापित हो गया है। दुर्भाग्य से यह विस्थापन कनाडा की धरती पर चरमपंथियों व भारत-विरोधी खालिस्तानी अतिवादी गतिविधियों के फलने-फूलने के रूप में सामने आया है। इस वैश्विक चुनौती का सामना नहीं किया गया है। खालिस्तानियों का कनाडा से संबंध लंबे समय से बना हुआ है। 80 के दशक मध्य से पंजाबी नौजवानों का कनाडा में बड़ा विस्थापन हो रहा है, जहां वे अपनी आजीविका चलाने के लिए छोटे-मोटे काम करते हैं। दुर्भाग्य से ऐसे कुछ नौजवान भारत-विरोधी अतिवादियों का निशाना बन जाते हैं।

ऐसे में पंजाब जैसे संवेदनशील राज्य के विकृत आर्थिक विकास को अनुमति देना ठीक नहीं है और इसके गंभीर नकारात्मक परिणाम होते हैं। यदि हम समग्र विकास सुनिश्चित करने में विफल रहते हैं तो हम पर मानव संसाधन का प्रभावी प्रयोग न करने का आरोप लगता है। बेरोजगारी एक बहुआयामी समस्या है जिससे खराब मानसिक स्वास्थ्य, नशाखोरी व अपराध पनपते हैं। इस बात के स्पष्ट प्रमाण हैं कि नशाखोरी, कानून-व्यवस्था की स्थिति बिगड़ने, आदि मुद्दों को सीधे बेरोजगारी से जोड़ा जा सकता है। पंजाब सबसे कठिन समय में समृद्ध व प्रगतिशील राज्य था, लेकिन वर्तमान समय में वह कृषि क्षेत्र पर पड़ने वाले दबाव तथा असंतुलित औद्योगिक आधार के कारण बेलगाम बेरोजगारी जैसी गंभीर समस्या का सामना कर रहा है। इसके परिणामस्वरूप पंजाब की जीडीपी वृद्धि दर 2022-23 में घट कर 6 प्रतिशत रह गई जो राष्ट्रीय औसत 7.24 प्रतिशत से भी कम है। पंजाब वर्तमान समय में 19वें स्थान पर है, जबकि 1981 में यह राज्यों की जीडीपी में पहले स्थान पर तथा 2001 में चौथे स्थान पर था। मजेदार बात है कि एक समय उत्तर प्रदेश और बिहार 'बीमारू' या बीमार राज्यों में थे, पर आज उनकी अर्थव्यवस्थायें तेजी से बढ़ रही हैं। उत्तर प्रदेश ने 16.8 प्रतिशत की शानदार प्रगति प्राप्त की है और 2022-23 में उसकी जीडीपी 20.48 लाख करोड़ थी। इसी प्रकार बिहार की वृद्धि दर 10.98 प्रतिशत तथा उसकी जीडीपी 7,45,310 करोड़ थी।

यह स्वीकार किया जाना चाहिए कि पंजाब में असाधारण क्षमतायें हैं और दक्षिणी व पश्चिमी राज्यों से तुलना करने में इनको अनदेखा नहीं किया जाना चाहिए। वर्तमान समय में देश के कर राजस्व में पंजाब का हिस्सा लगभग 3 प्रतिशत है और इसे पंद्रहवें वित्त आयोग द्वारा वितरण योग्य करों का केवल 1.8 प्रतिशत मिलता है। इसकी तुलना में पश्चिमी और दक्षिणी राज्यों का केन्द्रीय करों में हिस्सा 67 प्रतिशत है, पर उनको केवल मामूली 3-4 प्रतिशत प्राप्त होता है। यह तर्क देखने में उचित लग सकता है, पर यह तथ्य अनदेखा नहीं किया जाना चाहिए कि दक्षिणी व पश्चिमी राज्यों में देश की कुल फैक्ट्रियों का 53 प्रतिशत है जिसका कारण उनका बंदरगाहों से निकट होना है। इससे आर्थिक वृद्धि तेज होती है और केन्द्रीय खजाने में उनका योगदान अधिक होता है। पंजाब की धीमी वृद्धि दर समग्र आर्थिक भावनाओं में निराशा पैदा कर सकती है, पर इसमें अब भी प्रगति तथा देश की अर्थव्यवस्था में योगदान की असाधारण संभावना है।

निसंदेह पंजाब में 10-15 प्रतिशत दर से वृद्धि की संभावना है क्योंकि यहां मजबूत, सक्षम एवं प्रतिबद्ध उद्यमी भावना है जो इसे आर्थिक संकट से बाहर निकाल सकती है। अतीत में यह भावना उस समय दिखाई पड़ी थी जब उसने 1947 में भारत विभाजन तथा उसके बाद 80 के दशक मध्य से 90 के दशक मध्य तक उग्रवाद की चुनौतियों का सामना किया था। इन घटनाओं के कुछ ही साल के भीतर पंजाब अपनी अर्थव्यवस्था बहाल करने तथा 80 के दशक में भारत का सबसे अमीर राज्य बनने में सफल हुआ था। आज पंजाब बिना किसी राजनीतिक हस्तक्षेप के न्याय की मांग कर रहा है ताकि वह समान स्तर पर आ कर अपनी अर्थव्यवस्था मजबूत कर बेरोजगारी को घटा सके। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा में पंजाब का महत्वपूर्ण योगदान स्वीकार करना जरूरी है। लेकिन उत्तर प्रदेश व बिहार के विशाल क्षेत्र व जनसंख्या उनको केन्द्रीय कर का ज्यादा हिस्सा दिलाने में सहायक हैं। चिन्ताजनक बात है कि पंजाब को 2022-23 में केन्द्र द्वारा राज्यों को वितरित टैक्स में केवल 1.8 प्रतिशत मिला, जबकि उत्तर प्रदेश को सबसे अधिक 18 प्रतिशत तथा बिहार को इसका 10 प्रतिशत मिला। इससे पता चलता है कि पंजाब तथा अन्य राज्य केन्द्रीय खजाने में ज्यादा योगदान के बावजूद टैक्सों का कम हिस्सा मिलने की शिकायत क्यों करते हैं।

वित्त वर्ष 2022-23 में पंजाब ने केन्द्रीय टैक्सों में 32,800 करोड़ का योगदान किया जिसमें सीजीएसटी, आयकर, कार्पोरेशन कर, संपत्ति कर, केन्द्रीय एक्साइज़ ड्यूटी, कस्टम व सेवाकर शामिल हैं। इसके बदले राज्य को केवल 14,756 करोड़ रुपये मिले। पंजाब ने यह मुद्दा पंद्रहवें वित्त आयोग के समक्ष उठाया था। उसे लगता है कि उसे केन्द्रीय करों का न्यायोचित हिस्सा मिलना चाहिए। इन प्रयासों के बावजूद पंजाब वित्त कानून में संशोधन सुनिश्चित करने में विफल रहा। संवैधानिक रूप से वित्त आयोग का काम विकसित व अविकसित राज्यों के बीच 'समानीकरण' करना है। समानीकरण के दृष्टिकोण से वितरण के लिए जनसंख्या आंकड़ों को स्वीकार करना उचित ठहराया जाना चाहिए। इसलिए, संविधान केन्द्रीय राजस्व का उचित हिस्सा राज्यों में वितरित करने का प्राविधान करता है।

संघीय संरचना के अंतर्गत केन्द्र सरकार को पंजाब के लोगों की आर्थिक स्थिति तथा आजीविका में सुधार को प्राथमिकता देनी चाहिए जो दूसरे राज्यों की तुलना में विशिष्ट चुनौतियों का सामना कर रहे हैं। ऐसा समग्र दृष्टिकोण अपनाना जरूरी है जो राजनीतिक मतभेदों तथा जनसंख्या संरचना के बावजूद रोजगार के अवसर व सामाजिक सम्मान सुनिश्चित कर सके। टिकाऊ आर्थिक विकास, स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजन और आत्मनिर्भरता के बिना पंजाब की बेहतरी एक चुनौती बनी रहेगी। पूरे देश की बेहतरी के लिए पंजाब की बेहतरी अपरिहार्य है।

# ग्रामीण बिहार में बकरी पालन का महत्व

> "आजीविका मुहैया कराने के लिए सरकार को भूमिहीन, सीमांत किसानों को बकरी पालन योजनाओं के बारे में पर्याप्त प्रशिक्षण और जानकारी देनी चाहिए।"

**सिमरन कुमारी**
(लेखिका, एक छात्रा हैं)



बिहार के मुजफ्फरपुर जिले से लगभग 65 किलोमीटर दूर स्थित हुसैनपुर गांव की रहने वाली 40 वर्षीय अनिता देवी ने दो साल पहले अपने पति को खो दिया था। चार बेटियों और दो बेटों सहित सात लोगों के अपने परिवार का भरण-पोषण करने के लिए कोई साधन नहीं होने के कारण, उन्होंने आजीविका कमाने के लिए बकरी पालन शुरू कर दिया। जब उन्होंने एक महिला किसान के रूप में बकरियां पालना शुरू किया तो उन्हें आलोचना का सामना करना पड़ा। हालाँकि, अनीता ने विरोध किया क्योंकि अपने परिवार का भरण-पोषण करने की प्रेरणा ने उसे आगे बढ़ाया। उन्होंने सिर्फ दो बकरियों से शुरुआत की थी। आज, उनके पास आठ वयस्क बकरियां और 20 बच्चे हैं। बकरी पालन ने उन्हें अपने परिवार की सुरक्षा करने और अपनी वित्तीय स्थिति में सुधार करने में सक्षम बनाया।

शारीरिक श्रम के साथ-साथ, मवेशी, मुर्गी पालन, बत्तख और बकरी पालन जैसे कृषि-आधारित रोजगार आय का एक महत्वपूर्ण स्रोत है, विशेष रूप से भूमिहीन, छोटे पैमाने के किसानों, खेतिहर मजदूरों और सामाजिक रूप से उत्पीड़ित व्यक्तियों जैसे आर्थिक रूप से वंचित व्यक्तियों के लिए। नवीनतम 2019 पशुधन जनगणना के अनुसार, भारत में बकरियों की आबादी 150 मिलियन है, जो दुनिया में दूसरी सबसे बड़ी आबादी है।

लगभग आधे मिलियन दूरदराज के गांवों में, 70 मिलियन किसान बकरी पालन व्यवसाय से जुड़े हुए हैं। बकरी पालन से प्राथमिक आय दूध से होती है, जिसका उत्पादन लगभग 42000 किलोग्राम और मांस उत्पादन होता है, जो 8500 किलोग्राम है। अनीता देवी की तरह, बकरी पालन कई ग्रामीण महिलाओं के लिए स्वरोजगार का एक उत्कृष्ट साधन है। मुज़फ़्फ़रपुर के ग्रामीण इलाकों में, कई महिलाएं बकरी पालन के



माध्यम से अपनी आजीविका कमाती हैं, और अपने परिवार के लिए कमाने वाली बन जाती हैं। अनिंता के ही गांव की रहने वाली 35 वर्षीय चंपा देवी भी बकरी पालकर अपनी तीन बेटियों और दो बेटों का भरण-पोषण करती हैं। अन्य उदाहरणों में, गांव की वृद्ध महिलाओं का दावा है कि उनके बेटों और बहुओं ने बुढ़ापे में उनका भरण-पोषण करना बंद कर दिया है। इसलिए, इन महिलाओं ने आजीविका कमाने के लिए 2-4 बकरियां पालना शुरू कर दिया है। ये महिलाएं अपनी बकरियों को चराने के लिए सुबह खेतों की ओर निकल जाती हैं और शाम को ही लौटती हैं। बकरी पालन एक कठिन काम है, खासकर मानसून के दौरान। बकरियों के लिए पर्याप्त चारा ढूँढना एक चुनौती हो सकती है। किसान मवेशियों को जीवित रखने के लिए केले, बांस और बरगद के पत्तों पर निर्भर हैं। लोग इसमें अपनी पूंजी निवेश करते हैं। उसके बाद भी, हम गाँव में बकरियाँ पालने वाली महिलाओं की संख्या बढ़ती हुई देखते हैं। यह कई परिवारों के लिए आजीविका का साधन बन गया है।

विभिन्न गैर-सरकारी और सरकारी संगठन पशु, मुर्गीपालन, बत्तख और बकरी पालन जैसे कृषि-आधारित रोजगार के माध्यम से गांव की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए कार्यक्रम चलाते हैं। बिहार सरकार बकरी पालन को बढ़ावा देने के लिए 60त्न तक सब्सिडी प्रदान करती है। एकीकृत बकरी और भेड़ योजना के तहत दस बकरियों और एक बकरियों तथा 40 बकरियों और दो बकरियों पर अनुदान देने का प्रावधान है। सरकार अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग जैसे वंचित समुदायों को वित्तीय सहायता भी प्रदान करती है। लगातार वंचित इन समूहों को 60 प्रतिशत तक सब्सिडी मिलती है, जबकि बाकी को 50 प्रतिशत।

इसके अलावा, एक हिरन के साथ 20 बकरियों को पालने के लिए आवश्यक पूंजी निवेश लगभग दो लाख है और किसान इस उद्देश्य के लिए बैंक से ऋण ले सकते हैं। ऋण स्वीकृत करने की यह प्रक्रिया बैंक के परामर्श से पशुपालन विभाग के माध्यम से चलती है। उसके बाद, सब्सिडी दो किस्तों में लाभार्थियों के बैंक खातों में जमा की जाती है। हालांकि, जागरूकता की कमी के कारण, कई ग्रामीण परिवार इन योजनाओं को नहीं जानते हैं, जिसके कारण अनीता और चंपा जैसी महिला किसानों को बकरी पालन शुरू करने के लिए उच्च ब्याज दरों पर ऋण लेना पड़ता है।

इसके अलावा, प्रशिक्षण की कमी के कारण, किसानों के लिए उच्च गुणवत्ता वाली नस्लें हासिल करना मुश्किल है। आजीविका को बढ़ावा देने के लिए सरकार को भूमिहीन, सीमांत किसानों और मजदूरों को बकरी पालन योजनाओं के बारे में पर्याप्त प्रशिक्षण और जानकारी प्रदान करनी चाहिए। इन योजनाओं का विवरण पंचायत कार्यालय या ग्राम सभा में उपलब्ध होना चाहिए।

इन कार्यक्रमों के बारे में बकरी पालकों तक जानकारी पहुंचाने की जिम्मेदारी वार्ड सदस्यों की होनी चाहिए। तभी कमजोर परिस्थितियों में महिलाएं बकरी पालन को करियर के रूप में जारी रख सकेंगी और खुद को और अपने परिवार को बेहतर भविष्य दे सकेंगी।

## आप की बात

### शक्तिशाली भारत

**कनाडा** में खालिस्तान-समर्थक आतंकवादी निज्जर की हत्या को लेकर कनाडा द्वारा भारत पर लगाए आरोपों का अमेरिका न सिर्फ परोक्ष रूप से समर्थन कर रहा है बल्कि जांच में सहयोग देने के बहाने खुद को दुनिया का चौधरी सिद्ध कर रहा है। भारतीय विदेश मंत्री जयशंकर द्वारा दो टूक जवाब देने के बाद यह संकेत दे दिया है कि भारत अमेरिका या किसी देश की अपने आंतरिक मामलों में चौधराहट स्वीकार नहीं करेगा। अमेरिका अपनी करनी से बाज नहीं आता है तो भारत-अमेरिकी संबंधों पर आंच आए तो भी भारत को कोई परवाह नहीं है। हालांकि, बात अभी यहां तक नहीं पहुंची है। एक वरिष्ठ अमेरिकी राजनयिक ने कहा है कि यदि अमेरिका को कनाडा और भारत में से किसी एक को चुनना पड़े तो वह हिंद-प्रशांत क्षेत्र में चीन को संतुलित करने की शक्ति रखने वाले भारत को चुनेगा। कनाडा व अमेरिका समेत पश्चिमी दुनिया को समझ लेना चाहिए कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाला भारत अब दुनिया में किसी की धमकियों की परवाह नहीं करता है। दुनिया की पांचवीं अर्थव्यवस्था बन चुके भारत अब दुनिया में न्यायोचित व्यवस्था बनाने के लिए प्रतिबद्ध है, जिसमें आतंकवाद का कोई स्थान नहीं है।

– **सुभाष बुड़ावन वाला,** रतलाम

### जलवायु परिवर्तन

**जलवायु सम्मेलनों** में कमोबेश दुनिया का हर देश मान चुका है कि अत्यधिक कार्बन उत्सर्जन एवं ग्रीनहाउस प्रभाव के वजह से धरती जल रही है, कहीं जलजला आ रहा है, कहीं भूस्खलन हो रहा है, कहीं बाढ़ आ रही है, कहीं भारी बर्फ़बारी हो रही है, कहीं सूखा पड़ रहा है और कहीं हिम के पहाड़ पिघल कर समुद्री सीमा को बढ़ाते जा रहे हैं। अब पुर्तगाल के कुछ युवाओं एवं बच्चों ने यह मामला स्ट्रासबर्ग में यूरोपीय मानवाधिकार न्यायालय में उठाया है। यूरोप के कुल 32 देशों पर मामला दर्ज कराते हुए उन्होंने कहा है कि इन सरकारों ने जलवायु परिवर्तन रोकने के लिए कुछ नहीं किया जिसके कारण उनका जीवन तबाह होता जा रहा है। इन युवाओं ने 2017 पुर्तगाल के जंगलों में लगी भीषण आग का हवाला दिया जिसमे सौ से अधिक लोग मारे गए थे। विडंबना है कि इन 32 देशों की सरकारें पुर्तगाली बच्चों का दावा स्वीकारने के बजाय उलटे इन बच्चों को फटकार लगाकर कह रही हैं कि पुर्तगाल के जंगलों में लगी आग का जलवायु परिवर्तन से कोई संबंध नहीं था। खुशी की बात है कि अब जलवायु परिवर्तन पर जनता अपनी सरकारों को कठघरे में खड़ा करने लगी है।

– **जंग बहादुर सिंह,** जमशेदपुर

### आतंकवाद की विभीषिका

**संयुक्तराष्ट्र महासभा** को सम्बोधित करते हुए विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने साफ तौर पर कहा कि हम विश्वमित्र की ओर बढ़ रहे है और हमारी जवाबदारी भी बढ़ गई है। दुनिया को आतंकवाद से दूर करने के लिए जी20 में भी मुद्दा उठा था। आतंकवाद को बढ़ावा कहीं भी किसी भी स्थिति में नहीं मिलना चाहिए। भारत किसी की भी दोहरी नीति स्वीकार नही करेगा और न ही किसी के एजेंडे पर चलने को बाध्य होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रूस से भी कहा था कि वर्तमान युग युद्ध का नहीं है तथा समस्या का समाधान युद्ध से नहीं बल्कि शान्ति-वार्ता से सुलझाना हितकारी है। दुनिया में भारत की राजनीतिक, कूटनीतिक व आर्थिक शक्ति बढ़ी है। इसके साथ ही हमारा देश भारत विकासशील से विकसित देश की ओर अग्रसर हो रहा है। इसके साथ ही हम विश्वमित्र बनने की ओर बढ़ रहे हैं ताकि दुनिया एक परिवार बने और वह सब देशों का हित साधने के लिए एक दृष्टिकोण पर चले। इसके लिए आतंक की विभीषिका को सभी रूपों में समाप्त करने की आवश्यकता है। राजनीतिक सुविधा के लिए आतंक फैलाने की अनुमति किसी को नहीं है।

– **शकुंतला महेश नेनावा,** इंदौर

### सोशल मीडिया का प्रयोग

**घर-परिवार** में वरिष्ठ और पालकों द्वारा अपने बच्चों को सोशल मीडिया के नफा नुकसान के बारे में सतत जानकारी देना जरूरी है क्योंकि सोशल मीडिया का बढ़ता उपयोग बच्चों को शारीरिक और मानसिक नुकसान पहुंचा रहा है। वस्तुतः यह शराब की तर्ज पर लत के रूप में बच्चों में पनप रहा है जिससे बच्चे जिद्दी और अनुशासनहीन तथा गलत आदतों के शिकार हो रहे हैं। अस्तु पालकों की निगरानी में ही बच्चों को मोबाइल का उपयोग करने की छूट मिलनी चाहिए। कर्नाटक हाईकोर्ट ने भी सोशल मीडिया के उपयोग हेतु बच्चों के लिए न्यूनतम सीमा तय करने को कहा है। वास्तव में जब तक बच्चा 18 साल का नहीं हो जाता या दसवीं कक्षा उत्तीर्ण नहीं कर लेता, उसे मोबाइल प्रयोग की स्वतंत्रता नहीं होनी चाहिए। बच्चों को सोशल मीडिया के माध्यम से भ्रमित या ब्लैकमेल करने के प्रयासों पर पुलिस प्रशासन को ध्यान देना चाहिए तथा ऐसे तत्वों के खिलाफ स्वतः कार्रवाई करनी चाहिए। सोशल मीडिया को बच्चों के लिए सुरक्षित बनाना भी समय की आवश्यकता है।

– **बी एल शर्मा,** उज्जैन

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते है।**

## यूपी के खाते में एक और उपलब्धि

# सौ फीसदी गांवों को मिला ओडीएफ प्लस का दर्जा

● 95767 गांवों ने ठोस-तरल अपशिष्ट प्रबंधन प्रणालियों के साथ खुद को खुले में शौच से मुक्त घोषित किया

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ




**प्रदेश** सरकार ने राष्ट्रीय स्तर पर एक और बड़ी उपलब्धि हासिल की है। उत्तर प्रदेश ने स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के दूसरे चरण के तहत सभी 95.767 गांवों यानी 100 प्रतिशत गांवों ने ओडीएफ प्लस का दर्जा प्राप्त कर लिया है। ओडीएफ प्लस गांव वह है जिसने ठोस या तरल अपशिष्ट प्रबंधन प्रणालियों को लागू करने के साथ-साथ अपनी खुले में शौच मुक्त (ओडीएफ) स्थिति को बरकरार रखा है। आज तक देश भर में 4.4 लाख (75 प्रतिशत) गांवों ने खुद को ओडीएफ प्लस घोषित कर दिया है, जो 2024-25 तक एसबीएम-जी चरण 2 के लक्ष्यों को प्राप्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

उत्तर प्रदेश ने मौजूदा वित्तीय वर्ष में तेजी से प्रगति की है। 1 जनवरी 2023 तकए राज्य में केवल 15088 गांव थे जिन्हें ओडीएफ प्लस घोषित किया गया था। केवल 9 महीने में राज्य ने मिशन मोड में ओडीएफप्लस हासिल करने के लिए प्रयास किए। पिछले 9 महीनों में 80000 से अधिक गांवों ने ओडीएफ प्लस का दर्जा हासिल किया और इस त्वरित गति के परिणामस्वरूप ओडीएफ प्लस की समयबद्ध उपलब्धि हासिल हुई। प्रदेश के 95767 ओडीएफप्लस गांवों में से 81744 गांव ओडीएफ प्लस आकांक्षी गांव हैं, जहां ठोस अपशिष्ट प्रबंधन या तरल अपशिष्ट प्रबंधन की व्यवस्था है। 10217 गांव ओडीएफ प्लस राइजिंग गांव हैं जिनमें ठोस अपशिष्ट प्रबंधन और तरल अपशिष्ट प्रबंधन दोनों की व्यवस्था है और 3806 गांव ओडीएफ प्लस मॉडल गांव हैं।

100 प्रतिशत की यह उपलब्धि पूरे देश में संचालित हो रहे स्वच्छता ही सेवा (एसएचएस)- 2023 अभियान के दौरान हासिल की गई है। एसएचएस प्रतिवर्ष स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण), पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, जल शक्ति मंत्रालय के तहत 15 सितंबर से 2 अक्टूबर तक मनाया जाता है। इस वर्षए अब तकए लगभग 88 लाख लोगों ने बड़े पैमाने पर इसमें हिस्सा लिया और श्रमदान किया है, जिससे ओडीएफ प्लस स्थिति की उपलब्धि में तेजी आई है। ओडीएफ प्लस उपलब्धि का जश्न उन ग्राम पंचायतों के सम्मान के साथ मनाया गया जिन्होंने अनुकरणीय कार्य किया और अपनी ग्राम पंचायतों को ओडीएफ प्लस मॉडल घोषित किया। पूरे राज्य में ग्राम प्रधान, ग्राम पंचायत सचिव, पंचायत सहायक और सफाई कर्मियों को राज्य स्तर पर सम्मानित किया गया, जिससे उन्हें स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) में और योगदान देने के लिए प्रेरित किया गया। पुरस्कार विजेताओं में ग्राम पंचायत को एक मॉडल के रूप में बनाने में उनके योगदान के लिए 60 सर्वश्रेष्ठ ग्राम पंचायतें शामिल हैं। साथ ही 75 सफ ाई कर्मियों (प्रत्येक 75 जिलों में से एक) को भी उनके योगदान के लिए सम्मानित किया गया। इन ग्राम पंचायतों में जागरूकता के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए गए। जैसे ठोस अपशिष्ट, तरल अपशिष्ट, आरआरसी और मॉडल गांव के लाइव मॉडल के प्रदर्शन से सीखा गया और उसे लागू किया गया। साथ ही विभिन्न मनोरंजन के साधन जैसे कचरा मुक्त थीम पर जादू शो, कठपुतली शो जैसे स्थानीय-लोक मीडिया समूहों को शामिल करके सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। ओडीएफ प्लस मॉडल गांव वह है जो न सिर्फ अपनी ओडीएफ स्थिति को बरकरार रखे हुए हैं बल्कि इसमें ठोस अपशिष्ट प्रबंधन और तरल अपशिष्ट प्रबंधन दोनों की व्यवस्था है। साथ ही इन गांवों में अधिकतम स्वच्छता और न्यूनतम कूड़ा, न्यूनतम स्थिर अपशिष्ट जल दिखाई देता है। सार्वजनिक स्थानों पर यहां कोई प्लास्टिक कचरा डंप नहीं होता और ओडीएफ प्लस सूचना, शिक्षा और संचार (आईईसी) संदेश नियमित प्रदर्शित होते हैं।

# माफिया अतीक अहमद के भाई का साला दिल्ली से गिरफ्तार

● बरेली के दो मुकदमों में वांछित चल रहे अपराधी पर एक लाख रुपए का घोषित था इनाम

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**एसटीएफ** ने माफिया अतीक अहमद के भाई अशरफ के साले अब्दुल समद उर्फ सद्दाम को दिल्ली से गिरफ्तार किया है। सद्दाम के खिलाफ बरेली में दो मुकदमे दर्ज हैं। एक मुकदमा अशरफ से अवैध मुलाकात को लेकर थाना बिथरी चैनपुर में और दूसरा मुकदमा थाना बारादरी में धोखाधड़ी से मकान लेने और वहां से चोरी करने के आरोप में है। दोनों ही मामलों में सद्दाम फरार चल रहा था और उस पर एडीजी बरेली जोन ने एक लाख रुपए का इनाम घोषित किया था।

एसटीएफ पिछले काफी समय से फरार चल रहे अब्दुल समद उर्फ सद्दाम निवासी ग्राम हटवा उपरहार, थाना पुरामुफ्ती, जनपद इलाहाबाद की गिरफ्तारी के प्रयास कर रही थी। एसटीएफ की कई टीमों को उसकी तलाश में लगाया गया था। अभिसूचना संकलन के दौरान अब्दुल समद उर्फ सद्दाम के नई दिल्ली में छिपकर रहने की सूचना प्राप्त हुई। जिसके बाद एसटीएफ की टीम दिल्ली रवाना हुई। टीम ने सटीक सूचना के आधार पर डीडीए फ्लैट्स, अपोजिट सेलेक्ट सिटी, वॉक मॉल, मालवीय नगर, नई दिल्ली से अब्दुल समद को गिरफ्तार किया। उसके पास से दो मंहगे मोबाइल फोन और एक हुंडई वरना कार बरामद हुई। एसटीएफ के मुताबिक पूछताछ में अब्दुल समद ने बताया कि गिरफ्तारी से बचने के लिए वह दिल्ली, कर्नाटक और मुम्बई में जगह बदल-बदल कर निवास कर रहा था। उसने बताया कि बुधवार को वह अपनी प्रेमिका अनम से मिलने नई दिल्ली आया था। वह जनपद बरेली में खुशबू इन्क्लेव में रह रहा था क्योंकि उसके बहनोई अशरफ बरेली जेल में बन्द थे। उनको जेल में रसद-सामग्री जेल कर्मचारियों की मिलीभगत से जेल के अन्दर पहुंचाने व उनके द्वारा उनकी जमीनों आदि को खरीदने व बेचने का काम उसके द्वारा किया जाता था। उसके बहनोई अशरफ के दोस्तों द्वारा जो पैसा आदि दिया जाता था उसकी जिम्मेदारी अब्दुल समद की होती थी। बरेली में लल्ला गद्दी एनाजिश, सय्यद साहब, फु रकान आदि के साथ मिलकर विवादित जमीनों में हस्तक्षेप कर धन अर्जित करता था। उल्लेखनीय है कि अभियुक्त अब्दुल समद उर्फ सद्दाम पर अपर पुलिस महानिदेशक बरेली जोन बरेली द्वारा एक लाख रुपए का इनाम घोषित किया गया था। एसटीएफ ने अब्दुल समद को थाना बिथरी चेनपुर, बरेली पर दर्ज मुकदमों के तहत गिरफ्तार कर थाना बिथरी चेनपुर में दाखिल किया गया।

# प्रमुख धार्मिक स्थलों के लिए राजधानी से जल्द चलेंगी कई अन्य बसें



● बीते अगस्त में परिवहन निगम को हुई एक अरब से अधिक की आय

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**परिवहन** राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार दयाशंकर सिंह ने कहा है कि उत्तर प्रदेश परिवहन निगम द्वारा प्रदेश की सीमा से लगे अन्य राज्यों के धार्मिक स्थलों को जोड़ने के लिए बसों के संचालन के क्षेत्र में कार्य तेजी से चल रहा है। जल्द ही प्रमुख धार्मिक स्थलों के लिए राजधानी से बस सेवाएं संचालित की जाएंगी। साथ ही प्रदेश के महत्वपूर्ण स्थलों को भी प्रदेश की सीमा से लगे अन्य राज्यों के साथ जोड़ा जाएगा, जिससे कि लोग इन धार्मिक स्थलों एवं पर्यटन स्थलों पर जाकर वहां धार्मिक व व्यक्तिगत कार्यों के साथ ही पर्यटन का भी लुफ्त उठा सकें।

उन्होंने बताया कि यूपीएसआरटीसी द्वारा प्रदेश के विभिन्न जनपदों और ग्रामीण क्षेत्रों के अलावा 8 राज्यों एवं नेपाल के बीच अंतरराज्यीय व अंतरराष्ट्रीय बस सेवा का संचालन भी किया जाता है। इसमें दिल्ली, उत्तराखंड, राजस्थान, हरियाणा, मध्य प्रदेश, बिहार, चंडीगढ़, पंजाब, हिमाचल प्रदेश एवं नेपाल शामिल है। कुल 2326 बसों का संचालन किया जाता है। इन बसों के संचालन से उत्तर प्रदेश परिवहन निगम को अगस्त 2023 में 1 अरब दो करोड़ 38 लाख 78 हजार 430 रुपये की आय हुई है। दयाशंकर सिंह ने बताया कि प्रदेश में अन्य राज्यों से यात्री धार्मिक एवं व्यक्तिगत कार्यों से आते रहते हैं। साथ ही प्रदेश के निवासी भी अन्य राज्यों में धार्मिक एवं व्यक्तिगत कार्यों से जाते रहते हैं। अपने देश एवं प्रदेश के यात्रियों को सुविधा उपलब्ध कराने के लिए उत्तर प्रदेश परिवहन निगम द्वारा प्रदेश के अंदर और प्रदेश से लगे राज्यों के मध्य बसों का संचालन किया जाता है, जिससे यात्रियों को आवागमन में असुविधा न हो। इन राज्यों के साथ उत्तर प्रदेश परिवहन निगम का अनुबंध है।

# संचारी रोग नियंत्रण व दस्तक अभियान की प्रतिदिन होगी निगरानी, लापरवाही पर गिरेगी गाज

● 16 से 31 अक्टूबर के बीच सभी निकायों में दस्तक अभियान का भी होगा संचालन

## 3 से 31 अक्टूबर तक प्रदेश भर में चलेगा विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**संचारी** रोगों के खिलाफ योगी सरकार की मुहिम अक्टूबर माह में भी जारी रहेगी। 3 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक प्रदेश भर में विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान एवं दस्तक अभियान (16 से 31 अक्टूबर) के तहत विशेष सतर्कता बरती जाएगी। खास बात ये है कि इस पूरे अभियान की प्रतिदिन निगरानी और रिपोर्टिंग होगी तथा शिथिलता या लापरवाही बरतने वाले उत्तरदायी कर्मियों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध कठोर कार्रवाई भी की जाएगी। इस संबंध में नगरीय निकाय निदेशालय के निदेशक द्वारा समस्त नगर आयुक्त एवं जल संस्थान व जलकल विभाग के महाप्रबंधक को पत्र लिखकर सूचित किया गया है। प्रदेश में संचारी रोगों व दिमागी बुखार पर प्रभावी नियंत्रण व रोकथाम के लिए योगी सरकार ने कई विभागों के समन्वय से विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान और दस्तक अभियान संचालित कर रही है। इसमें न सिर्फसंचारी रोगों को फैलने से रोकने की कार्यवाही की जा रही है बल्कि पीड़ित रोगियों के इलाज की भी समुचित व्यवस्था की गई है।

नगरीय निकाय निदेशालय के निदेशक नितिन बंसल द्वारा जारी पत्र में कहा गया है कि प्रदेश में 3 अक्टूबर से 31 अक्टूबर के मध्य विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान एवं 16 से 31 अक्टूबर तक दस्तक अभियान का प्रभावी संचालन किया जाना है। ऐसे में नगर विकास से संबंधित उल्लेखित बिंदुओं पर प्रभावी व समयबद्ध कार्यवाही कराते हुए निर्धारित माइक्रोप्लान के अनुसार अभियान के दौरान प्रतिदिन गतिविधियों का संचालन सुनिश्चित हो। साथ ही प्रतिदिन संपन्न गतिविधियों की सूचना निदेशालय के गूगल लिंक पर अनिवार्य रूप से प्रेषित की जाएं। पत्र में उन्होंने ये भी निर्देश दिए हैं कि इस महत्वपूर्ण अभियान में शिथिलता व लापरवाही बरतने वाले उत्तरदायी कर्मियों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध कठोर कार्रवाई भी सुनिश्चित की जाए। प्रदेश में विशेष संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान के प्रभावी संचालन के लिए योगी सरकार ने विशेष रणनीति बनाई है। कई विभागों के बीच समन्वय से इस अभियान को आगे बढ़ाया जा रहा है। इन विभागों में चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, ग्राम्य विकास एवं पंचायती राज विभाग, शिक्षा विभाग, नगर निगम, शहरी विकास, कृषि विभाग, पशु पालन विभाग, दिव्यांग कल्याण, स्वच्छ भारत मिशन, सूचना विभाग, संस्कृति विभाग और चिकित्सा शिक्षा विभाग की महत्वपूर्ण भूमिका है। वहीं यूनिसेफ , पाथ, डब्ल्यूएचओ एनपीएसपी, टाटा ट्रस्ट, प्लान इंडिया और गोदरेज सीएसआर न सिर्फ बतौर पार्टनर इस अभियान से जुड़े हैं बल्कि वो नियमित इसकी निगरानी भी कर रहे हैं। अभियान को अंतर्विभागीय गतिविधियों के तहत जिस माइक्रोप्लान के तहत संचालित किया जा रहा है, उसमें जनपदों के अंदर मच्छरों के प्रजनन एवं घनत्व की स्थिति की सतत निगरानी, विगत वर्ष के आंकड़ों के आधार पर निर्धारित हाई रिस्क एरिया तथा संचारी रोग अभियान में पाई गई अधिक मच्छर घनत्व वाले क्षेत्रों में सघन मच्छर नियंत्रण गतिविधियों का संचालन किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त घरों के अंदर मच्छरों क प्रजनन अनुकूल स्थितियों की जांच करना भी शामिल है। जिसके लिए आशा तथा आंगनबाड़ी और जनपद द्वारा ब्रीडिंग चेकिंग के लिए अन्य कर्मचारियों को लगाया गया है। मच्छरों के प्रजनन पर रोक तथा मच्छरों के काटने से बचाव के उपायों पर आशा तथा आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों द्वारा जानकारी दी जाएगी। नगर विकास तथा ग्राम विकास और स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से सोर्स रिडक्शन गतिविधियां संचालित की जाएंगी। इसके अलावा लेप्टोस्पाइरोसिस तथा स्क्रब टायफस के रोगियों की निगरानी व इलाज के लिए भी गतिविधियां संचालित की जाएंगी।

# नई स्कीम के जरिए खाली प्लॉट्स के लिए शुरू हुई आवेदन प्रक्रिया

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

● डाटा सेंटर परियोजना के अंतर्गत 5 केटेगरी के प्लॉट्स के लिए निवेश मित्र पोर्टल के जरिए मांगे गए आवेदन

**उत्तर** प्रदेश के ग्रेटर नोएडा में डाटा सेंटर परियोजना के अंतर्गत रिक्त प्लॉट्स की बिक्री के लिए सीएम योगी की मंशा के अनुरूप एक नई स्कीम जारी की गई है। यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) ने सेक्टर 28 में 5 केटेगरी के प्लॉट्स के लिए निवेश मित्र पोर्टल के जरिए आवेदन मांगे हैं। बुधवार 27 सितंबर से शुरू हुई इस प्रक्रिया के अंतर्गत 28.17 करोड़ से लेकर 176 करोड़ रुपए के बीच प्लॉट्स का प्रीमियम निर्धारित किया गया है जबकि 2.81 करोड़ से 17.67 करोड़ रुपए के बीच अलग-अलग केटेगरीज के हिसाब से प्लॉट्स की रजिस्ट्रेशन फीस निर्धारित की गई है।

उल्लेखनीय है कि जेवर एयरपोर्ट, इंटरनेशनल फिल्म सिटी, यमुना एक्सप्रेसवे व बुद्ध सर्किट से निकटता के कारण बेहतर कनेक्टिविटी और पॉड ट्रांजिट सिस्टम के रूप में भारत में अपनी तरह की पहली विश्व स्तरीय परियोजना समेत तमाम सुविधाओं का लाभ प्लॉट लेकर औद्योगिक इकाई लगाने वालों को मिलेगा। इस परियोजना में प्लॉट्स लेने के इच्छुक आवेदक 26 अक्टूबर 2023 तक अप्लाई कर सकते हैं व अधिक जानकारी के लिए यीडा की आधिकारिक वेबसाइट पर लॉग इन कर सकते हैं। उत्तर प्रदेश में औद्योगिक निवेश को धरातल पर उतारने के लिए गठित संस्था इनवेस्ट यूपी तथा यीडा की वेबसाइट पर डाटा सेंटर परियोजना के लिए रिक्त प्लॉट्स का आंकड़ा साझा किया गया है। इसके अनुसार प्लॉट्स के क्षेत्रफ ल, सेक्टर, प्रति स्क्वायर मीटर रेट ऑफ अलॉटमेंट, प्रिफ रेंशियल लोकेशन चार्ज (पीएलसी), रेजिस्ट्रेशन अमाउंट व कुल प्रीमियम के बारे में जानकारी दी गई है। ग्रेटर नोएडा के सेक्टर 28 में 1.25 लाख स्क्वायर मीटर की प्लॉटिंग संख्या डी-1 के लिए रेट अलॉटमेंट प्रति स्क्वायर मीटर की दर 12786 रुपए निर्धारित की गई है। इस पर 10 प्रतिशत पीएलसी के हिसाब से रजिस्ट्रेशन अमाउंट 17.67 करोड़ रुपए निर्धारित किया गया है। वहीं टोटल प्रीमियम 176.73 करोड़ रुपए (पीएलसी सहित) निर्धारित किया गया है जो कि सर्वाधिक है। इसी प्रकार अन्य चार केटेगरीज में भी प्लॉटिंग्स, रजिस्ट्रेशन व प्रीमियम अमाउंट समेत अन्य महत्वपूर्ण जानकारियों का विवरण इच्छुक आवेदनकर्ता इनवेस्ट यूपी व यीडा की आधिकारिक वेबसाइटों के जरिए प्राप्त कर सकते हैं। किसी प्रकार की अन्य जानकारी व शंका निराकरण के लिए यीडा की ई-मेल आईडी पर मेल किया जा सकता है। इस परियोजना के आवेदन समेत बैंकिंग ऑपरेशंस को अंजाम देने के लिए यीडा ने बैंक ऑफ बड़ौदा से हाथ मिलाया है और वह बतौर बैंकिंग पार्टनर परियोजना में हिस्सेदारी निभाएगा। उल्लेखीय है कि चाहें औद्योगिक प्लॉट्स की नीलामी हो या फिर ड्रॉ प्रक्रिया के जरिए निर्धारण हो, इन सभी को अंजाम देने के लिए लीस्ट ह्यूमन इंटरफि यरेंस यानी मानवीय हस्तक्षेप की गुंजाइश न के बराबर रखी गई है। इससे पोर्टल पर अंकित सभी पात्र आवेदनकर्ताओं की पात्रता का आंकलन कर इंटरफेस उन आवेदनों का निर्धारण करता है जो सबसे पात्र होते हैं। इस तरहए बिना किसी भ्रष्टाचार व छेड़खानी मुक्त प्रक्रिया के जरिए पात्र आवेदकों का चुनाव सुनिश्चित किया जाता है और यीडा समेत सभी औद्योगिक विकास प्राधिकरणों में इसी व्यवस्था के जरिए आवेदकों का निर्धारण सफलतापूर्वक किया जा रहा है।

# सपा का लक्ष्य मध्य प्रदेश में भाजपा को हराना

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि मध्य प्रदेश में परिवर्तन होना निश्चित है। समाजवादी पार्टी का लक्ष्य मध्य प्रदेश में भाजपा को हराना है। मध्य प्रदेश में बड़ी संख्या से समाजवादी नेता निकले हैं। यहां समाजवादियों के लिए बड़ी गुंजाइश है, समाजवादी विचारधारा का भविष्य बहुत बड़ा और अच्छा है। समय-समय पर समाजवादी पार्टी के विधायक मध्य प्रदेश में चुनाव जीतते रहे हैं और जनता के हक और अधिकार की लड़ाई लड़ते रहे हैं।

पार्टी के मुख्य प्रवक्ता राजेंद्र चौधरी ने बताया कि अपने दो दिवसीय दौरे के दूसरे दिन गुरुवार को अखिलेश यादव ने मध्य प्रदेश के खजुराहो में आयोजित कहा कि हमने मध्य प्रदेश में संगठन और नेताओं के साथ बातचीत की है। समाजवादी पार्टी का संगठन जिन क्षेत्रों में मजबूत है और जहां पर हमारे प्रत्याशी जीतने की स्थिति में हैं, वहां पर चुनाव लड़ेंगे। पिछले विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी एक सीट जीती और कई स्थानों पर बहुत मजबूती से चुनाव लड़ी लेकिन भाजपा ने साजिश और षडयंत्र के तहत सपा प्रत्याशियों को हरवा दिया। यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी इंडिया गठबंधन के साथ है। हम (पीडीए) पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यकों को एकजुट करके भाजपा को हराने की रणनीति पर काम कर रहे हैं। समाजवादी पार्टी इंडिया गठबंधन को और मजबूत करने का काम कर रही है। केंद्र में 2024 में इंडिया गठबंधन की सरकार बनना तय है। मध्य प्रदेश में भी भाजपा को हराने और सत्ता परिवर्तन में समाजवादियों की महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी। समाजवादी पार्टी को सरकार में आने का मौका मिला तो मध्य प्रदेश में माता बहनों को हर महीने 6 हजार देकर उनकी मदद करेंगे। आदिवासियों को उनका हक और सम्मान दिलाएंगे और घर बनाने के लिए लाख रुपये दिए जाएंगे। समाजवादी पार्टी मध्य प्रदेश में जातीय जनगणना कराकर सभी जातियों को उनका हक और सम्मान दिलाएगी। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा पिछले 20 वर्षों से मध्य प्रदेश की सत्ता पर काबिज है लेकिन उसने पिछड़ों को पूरा आरक्षण नहीं दिया। केंद्र और प्रदेश दोनों जगह लंबे समय से भाजपा की सरकार होने के बावजूद उसने आदिवासियों, पिछड़ों, दलितों, किसानों की उपेक्षा की। भाजपा सरकार ने मध्य प्रदेश में वंचित वर्गों को न हक दिया और न सम्मान दिया। मध्य प्रदेश में महिलाओं, बहन, बेटियों के साथ बहुत ज्यादा अन्याय और अत्याचार हो रहा है लेकिन भाजपा सरकार उन्हें सुरक्षा नहीं दे पा रही है। एनसीआरबी के आंकड़ों से स्पष्ट है कि भाजपा शासित राज्य उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश महिला अपराधों के मामले में देश में सबसे ऊपर हैं।

यादव ने कहा कि बीजेपी मध्य प्रदेश और अन्य राज्यों की विधानसभाओं के चुनाव में महिलाओं को 33 प्रतिशत सीटों पर टिकट क्यों नहीं दे रही है? उन्होंने कहा कि भाजपा सिर्फ सपने दिखाती है और धोखा देती है। मध्य प्रदेश में किसान, नौजवान, गरीब सभी वर्ग दुखी हैं।

यादव ने कहा कि भाजपा की गलत आर्थिक नीतियों के कारण देश और प्रदेश की अर्थव्यवस्था तबाह हो रही है। नौजवानों के हाथ खाली हैं, उन्हें नौकरी और रोजगार नहीं मिल रहा है। बेरोजगारी और महंगाई चरम पर है। डीजल, पेट्रोल, रसोई गैस, खाने, पीने की चीजें, दवाए इलाज सब महंगा हो गया है, इसके लिए केंद्र और प्रदेश की भाजपा सरकार जिम्मेदार है।

## अखिलेश ने स्वामीनाथन के निधन पर गहरा शोक जताया

**लखनऊ।** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भारत के महान कृषि वैज्ञानिक एवं हरित क्रांति के जनक कहे जाने वाले एमएस स्वामीनाथन के निधन पर गहरा शोक जताते हुए दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की और शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। अखिलेश यादव ने कहा कि श्री एमएस स्वामीनाथन ने भारत में कृषि के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य किया था। धान की किस्मों को वैज्ञानिक और तकनीकी रूप से विकसित कर किसानों को अधिक उपज दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। कृषि उत्पादन के क्षेत्र में भारत को आत्मनिर्भर बनाने के लिए उन्हें याद किया जाता है।

## रालोद ने नियुक्त किये 12 उपाध्यक्ष सहित 30 महासचिव

**लखनऊ।** राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी जयन्त सिंह अनुमति से राष्ट्रीय लोकदल के प्रदेश अध्यक्ष रामाशीष राय ने प्रदेश कार्यकारिणी की घोषणा की है, जिसमें 12 उपाध्यक्ष व 30 महासचिव हैं। राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय प्रवक्ता अनिल दुबे ने बताया कि राय ने योगराज सिंह, अजीत दौला, हाजी वसीम हैदर, सुरेश गुप्ता, कुँवर नरेंद्र सिंह, सन्तोष कुमार मिश्र, नरेंद्र खजूरी, रामआसरे विश्वकर्मा, चंद्रबली यादव, बद्री पटेल, कुअँर अयूब अली व आदित्य विक्रम सिंह को उपाध्यक्ष मनोनीत किया है। दुबे ने बताया कि शैलेंद्र यादव, चौधरी फहीमुद्दीन, विमलेश पाठक, तिरसपाल मलिक, जितेंद सिंह, राज प्रताप त्रिपाठी, चंद्रपाल सिंह, अम्बुज पटेल, रजनीकांत मिश्रा, मौलाना नजमुद्दीन कासमी, हवलदार यादव, अशोक चौधरी, अटल चौधरी, सुभाष गूजर, विश्वेष नाथ मिश्रा, अरुणेंद्र पटेल, रमावती तिवारी, आर पी सिंह चौहान, धीर सिंह एडवोकेट, कपिल चौधरी, इमरान हैदर रिजवी, जसवंत सिंह, विजय कौशिक, विजय यादव, शाहनवाज खान, मनोज सिंह चौहान, शिवकुमार त्यागी रामबहादुर चौधरी, रामनिवास पाल को महासचिव मनोनीत किया है। दुबे ने सभी मनोनीत पदाधिकारियों को बधाई देते हुए आशा की है कि सभी पदाधिकारी चौधरी चरण सिंह व चौधरी अजित सिंह की विचारधारा व चौधरी जयन्त सिंह के नेतृत्व को मजबूत करने का काम करेंगे।

# पूर्व एमएलसी दीपक सिंह के खिलाफ फर्जी मुकदमा दर्ज कराना कायरता

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

## कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने कहा, हम योगी सरकार से डरने वाले नहीं



**प्रदेश** कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने कहा है कि जनसेवा को समर्पित मुंशीगंज, अमेठी स्थित संजय गांधी अस्पताल को षड्यंत्र के तहत बंद करवाना अमेठी, सुल्तानपुर, रायबरेली और प्रतापगढ़ सहित अनेक निकटस्थ जनपदों की आम एवं गरीब जनता के विरोध में लिया गया निर्णय है। इसके पीछे अमेठी की सांसद एवं केंद्रीय मंत्री स्मृति जुबिन ईरानी तथा योगी सरकार है, तथा यह उनकी जनविरोधी नीतियों का हिस्सा है। इसी के तहत वहां पर आंदोलनरत पूर्व एमएलसी दीपक सिंह के विरूद्ध गुरुवार को फ र्जी मुकदमा दर्ज कराया गया है। सरकार हमको डराना चाहती है लेकिन हम डरने वाले नहीं हैं। उन्होंने कहा कि इस अस्पताल को खुलवाने के लिए वहां पर लगातार सत्याग्रह एवं धरना चल रहा है। जिसमें बड़ी संख्या में कांग्रेसजन एवं स्थानीय नागरिक शामिल हैं। कांग्रेस पार्टी के पूर्व एमएलसी दीपक सिंह जो धरने में शामिल हैं, उनके खिलाफ फ र्जी मुकदमा कायम करवाना सरकार की कांग्रेसजनों को डराने की कोशिश है। शांतिप्रिय तरीके से चले रहे सत्याग्रह को कुचलने के लिए एफआईआर दर्ज करवाना योगी सरकार की कायरता है लेकिन कांग्रेस पार्टी और इसके नेता एवं कार्यकर्ता डरने और झुकने वाले नहीं है । यह आंदोलन अस्पताल की मान्यता बहाल होने एवं सुचारू रूप से पुनः चालू होने पर ही समाप्त होगा। राय ने कहा की इस अस्पताल के माध्यम से आसपास के जनपद वासियों को सुलभ एवं सस्ता इलाज मिलता थाद्ध आंख का भी बेहद सस्ते दामों पर ऑपरेशन संभव हो पाता था। लोगों की जान बचाई जाती थी। इससे भयभीत स्थानीय सांसद एवं केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी एवं प्रदेश की योगी सरकार ने साजिश के तहत इस अस्पताल की मान्यता समाप्त कर इसे सील करवा दिया है।

इस कुकृत्य से जनता में व्यापक आक्रोश है। आम जनता एवं आसपास के जिलों के कांग्रेस जन वहां पर लगातार आंदोलनरत हैं। इससे घबराकर प्रदेश सरकार ने अपने स्थानीय सांसद के इशारे पर दीपक सिंह पूर्व एमएलसी के खिलाफ फ र्जी मुकदमा दर्ज करवा दिया है, यह बेहद निंदनीय कृत्य है।

उन्होंने कहा की स्मृति ईरानी अथवा योगी सरकार कांग्रेसजनों को डराने की लाख कोशिश कर ले लेकिन हम डरने वाले नहीं है। हम डरने एवं झुकने वाले नहीं हैं। यह एक जनविरोधी और गरीब विरोधी कार्य है जिसका हम डटकर मुकाबला करेंगे। आम जनता की सेवा के इस मंदिर को हम बंद नहीं होने देंगे चाहे कितने भी एफ आईआर दर्ज कर दिए जाएं, उत्पीड़न और दमन की कितनी भी कार्रवाई की जाए हम डटकर मुकाबला करेंगे, लड़ेंगे और जीतेंगे।

# महापौर की उपस्थिति में सेवा पखवाड़े पर अनुसूचित बस्ती संपर्क अभियान

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**महापौर** की उपस्थिति में भाजपा द्वारा मनाए जा रहे सेवा पखवाड़े के तहत अनुसूचित बस्ती संपर्क अभियान में मध्य विधानसभा मंडल 3 रानीलक्ष्मी बाई वार्ड के अनुसूचित बस्ती में जनसंपर्क किया गया। इस अभियान के तहत अनुसूचित बस्ती में जनसंपर्क कर अनुसूचित जाति के लिए सरकार द्वारा किए गए विकास कार्यों की चर्चा की गई।

गुरुवार को पुराने लखनऊ के रानीलक्ष्मीबाई वार्ड के अनुसूचित बस्ती में घर घर सम्पर्क करते हुए महापौर सुषमा खर्कवाल ने अनुसूचित वर्ग के विकास और कल्याण के लिए मोदी-योगी सरकार को बधाई दी गई। इस दौरान महापौर ने कहा कि अनुसूचित वर्ग के कल्याण व विकास के लिए भाजपा सरकार ने जो किया, वह अभी तक किसी सरकार ने नहीं किया। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार न सिर्फ बाबा साहब भीमराव आंबेडकर का सम्मान करती है, बल्कि उनकी विरासत को भी आगे ले जा रही है। उन्होंने कहा कि सरकार समाज के अंतिम व्यक्ति के उत्थान के लिए कार्य कर रही है। पंडित दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय सपने को भी साकार कर रही है। आज अनुसूचित वर्ग के लोग भी मानते हैं कि सरकार उनके हितों के प्रति गंभीर है और योजनाओं के जरिये सभी का उत्थान कर रही है। इस बीच उन्होंने जनता से एकजुट होकर 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा का साथ देने और केंद्र में पुन: नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पूर्ण बहुमत की सरकार बनाने हेतु आह्वान किया। इस अभियान में प्रमुख रूप से दीपक सोनकर शैलू नगर महामंत्री अनुसूचित मोर्चा पार्षद प्रत्याशी राहुल सोनकर, मंडल अध्यक्ष अनुसूचित मोर्चा, पीयूष सोनकर, मंडल मंत्री प्रशांत सोनकर, सेक्टर संयोजक सुरेश सैनी एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# स्वच्छता की पड़ताल करने पहुंचे विधायक

## नदारद मिले दो सफाई कार्मिक किए गए निलंबित

संवाददाता। लखीमपुर खीरी



**जिले** में जेई, एईएस, स्क्रब टाइफस जैसी बीमारियों की रोकथाम के लिए डीएम महेंद्र बहादुर सिंह के निर्देश पर गांवों में विशेष सफाई अभियान चलाया जा रहा है। स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े के तहत स्वच्छता अभियान को गति देने के लिए सीडीओ अनिल कुमार सिंह व विधायक योगेश वर्मा ने डीपीआरओ सौम्यशील सिंह संग गुरुवार को स्वयं मार्निंग फालोअप करने निकले।

विधायक और सीडीओ ने सदर ब्लॉक के गांव चंदपुरा, मुड़ियाखेड़ा, रामापुर में मार्निंग फालोअप के दौरान लोगों को स्वच्छता का महत्व बताया और लोगों को साफ-सफाई के लिए प्रेरित किया। निरीक्षण के दौरान रामापुर ग्राम पंचायत में सफाई कर्मी सीमा वर्मा व सुमन वर्मा अनुपस्थित मिली, जिस पर सीडीओ ने घोर अप्रसन्नता जाहिर की।डीपीआरओ ने नदारत सफाई कर्मी को निलंबित करते हुए निलंबन आदेश जारी किया। निरीक्षण के दौरान ग्राम पंचायत मुड़िया खेड़ा में सड़क पर घूरा, गोबर डालने वाले पर विधायक ने गहरी नाराजगी जताई। रामापुर में हाईवे पर अतिक्रमण कर गंदगी फैलाने वाले दुकानदारों को अफसरो ने तत्काल दुकान हटाने के लिए निर्देशित किया। सीडीओ ने एडीपीआरओ को सफाई व्यवस्था का लगातार अनुश्रवण करने के निर्देश दिए। ग्राम चंदपुरा एवं मुड़िया खेड़ा में हर घर जल मिशन द्वारा कई छतिग्रस्त सड़को एवं खड़ंजों की मरम्मत न होने पर नाराजगी व्यक्त की।

विधायक सदर योगेश वर्मा ने कहा कि स्वच्छता से ही ग्रामीण स्वस्थ्य होंगे तभी तेजी से विकास होगा। 02 अक्टूबर तक लगातार वह इसी प्रकार औचक निरीक्षण करेगे। सीडीओ अनिल कुमार सिंह ने अभियान में सहकारी समितियों की सहभागिता बढ़ाने पर जोर दिया। डीपीआरओ ने कहा कि संचारी रोग की रोकथाम के लिए विशेष सफाई अभियान का रोस्टर बनाया गया है। रोस्टर के अनुसार सफाईकर्मी गांव जाकर सफाई करें। गांव में साफ सफाई व्यवस्था को लेकर लगातार निरीक्षण किए जा रहे हैं, जो भी सफाई कर्मचारी कार्य में लापरवाही बरतेगा या अनुपस्थित मिलेगा। उस पर कार्रवाई होगी। डीएम ने काम न करने वाले सफाई कर्मियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई के लिए स्पष्ट निर्देश दिए हैं। निरीक्षण के दौरान एडीओ पंचायत अनिल मिश्रा, जिला कंसलटेंट नंद किशोर दीक्षित भी मौजूद रहे।

# संगठन में ही होती है शक्तिः राजकुमार

संवाददाता। निघासन खीरी

**ढखेरवा** रोड़ ऊषा इवेंट गार्डेन में अखिल भारतीय पाल महासभा का सम्मेलन आयोजित किया गया।



कार्यक्रम में पहुंचे मुख्य अतिथि अपना दल के प्रदेश अध्यक्ष राजकुमार पाल का समाज के लोगों द्वारा जोरदार स्वागत किया गया। यह कार्यक्रम डॉ कमलेश पाल के आयोजन में सम्पन्न हुआ।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि ने कहा कि समाज को एकजुट होने की जरूरत है जब हम लोग एकजुट होंगे तो संगठन को मजबूती मिलेगी। समाज की पार्टियों में जितनी भागीदारी हो उतनी हिस्सेदारी होनी चाहिए। समाज को शिक्षा पर विशेष ध्यान देना होगा सभी बच्चों को अच्छी सी अच्छी शिक्षा प्रदान कराएं और बेटियों को जरूर पढ़ाएं। समाज को नशा मुक्ति होना चाहिए। बच्चों को अच्छे से अच्छे संस्कार देना चाहिए। कार्यक्रम में आए हुए सभी सामाजिक बंधुओं का आभार डॉ कमलेश पाल ने व्यक्त किया। इस दौरान धर्मेंद्र पाल, अवधराम पाल, स्वामी दयाल पाल, रामपाल दयाशंकर पाल सभासद, रोहित पाल,इंद्रेश पाल,देशराज पाल,अजय पाल,सर्वेश पाल,मुनेश पाल, वेदप्रकाश पाल,क्षेत्र के तमाम पाल समाज के लोग मौजूद रहे।

# बडी अकीदत के साथ मनाया गया जश्ने मोहम्मदी, जगह-जगह निकले जुलूस

संवाददाता। मोहम्मदी खीरी

## 12 रबी उल अव्वल को लेकर दिखा जोश

**12 रबी** उल अव्वल को लेकर मुस्लिम समुदाय में काफी जोश व उत्साह दिखाई दिया और बहुत बड़ी संख्या में लोगों ने जुलूस में



शिरकत की। जुलूस ए मोहम्मदी अमीर नगर,गांव छोलाबारी, खजुरिया, करौंदा, बंजरिया, पिपरिया कप्तान, चठिया, रामपुर मदारी, मूड़ा पड्सर व निजाम, उम्मरपुर, बसखेड़ा, कैहमारिया, मतलूकपुर,नौरंगाबाद आदि गांव में निकाला गया जुलूस ए मोहम्मदी में हिस्सा लेने वालों के लिए जगह जगह जल पान की व्यवस्था की गई पुलिस टीम अपनी समस्त फोर्स के साथ मौजूद रही जिससे जुलूस ए मोहम्मदी शांति पूर्ण रूप से निकाला गया।

# बीडीसी को दिए जाएं अधिकारः पूरन लाल

संवाददाता। बरेली




**फतेहगंज** पश्चिमी प्रधान क्षेत्र पंचायत स्वाभिमान संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष पूरन लाल कश्यप ने बरेली जिले के बीडीसी सदस्यों से 6 अक्टूबर को इको गार्डन लखनऊ में शांतिपूर्ण धरने प्रदर्शन में चलने का किया आवाहन उन्होंने कहा कि बीडीसी सदस्यों को भी प्रधानों की तरह है 7 हजार रुपए मानदेय व क्षेत्र के विकास के लिए 20 लख रुपए विकास निधि होनी चाहिए और जो शासन ने बीडीसी सदस्यों को अधिकार दिए हैं साल में 6 मीटिंग 3 लाख बीमा नरेगा कार्यों का उन्हें कड़ाई से लागू होना चाहिए जैसे4रूपंचम वित्त 15वा वित्तीय व ग्राम निधि का 30: व ग्राम पंचायत के विकास कार्य की क्षेत्र पंचायत सदस्य द्वारा की जाय व क्षेत्र पंचायत सदस्य द्वारा कार्य कराया जाए इन सभी मांगों को लेकर हम प्रदेश के 88 हजार क्षेत्र पंचायत सदस्य क्षेत्र पंचायत स्वाभिमान आंदोलन के रूप में बीडीसी बचाओ आंदोलन 6 अक्टूबर को इको गार्डन लखनऊ में राष्ट्रीय अध्यक्ष नवनीत शुक्ला व प्रदेश अध्यक्ष साजिद तुर्क के नेतृत्व में कर रहे हैं। इस अवसर पर उपस्थित प्रधान क्षेत्र पंचायत स्वाभिमान संघ के पद अधिकारी गण प्रदेश मंत्री गोपेंद्र पाल सिंह, जिला अध्यक्ष राम बहादुर साहू ने ब्लॉक अध्यक्षों व बीडीसी सदस्यों में जोश भरा और अपने विचार व्यक्त कर लखनऊ चलने का आवाहन किया। इस मौके पर बैठक में मौजूद फतेहगंज पश्चिमी ब्लॉक प्रमुख पति सत्येंद्र यादव, जिला उपाध्यक्ष उरमान शाह, ब्लॉक अध्यक्ष बीडीसी सदस्य मुनीश मौर्य, प्रेमपाल, सत्यपाल, रतनलाल, डॉ केपी मौर्य, कान्ता प्रसाद, धर्मेंद्र, लालता प्रसाद, कृष्णपाल, जयपाल सिंह, निजामुद्दीन, उरमान शाह, राजीव सिंह यादव, मनीष कुमार, महिपाल, हरीश गंगवार, मोहम्मद आरिफ प्रेमपाल शर्मा आदि 15 ब्लॉकों के ब्लॉक अध्यक्ष व बीडीसी सदस्य उपस्थित रहे।

# ई रिक्शा की टक्कर से दुकानदार की हुई मौत

**बरेली।** सड़क किनारे दुकान लगाकर खाना बेचने वाले एक दुकानदार को अचानक तेजी से आई ई रिक्शा ने टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया इलाज के दौरान जिला अस्पताल में उसकी मौत हो गई दुर्घटना के बाद टक्कर मारने वाला वाहन फरार हो गया लाश को पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेजा ।सुभाष नगर थाना क्षेत्र के गांव करगेना निवासी 53 वर्षीय शांति किशोर की बीती रात इलाज के दौरान जिला अस्पताल में मौत हो गई मृतक के घर वालों ने बताया कि शांति किशोर चौकी चौराहा के पास सड़क किनारे दुकान लगाकर रात के समय खाना बेचता था कल रात को लगभग 10बजे वह सड़क किनारे खड़े होकर दुकान लगा रहे थे इसी दौरान तेजी से आ रही एक कार ने उनके पास खड़ी ई रिक्शा में टक्कर मार दी जिससे ई-रिक्शा तेजी से शांति किशोर को टक्कर मारते हुए आगे बढ़ गया दुर्घटना में शांति किशोर गंभीर रूप से घायल हो गए दुर्घटना के बाद ई रिक्शा का चालक वाहन लेकर फरार हो गया और टक्कर मारने वाली कार भी तुरंत मौके से फरार हो गई घटना की सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस में घायल को इलाज के लिए जिला अस्पताल भेज कर उसके घर वालों को सूचना दी जो जिला अस्पताल पहुंच गए जहां कुछ देर बाद ही शांति किशोर ने दम तोड़ दिया पुलिस ने लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेजा ।

# स्वच्छता सेवा के अंतर्गत चलाया सफाई अभियान



**बरेली ।** भारत सरकार द्वारा 15 सितंबर से 02 अक्टूबर तक चलाये जा रहे स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत कचरा मुक्त देश बनाना है इसी उद्देश्य से कैंट बोर्ड कार्यालय द्वारा गुरुवार को सदर बाजार के गोल मार्केट में धोपेश्वर नाथ मंदिर रोड पर सफाई अभियान चलाया गया।कैंटोनमेंट बोर्ड के सफाई निरीक्षक मनोज कुमार तिवारी ने बताया कि स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत कैंटोनमेंट बोर्ड पूरे कैंट क्षेत्र में बीआई बाजार , धोपेश्वर नाथ मंदिर , कैंट इलाके में विशेष प्रकार का सफाई अभियान चला कर स्वच्छता का संदेश दे रहे है क्योंकि सफाई ही इंसान को स्वस्थ रखती है । स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत कैंटोमेंट बोर्ड के प्रत्येक वार्ड में सफाई अभियान जोरों पर जारी है आज धोपेश्वर नाथ मंदिर पर मेला लगा है मेले में भी सफाई का विशेष ध्यान रखा गया है।सफाई अभियान के दौरान सफाई निरीक्षक मनोज कुमार तिवारी, सहायक सफाई निरीक्षक राजेश कुमार , सुपरवाइजर अभिजीत साथ मे अनेक सफाई कर्मचारी मौजूद रहे।

## क्विक न्यूज

### दो डंफर और एक जेसीबी हुई सीज

**मोहम्मदी खीरी।** अबैध खनन करते पकडी गये दो डमफर और एक जेसीबी, हुई सीज,ऊचौलिया थाने मे देर रात उपजिलाधिकारी अवनीश कुमार के निर्देश पर पुलिस और प्रशासन की अवैध खनन को लेकर बड़ी कार्रवाई देर रात की गयी जिसमे मिट्टी खनन करते हुए 2 डंपर 1 जेसीबी हुई सीज, मौके पर पुलिस और नायब तहसीलदार हर्ष निषाद ने करी सीज,खनन माफियाओं मे हडकंप, रिर्पोट खनन अधिकारी को भेजी गयी,गौरतलब है कि रात होते ही पसगवां और ऊचौलिया मे खनन माफिया बेखौफ होकर खनन करते है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार इन खनन माफिया पर किसी न किसी राजनेता का हाथ होना बताया जा रहा है परंतु पिछली रात प्रशासन में बड़ी कार्रवाई करते हुए दो डंपर एक जेसीबी सीज की है।

### एक लाख का इनामी सद्दाम गिरफ्तार

बरेली। प्रयागराज में हुए अधिवक्ता राजू पाल की हत्या की साजिश को लेकर बरेली सुर्खियों में आ गया था पुलिस जांच में पता चला कि हत्या की पटकथा बरेली जिला जेल में माफिया अतीक के भाई अशरफने अपने साले सद्दाम व लल्ला गद्दी की मदद से रची थी ।इस मामले में अतीक व अशरफव की हत्या कर दी गई लेकिन उसके मददगार अशरफका साला सद्दाम फरार चल रहा था इस मामले में अधिकारियों ने जेल अधीक्षक समेत उसकी मदद करने वाले जेल कर्मियों को निलंबित कर दिया था लल्ला गद्दी को भी पुलिस गिरफ्तार कर चुकी है इस मामले में अशरफका साला सद्दाम फरार चल रहा था उसके ऊपर एडीजी ने एक लाख का इनाम घोषित कर रखा था जबकि दुबई में उसका फोटो वायरल होने के बाद समझा जा रहा था कि वह देश छोड़कर चला गया है लेकिन वह लगातार जगह बदल रहा था एसटीएफकी टीम ने उसे दिल्ली के मालवीय नगर में एक फ्लेट से गिरफ्तार किया है बरेली लाकर उससे बिथरी थाने में पूछताछ कर रही है एसटीएफसीओ अब्दुल कादिर ने बताया उसको गिरफ्तार कर लिया गया है सद्दाम से पूछताछ जारी है ।

### विस्तार की योजना

लखनऊ। क्लियर प्रीमियम वॉटर ने अपने प्राकृतिक मिनरल वॉटर ब्रांड के लॉन्च पर एक महत्वपूर्ण घोषणा की है। क्लियर प्रीमियम वॉटर द्वारा प्रीमियम पेशकश के रूप में तैनात एनयू प्राकृतिक मिनरल वॉटर की एक रेन्ज है, जो पानी के मूल स्रोत से बोतलबंद की गई है। जो चीज़ वास्तव में इस ब्रांड को अलग करती है, वह है हिमालय के सार को समाहित करने का इसका असाधारण दृष्टिकोण दुनिया की उंचाई से तत्वों को सीधे आपकी स्वाद इन्द्रियो तक लाना। यह जल्द ही उत्पाद का विस्तार करेगा।

### सड़क दुर्घटना में युवक घायल

बरेली । दो मोटरसाइकिल के बीच हुई आमने-सामने की टक्कर में घायल युवक को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया ।बारादरी थाना क्षेत्र के मोहल्ला सूफी टोला निवासी सलीम पुत्र हमीद को बीती रात पुलिस ने जिला अस्पताल में भर्ती कराया जहां उसके घर वालों ने बताया कि सलीम कल रात में पुराना शहर में निकल रहे जुलूस को देखने के लिए घर से निकला था इसी दौरान वह अपने किसी परिचित से पैसे लेने के लिए श्यामगंज गया था जहां पुल के नीचे उसकी बाइक सामने से आ रही दूसरी बाइक से टकरा गई जिससे सलीम घायल हो गया और टक्कर मारने वाली बाइक फरार हो गई सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने सलीम को इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा ।

### जहरीला पदार्थ खाने से युवक की हालत बिगड़ी

बरेली। तनाव ग्रस्त चल रहे युवक ने जहरीला पदार्थ खा लिया उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया ।सुभाष नगर थाना क्षेत्र की खन्ना बिल्डिंग के पास रहने वाले नरेंद्र कुमार सक्सेना को बीती रात उसकी मां नीरू ने इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया जहां उसने बताया कि नरेंद्र कुमार पिछले कुछ दिनों से मानसिक रूप से तनावग्रस्त चल रहा है और बीती रात पत्नी से हुए विवाद के बाद उसने जहरीला पदार्थ खा लिया जिससे उसकी हालत बिगड़ गई पता चलने पर मां ने उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया उसकी हालत खतरे से बाहर बताई जाती है ।

# ईद ए मिलादुनबी पर निकला परचमे मोहम्मदी का विशाल जुलूस

संवाददाता। संडीला(हरदोई)





**पैo** हज़रत मोहम्मद (सलo) के यौमें विलादत के मौके पर परचमे मोहम्मदी का विशाल जुलूस पूरी आन बान और शान के साथ निकाला गया। यह जुलूस इतना विशाल था कि नगर के मुख्य मार्ग से तीन घण्टे तक गुजरता रहा। जूलस में कई स्थानों पर हिन्दू भाईयों ने भी फूल बरसा कर लोगों का स्वागत किया।

ईद ए मिलादुननबी के मौके पर बुद्धवार की रात बेगम साहब की मस्जिद से कदीमी परचमे मोहम्मदी का जुलूस जो सैकड़ों वर्षों से लगातार निकल रहा है, पूरी आन बान शान के साथ निकाला गया। इस मौके पर सारे नगर में रोशनी की गयी। विभिन्न झाकियों को सजाया गया। रात के समय इस परचम का जुलूस नगर के मुख्य मार्ग से निकाला गया। स्थान स्थान पर लोगों ने लंगर का भी आयोजन किया।

गुरुवार को मदरसा गौसिया में कुरआन ख्वानी के बाद ईद ए मिलादुननबी का आयोजन किया गया और इसके बाद इस्लामी परचमों को शोभा यात्रा को मौ0 मेंहदी हसन ने हरी झण्डी दिखाकर और अन्जुमन मुफीदुल मुस्लिमीन के सदर डॉ0 अहमद सईद के नेतृत्व में यह जुलूस निकाला गया जिसमें शहर काज़ी मो0 आरिफ अब्दुल्ला के अलावा डॉ0 अशहर सईद, परचमे मोहम्मदी कमेटी के सद्र फरीदउद्दीन अहमद, नौमान खां, काशिफ हसन मक्की समेत बड़ी संख्या में नगर के प्रतिष्ठित व्यक्ति शामिल थे। झण्डों की शोभा यात्रा निकलनी शुरु हुई। इस शोभा यात्रा में हजारों विशालकाय झण्डे, झाकियां, ट्रैक्टर ट्रालिया, घोड़े, बग्घी, छोटे बड़े वाहनों पर सजी झाकिया शामिल थीं। यह जुलूस छोटे चौराहे से होकर इमलियाबाग, मण्डई होते हुए नगर के मुख्य मार्ग से निकलना शुरू हुआ। इस विशाल जुलूस को मुख्य मार्ग से गुजरने में 3 घण्टे से अधिक का समय लग गया। जब यह जुलूस बस अड्डा पर पहुंचा तो नगर पालिका परिषद के चेयरमैन मो0 रईस अंसारी ने इसका स्वागत किया।

झण्डों की इस शोभा यात्रा का श्री महावीर जी झण्डा मेला कमेटी के अध्यक्ष शैलेश अग्निहोत्री द्वारा शानदार स्वागत किया गया। इसके अलावा अन्य कई जगहों पर हिन्दू भाईयों ने इस जुलूस का स्वागत किया और फूल बरसाए और संदीला की गंगा जमुनी तहजीब को बनाए रखाा। जूलूस का समापन मोहल्ला किसान टोला से होते हुए आसताना झाड़ी शाह में हुआ।

# धोपेश्वर नाथ मंदिर के सरोवर में स्नान करने से शारीरिक रोग होते हैं ठीक

संवाददाता। बरेली

**थाना** कैंट क्षेत्र के धोपेश्वर नाथ मंदिर में लाखो की संख्या में श्रद्धालुओं ने मेले में भाग लिया श्रावण माह समाप्त होते ही भादों का महीना लगने के बाद यहां पर लाखो की संख्या में श्रद्धालु आते हैं और धोपेश्वर नाथ मंदिर में बने सरोवर में स्नान करके प्रसाद चढ़ाते हैं।जानकारी देते हुए आचार्य घनश्याम जोशी ने बताया की बरेली को नाथ नगरी कहा जाता है जिसमें से एक धोपेश्वर नाथ मंदिर की भी एक अलग महत्वता है और लाखों की तादाद में आज यहां श्रद्धालु धोपेश्वर नाथ मंदिर पहुंचे हुए हैं बताया कि जिस भक्त की जो भी समस्या होती है शारीरिक रोग किसी प्रकार के होते हैं परेशानियां होती है वह सरोवर में स्नान करके प्रसाद चढ़ाते हैं उनके सारे कष्ट दूर हो जाते हैं यह ग्रामीण क्षेत्र का एक बड़ा मेला है और इस मेले का यह महत्व है कि यहां पर लोग एक दूसरे से मिलते हैं और मंदिर में प्रसाद चढ़ाते हैं



# श्री गणेश की शोभायात्रा रामगंगा में किया विसर्जन

संवाददाता। बरेली

**बिहारीपुर** दरगईया गली स्थित श्री शिव शक्ति दुर्गा जी धाम मंदिर पर 30 वे गणेश उत्सव के अंतिम दिन श्री गणेश जी की गुरुवार को शोभा यात्रा निकालकर विसर्जन किया गया भक्त गण गणपति बप्पा मोरिया अगले बरस तू जल्दी आ जयकारे लगाते हुए एक दूसरे पर गुलाल उड़ा रहे थे इसके अलावा कई स्थानों पर मटकी फोड़ी गई इससे पहले श्री गणेश पंडाल में हवन पूर्ण आहुति का भी आयोजन किया गया जिसमें भारी संख्या में भक्तों ने हवन में पूर्ण आहुतियां दी विसर्जन शोभायात्रा की मुख्य अतिथि पूर्व महापौर कुँवर सुभाष पटेल रहे उन्होंने श्री गणेश महाराज जी की आरती उतारी व हरी झंडी दिखाकर विसर्जन शोभायात्रा प्रारंभ की शोभायात्रा में दो बैंड बाजा, एक पंजाबी ढोल, एक डीजे भी रहा। शोभा यात्रा का रास्ते पर नाश्ते व जलपान के साथ स्वागत किया गया शोभा यात्रा बिहारीपुर टंडन बाड़ा, बीवी जी की मस्जिद, बैंक ऑफ बड़ोदा, ख्वाजा कुतुब, सौदागरान, सीताराम कुंचा, साहूकारा होते हुए किला फाटक पर संपन्न हुई सभी मूर्तियों को गाड़ी में रखकर रामगंगा रवाना किया गया।रामगंगा पहुंचने पर सभी मूर्तियों की पूजा अर्चना कर विसर्जन किया गया इसमें मुख्य रूप से विकास मेहरोत्रा, अमित अरोड़ा, विवेक कक्कड़, मुनीश कुमार, सिकंदर रस्तोगी, कमल टंडन, योगेश रस्तोगी, शिवा कक्कड़, डॉ राजीव रस्तोगी, अमन रस्तोगी, रुचि रस्तोगी, गगन मेहरोत्रा, पुनीत मेहरोत्रा, विनीत कक्कड़, सचिन मेहरा , सिध्दांत अरोड़ा, भावना मेहरोत्रा, शोभना अरोड़ा, मोनिका मेहरा, भूपेंद्र जैन, नवीन सूरी, अंजु रस्तोगी, प्रमोद रस्तोगी आदि लोग उपस्थित रहे।



# भारत दुनिया का फिर से शक्तिशाली देश बने इसके लिए सभी भारतीयों को संकल्प लेने की है जरूर : मनोज सिन्हा

संवाददाता। गाजीपुर



**जनपद** में दो दिवसीय दौरे के दूसरे दिन गुरुवार को जमानिया तहसील में मनोज सिन्हा ने अलीपुर मंदरा गांव मे ग्राम पंचायत सचिवालय एवं अतिथि गृह का लोकार्पण फिता काटकर एवं शिलापट्ट का अनावरण करके किया। तत्पश्चात माता तेतरा देवी सच्चिदानंद गर्ल्स पीजी कालेज परिसर में तेतरा देवी के प्रतिमा का अनावरण भी किया। इस अवसर पर भारी संख्या में उपस्थित लोगों तथा छात्र छात्राएं भारी मात्रा मे उपस्थित रही। माता तेतरा देवी के पुण्य स्मृति को प्रणाम करते हुए मा मनोज सिन्हा ने कहा कि ग्राम पंचायत में नवनिर्मित सचिवालय और अतिथी गृह के लिए आप सभी बधाई के हकदार हैं।

कहा कि विगत नौ वर्षों में देश पूरी दुनिया को नेतृत्व देने में सक्षम हुआ है तथा विगत वर्षों की कुछ घटनाओं का मूल्यांकन करना चाहिए। जिसमें देश के सम्मान और मजबूती का आधार सुदृढ हुआ है, देश की प्रतिष्ठा बढी है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जो संकल्प लिया है कि देश जब आजादी का शताब्दी वर्ष मनाएगा तब वैसा भारत जो सोने की चिड़िया हो और जैसा उसका पूर्व में गौरव था?। हम उस समय विकासशील नहीं बल्कि विकसित भारत के नागरिक कहलाएं। मा मनोज सिन्हा ने कहा कि भारत का संविधान जैसे अधिकार देता है वैसे ही हमें अपने नागरिक कर्तव्यों को भी सोचना चाहिए जी 20 देशों की बैठक की सफलता भारत के लिए गौरव का विषय है। उन्होंने चंद्रयान 3 की सफलता पर कहा कि दक्षिणी ध्रुव पर भारत ने इतिहास रचा है और अब उसकी नजर सूर्य पर है। उन्होंने कहा कि सरकार योजनाओं से दलित आदिवासी महिलाओं को जो ताकत मिली है इस बदलाव की बाजार हमें सुपर पावर बनाने की ओर ले जाएगी आदि आबादी कैसे सशक्त हो उसका भी फैसला देश की सरकार ने कर दिखाया है। भारत फिर से दुनिया का ताकतवर देश बने वह सिर्फ हमारी जिम्मेदारी पर ही नहीं आज हर भारतवासी को इसके लिए संकल्प लेने की जरूरत है कि देश विकसित भारत बने। माता टेट्रा देवी सच्चिदानंद गर्ल्स पीजी कॉलेज के प्रबंधक अटल सिंह ने मा अतिथियों का स्मृति चिन्ह वस्त्र और पुष्प कुछ देकर स्वागत अभिनंदन किया। इससे पहले कालेज के विद्यार्थियों द्वारा अतिथियों का भव्य स्वागत पुष्प वर्षा कर किया गया। मा उप राज्यपाल मनोज सिन्हा ने माता तेतरा देवी प्रतिमा की आरती एवं पुष्पांजलि अर्पित कर अभिवादन अभिनंदन करते हुए पट खोलकर अनावरण किया।

इस अवसर पर प्रदेश सरकार के माननीय मंत्री गिरीश यादव, राज्य मंत्री अंबरीश भोला पुर्व एम एल सी केदारनाथ सिंह,भारतीय जनता पार्टी नवनियुक्त जिला अध्यक्ष सुनील सिंह, लोकसभा संयोजक कृष्ण बिहारी राय, सरोज कुशवाहा,सरोज मिश्रा,दुर्गविजय शर्मा, परियोजना निदेशक (पीडी) राजेश यादव, बेसिक शिक्षा अधिकारी हेमंत राव, श्यामराज तिवारी, शशिकांत शर्मा, कार्तिक गुप्ता,डा मुराहू राजभर, नीतीश दूबे आदि उपस्थित थे।

# फर्जी आबकारी अधिकारी बन वसूली करने वाला गिरोह चढ़ा पुलिस के हत्थे

● फर्जी प्रेस आई कार्ड व नकदी हुई बरामद

संवाददाता। चित्रकूट



**कोतवाली** कर्वी पुलिस ने फर्जी आबकारी अधिकारी व फर्जी पत्रकार बनकर वसूली करने वाले गिरोह का पर्दाफाश करते हुये तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से पुलिस ने वसूली के 10 हजार रुपये, मारुती कार व फर्जी आईडी कार्ड भी बरामद किया है।

क्षेत्राधिकारी नगर हर्ष पाण्डेय ने बताया कि अपराधियों के विरुद्ध की जा रही कार्रवाई के क्रम में चौकी प्रभारी परिक्रमा मार्ग प्रवीण कुमार सिंह द्वारा फर्जी आबकारी अधिकारी व फर्जी पत्रकर बनकर वसूली करने वाले गिरोह का पर्दाफाश करते हुये एक महिला सहित तीन अभियुक्तों को वसूली के 10 हजार रुपये, मारुती कार व फर्जी पत्रकार के आईडी कार्ड के साथ गिरफ्तार किया गया ।

उन्होंने बताया कि 27 सितम्बर को खोही तिराहा स्थित भांग की दुकान के सेल्समैन राघवेंद्र सिंह पुत्र राम सेवक सिंह निवासी शिवरामपुर थाना कोतवाली कर्वी जनपद चित्रकूट द्वारा थाना कोतवाली कर्वी में सूचना दी की मारुति कार से एक महिला सहित 3 व्यक्ति आबकारी अधिकारी बनकर उनकी दुकान से 06 साल के लिये जेल भेजने की धमकी देकर दस हजार रुपये ले गये है। इस सूचना पर मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने खोज प्रारम्भ की। प्रभारी निरीक्षक कोतवाली कर्वी द्वारा घटना का संज्ञान लेकर चौकी प्रभारी खोही परिक्रमा मार्ग को मुकदमे की विवेचना एवं अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु निर्देशित किया गया।

चौकी प्रभारी परिक्रमा मार्ग द्वारा मुखबिर की सूचना पर बेड़ी पुलिया स्थित शंकर ढाबा से अभियुक्त कृष्ण कुमार सिंह, मोहम्मद आमिर तथा रंजना विश्वकर्मा को गिरफ्तार किया गया ।

# डॉ. नंदिता पाठक को आइकॉन इंडिया वीमेन अचीवर्स अवार्ड



संवाददाता। चित्रकूट

**भारत** रत्न नानाजी देशमुख की प्रेरणा से यूपी-एमपी के सैकड़ों गांवों को स्वावलम्बी बनाने एवं महिला सशक्तीकरण के क्षेत्र में किए गए प्रयासों के चलते 30 सितंबर को हयात होटल दिल्ली में आइकॉन इंडिया वीमेन अचीवर्स अवार्ड 2023 से सम्मानित किया जायेगा।

आपको बता दे कि राष्ट्र ऋषि नाना जी देशमुख के सानिध्य में सामाजिक कार्यो में अग्रणी भूमिका निभाने वाली स्वच्छ भारत अभियान की ब्रांड एम्बेसडर डॉ नंदिता पाठक सामाजिक उद्यमी है। उनके द्वारा महिला सशक्तीकरण के क्षेत्र में किए गए प्रयासों के कारण 30 सितंबर को हयात होटल दिल्ली में आइकॉन इंडिया वीमेन अचीवर्स अवार्ड से सम्मानित किया जायेगा। डॉ नंदिता पाठक को पूर्व में भी उनके द्वारा किए गये सामाजिक कार्यों हेतु बड़े बड़े सम्मान मिल चुके हैं। डॉ पाठक ने आइकॉन इंडिया टीम की निदेशक महोदया का आभार व्यक्त करते हुए कहा की यह सम्मान बहुत महत्वपूर्ण सम्मान है। सम्मान प्राप्त होने पर व्यक्ति और ऊर्जा के साथ समाज के लिए काम करता है। नंदिता ने भारत रत्न नानाजी देशमुख जी को याद करते हुए कहा कि यह सम्मान राष्ट्रऋषि नानाजी देशमुख जी के आशीर्वाद से प्राप्त हो रहा है। डॉ नंदिता पाठक को महिला सशक्तीकरण के क्षेत्र में किए गए उल्लेखनीय कार्यो के लिए मिल रहे इस राष्ट्रीय सम्मान से चित्रकूट जिले में खुशी की लहर है।

# धूमधाम से निकाला गया बारावफात का जुलूस



संवाददाता। चित्रकूट

**जिले** में बारावफात का जुलूस धूमधाम से निकाला गया। गुरुवार को सवेरे से पुरानी बाजार चौराहा समेत कोलगदहिया गांव आदि में जुलूस के चलते खासी भीड़ देखने को मिली।

गुरुवार को बारावफात जुलूस को लेकर पुलिस एलर्ट मोड में दिखी। बुधवार को जिले की पुलिस ने शहर के मिश्रित आबादी वाले इलाकों में पैदल गश्त की। उन्होंने बताया कि शांति समितियों की बैठकों में पहले ही सभी से अपील की जा चुकी है कि कोई नयी परंपरा नहीं शुरू करने दी जाएगी। जिले के लोगों से अपील है कि वह आपसी भाईचारे के साथ शांतिपूर्ण तरीके से त्योहार मनायें। शांति और कानून व्यवस्था में बाधक बनने का प्रयास करने वालों के साथ पुलिस बेहद सख्ती से पेश आएगी।

ईद-ए-मिलाद के रूप में जाना जाने वाला मिलाद-उन-नबी पैगम्बर मुहम्मद के जन्मदिन के उपलक्ष्य में बारावफात मनाया जाता है। ये उत्सव मुहम्मद के जीवन और उनकी शिक्षाओं की भी याद दिलाता है। मिलाद-उन-नबी इस्लामी पंचांग के तीसरे महीने रबी-उल-अव्वल के 12वें दिन मनाया जाता है।

## जुलूस-ए-मुहम्मदी में उमड़ी अकीदतमंदों की भीड़



**फतेहपुर।** पैगम्बर-ए-इस्लाम हजरत मुहम्मद साहब का जन्मदिन शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में बेहद अकीदत व एतराम के साथ मनाया गया। पैदाइश की रात जगह-जगह सजावट के साथ चरागा किया गया। गुरूवार को जुलूस-ए-मुहम्मदी का नजारा देखते ही बना। शहर के लगभग दो दर्जन मुहल्लों से अंजुमन ने जुलूस निकाला। जुलूस के दौरान मुहम्मद साहब की शान में एक से बढ़कर एक नात शरीफपेश की गयीं। इसके अलावा पूरा शहर अल्लाहो अकबर, नारे तकबीर, नारे रिसालत या रसूलल्लाह के नारों से गूंजता रहा। जुलूस-ए-मुहम्मदी के निकलने वाले रास्तों पर आशिकाने रसूल ने स्टाल लगाकर जहां फूलों की बारिश की वहीं लोगों को विभिन्न तरह की व्यंजन सामग्री के साथ ही शर्बत व पानी पिलाकर सवाब हासिल किया। शहरकाजी मौलाना फरीद उद्दीन कादरी ने कहा कि पैगम्बरे इस्लाम कयामत तक के मनुष्यों के लिए नबी संदेष्टा व मार्गदर्शक बनाकर भेजे गये हैं। उनकी शिक्षा विश्व शांति का मूल मंत्र है।

# नम आंखों से राजापुर में किया गया गणपति बप्पा का विसर्जन



**राजापुर**, चित्रकूट। सद्भावना के साथ गोस्वामी तुलसीदास जी की जन्मभूमि राजापुर में गणेश महोत्सव के 10वें दिन ढोल नगाड़ों के बीच नगर भ्रमण के बाद गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन परम्परागत सिद्ध आश्रम सेधना बाबा के पास तालाब में में कड़ी सुरक्षा के बीच गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन नम आंखों के साथ किया गया। बताते चलें कि भाद्रपद मास के शुक्ल पक्ष की चतुर्थी को गणेश प्रतिमाओं की स्थापना भक्तों के द्वारा की गई थी। राजापुर कस्बे में 10 दिन गणेश प्रतिमाओं के पण्डालों में नर नारियों तथा भक्तों का हुजूम देखने को मिला और कस्बा सहित ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों ने बड़े भक्ति भावना से पण्डालों में जा जाकर भगवान गणेश की पूजा अर्चना व आरती करते रहे।

गणेश प्रतिमाओं की शोभा यात्रा ढोल नगाड़ों, शंख, मृदंग, शहनाई के साथ लोगों ने षाणपति बप्पा मोरिया, अगले बरस तुम जल्दी आनाष् के नारों के साथ नगर के स्मारक रोड से होते हुए मुख्य मार्ग, राधाकृष्ण मन्दिर, रामलीला रोड, सोनरहटी रोड, सब्जी मण्डी, गुड़ मण्डी, सर्राफा बाजार, तुलसी चौक होते हुए देर शाम विसर्जन स्थल सेधना बाबा तालाब में पहुंचकर कड़ी सुरक्षा के बीच गणेश जी को पूजा अर्चना करने के बाद नम आंखों से विसर्जन किया गया।

# इस्लाम देता है अमन और भाईचारे का संदेशः मौलाना साबिर

● हजरत मुहम्मद की यौमे पैदाइश पर निकाला जुलूस

संवाददाता। जालौन, उरई



**हजरत** मुहम्मद साहब की यौमे पैदाइश के मौके पर मुस्लिम समाज के लोगों ने नगर के प्रमुख मार्गों पर विशाल जुलूस निकाला। इस मौके पर हजरत मुहम्मद साहब को याद करने के साथ ही उनके किरदार के बारे में बताकर इस्लाम को मोहब्बत, अमन और भाईचारे का दूसरा नाम बताया गया।

ईद-उल-मिनादुन्नबी की पूर्व संध्या पर नगर के मोहल्ला नारोभास्कर व चिमनदुबे में मुस्लिम समाज के लोगों द्वारा की गई विशेष सजावट लोगों के आकर्षण के केंद्र में रही। इसके अलावा मार्गों पर की जाने वाली सजावट भी देखने वालों को चकित कर रही थी। बारह-रवी-उल-अव्वल के दिन मनाए जाने वाले हजरत मुहम्मद साहब के जन्म दिवस को लेकर मुस्लिम समुदाय के लोगों में खासा उत्साह रहता है। क्योंकि इसी दिन हजरत मुहम्मद साहब दुनिया में आए थे।

जुलूस में हजारों की संख्या में नए कपड़े व रंग-बिरंगी पगड़ी बांधकर साइकिल, रिक्शे, टैंपो, कार, घोड़े की सवारी के साथ लोग शामिल हुए। नगर के प्रमुख मार्गो से होकर निकलने वाले जुलूस में शांति बनाये रखने के लिए एसडीएम सुरेश कुमार व सीओ रविंद्र कुमार गौतम के नेतृत्व में कोतवाली प्रभारी विमलेश कुमार के अलावा कोतवाली का पूरा फोर्स पूरे समय मुस्तैदी के साथ मौजूद रहा।

## धूमधाम से निकाला गया जुलूस-ए-मुहम्मदी

**रसूलाबाद, कानपुर देहात।** बारह रबी उल अव्वल के मौके पर जुलूस-ए-मोहम्मदी धूमधाम से निकाल गया। जहां बड़ी संख्या में मुस्लिम समुदाय के लोग जुलूस में शामिल हुए। सुबह 8 से शुरु हुआ जुलूस दोपहर 2 बजे समाप्त हुआ। पैगंबर इस्लाम हुजूर हजरत मोहम्मद मुस्तफा सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम की यौमे पैदाइश की मौके पर रसूलाबाद क्षेत्र में एक दिन पहले जहां चारागा किया गया। वहीं दूसरे दिन गुरुवार को धूमधाम से जुलूस-ए-मोहम्मदी निकाला गया। जुलूस की शुरुआत मुख्य चौराहा से हुई। नगर के सभी मोहल्लों के जुलूस मुख्य चौराहा पर एकत्र हुए। जहां तमाम उलेमाओं ने तकरीरें कीं। पेश इमाम हाजी अब्दुल रऊफ खान बकाई ने तकरीर करते हुए बताया कि इस्लाम मोहब्बत से फैला है। हम सबके आक़ा जब दुनियां में तशरीफ़ लाए तब इंसानियत नहीं थी, उन्होंने लोगों को इंसानियत का दर्श दिया। परंपरागत ढंग से पेश इमाम हाजी अब्दुल रऊफ खान बक़ाई के आवास पर दुरूदो फ़ातिहा के साथ जुलूस का समापन हुआ।

## तिरंगे के साथ जुलूस में दिया कौमी एकता का संदेश



**रामपुरा, जालौन।** नगर में गुरुवार को मुस्लिम समुदाय के लोगों ने भारत के राष्ट्रीय ध्वज के साथ कौमी एकता का संदेश देते हुए व अनुशासन का पालन करते हुए निकाला बारहवफात का जुलूस। जुलूस में हिन्दू मुस्लिम एकता का नजीर साफ देखने को मिली। नगर के मुस्लिम समुदाय के लोगों ने नगर की छोटी मस्जित से जुलूसे मुहम्मदी का आगाज किया। जुलूस में होली मोड़ होते हुए नगर के बाजार में घूमते हुए मस्जिद पर समाप्त किया गया। जुलूसे मुहम्मदी में मुस्लिम समुदाय के लोगों ने नारों के साथ तिरंगे झंडों को भी जमकर फहराया साथ ही नारे भी लगाये।

## क्विक न्यूज

### भाजपा ने अस्ती वार्ड में आयोजित किया समरसता सहभोज

**फतेहपुर।** भाजपा जिला अध्यक्ष मुखलाल पाल द्वारा शहर के अस्ती वार्ड में पहुंच कर बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। इस दौरान अम्बेडकर जी के आदर्शों के साथ बढ़ने के संकल्प को दोहराते हुए जिलाध्यक्ष ने बाबा साहेब द्वारा बताए मार्ग पर चलना हम सभी का नैतिक कर्तव्य है। प्रवास के दौरान वार्ड के एक अनुसूचित परिवार की रसोई में बैठ पार्टी जिलाध्यक्ष व कार्यकर्ताओं द्वारा समरसता सहभोज किया गया। इस दौरान जिला महामंत्री पुष्पराज पटेल व उदय लोधी, पवन मिश्रा, स्वरूप राज सिंह, पवन साहू, प्रवक्ता प्रवीण कुमार सिंह, ओम मिश्रा आदि भाजपाई मौजूद रहे। उधर अनुसूचित बस्ती सम्पर्क अभियान के सहप्रमुख व अनुसूचित मोर्चा के जिलाध्यक्ष अभिजीत भारती ने बताया कि अभियान में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं को उन बस्तियों में लगाया गया है जहां की कुल आबादी के सापेक्ष अनुसूचित वर्ग की आबादी 45 प्रतिशत या इससे अधिक है। वहा पर पार्टी जन पहुंच कर समरसता करेंगे।

### चित्रकला प्रतियोगिता में बच्चों ने दिखाया हुनर



**फतेहपुर।** इंडियन रेडक्रास सोसाइटी के चेयरमैन डॉ अनुराग श्रीवास्तव के नेतृत्व में सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज वीआइपी रोड में चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का विषय इंडियन रेडक्रास सोसाइटी के कार्य को प्रदर्शित करता हुआ चित्र बनाना था। जिसमें सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज से प्रांजल शुक्ला प्रथम, रक्षिता शुक्ला द्वितीय व कार्तिकेय ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सभी विजयी प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य नरेन्द्र सिंह सहित रमेश, महेश सिंह व सभी अध्यापक एवं अध्यापिकाओं के अलावा सोसाइटी के सदस्यता प्रमुख सुरेश श्रीवास्तव उपस्थित रहे।

### प्रसव के दौरान जच्चा बच्चा की मौत

**फर्रुखाबाद।** सीएचसी में प्रसव के दौरान हालत गंभीर होने पर जच्चा व बच्चा को लोहिया अस्पताल रिफर कर दिया गया। जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। परिजनों नें इलाज में लापरवाही का आरोप लगाया। थाना राजेपुर क्षेत्र के ग्राम इमादपुर पमारान निवासी 35 वर्षीय संजू देवी पत्नी विजय राम को प्रसब पीड़ा होनें पर सीएचसी राजेपुर में आशा के द्वारा सुबह 11 बजे भर्ती किया गया। कुछ घंटों के बाद संजू देवी के प्रसब हुआ । जिसमें नवजात की हालत गंभीर थी। उसे उपचार के लिए लोहिया अस्पताल भेजा गया। लोहिया में उसे मृत घोषित कर दिया गया।

### संदिग्ध अवस्था में विवाहिता की मौत, हत्या का आरोप

**फतेहपुर।** बिंदकी कोतवाली क्षेत्र के दरवेशाबाद गांव निवासी विक्रम सिंह की 24 वर्षीय पत्नी कृष्ण कुमारी की सन्दिग्ध अवस्था मे मौत हो गई। जिसकी जानकारी मृतका के मायके वालों को हुई तो गला दबाकर हत्या किये जाने का आरोप लगाते हुए स्थानीय थाने में तहरीर दिया। तहरीर मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज पति व देवर को हिरासत में लेकर जांच पड़ताल कर रही है। वही पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे मृतका के पिता रामलखन ने बताया कि पुत्री कृष्ण कुमारी की शादी 22 में गाँव निवासी विक्रम सिंह के साथ किया था। शादी के बाद से ही उसके सासुराल वाले एलईडी टीवी व फ्रिज की मांग कर उसको प्रताड़ित किया करते थे। पति विक्रम सिंह, देवर राहुल, छोटा देवर दीवाना और सास गुड्डी ने पुत्री का गला दबा कर उसकी हत्या कर दिया है। जिसकी शिकायत हमने पुलिस से किया तो पुलिस मृतका के पति विक्रम सिंह और देवर राहुल को हिरासत में लेकर जांच पड़ताल कर रही है।

# 'आल फॉर वन, वन हेल्थ फॉर आल' थीम के साथ मनाया गया रेबीज दिवस

संवाददाता। जालौन, उरई

● जानवरों और इंसानों के लिए अहम भूमिका निभा रही है रेबीज वैक्सीन

● संक्रमित बिल्लियों, कुत्तों और बंदरों के काटने से इंसानों में फैल सकती है

**रेबीज** के बारे में जागरूकता पैदा करने और लोगों को इस घातक बीमारी से बचाने के लिए हर साल 28 सितंबर को दुनिया भर में रेबीज दिवस मनाया जाता है। यह दिन फ्रांसीसी रसायनज्ञ और सूक्ष्म जीवविज्ञानी लुई पाश्चर की पुण्यतिथि का प्रतीक है, जिन्होंने 1885 में पहली रेबीज वैक्सीन विकसित की थी। आज यह वैक्सीन जानवरों और इंसानों के लिए अहम भूमिका निभा रही है। इसके इस्तेमाल से इंसानों में रेबीज के खतरे को कम किया जा सकता है। यह बात विश्व रेबीज दिवस पर पूर्व सीएमओ डॉ. एमपी सिंह ने कही। विश्व रेबीज दिवस पर महान क्लीनिक में जागरूकता गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें पूर्व सीएमओ डॉ. एमपी सिंह ने बताया कि रेबीज दिवस हर साल एक नई थीम के साथ मनाया जाता है और इस साल की थीम ऑल फॉर वन, वन हेल्थ फॉर ऑल है। बताया कि डब्ल्यूएचओ के अनुसार, लस्सा वायरस से संक्रमित जानवर के काटने से मनुष्यों में रेबीज का संक्रमण होता है।

# आपरेशन स्माईल के तहत गुमशुदा बच्चे को पुलिस ने परिजनों को लौटाया

**कानपुर देहात।** जनपद में गुमशुदा बच्चों को सकुशल खोजकर उनके परिवारों को सुपुर्द करने के लिये चलाये जा रहे 'ऑपरेशन स्माइल' के क्रम में थाना मूसानगर पुलिस को गुरुवार को को कस्बा मूसानगर में एक बच्चा उम्र लगभग 11 वर्ष भटकता हुआ मिला था। बच्चे से पूछताछ पर उसका नाम प्रांशू पुत्र अखिलेश निवासी सुमेरपुर थाना सुमेरपुर जनपद हमीरपुर ज्ञात हुआ। उक्त सूचना पर पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा प्रनि मूसानगर को बच्चे को उसके परिजनों को सकुशल सुपुर्द करने हेतु निर्देशित किया गया।

# एथलेटिक्स प्रतियोगिता में लड़कों व लड़कियों ने किया प्रतिभा का प्रदर्शन

**फर्रुखाबाद।** जनपदीय माध्यमिक विद्यालय एथलेटिक्स प्रतियोगिता वर्ष 2023 के आयोजन के दूसरे दिन 300 मीटर दौड़,लंबी कूद,100 मीटर दौड़, हैमर थ्रो, पोल वाल्ट, ट्रिपल जंप,110 मीटर हर्डल,400 मीटर हर्दल एवम 5000 मीटर वाक की सीनियर और जूनियर बालक व बालिका वर्ग की प्रतियोगिताएं तथा लम्बी कूद 100 मीटर दौड़ व 80 मीटर हर्बल की सब जूनियर बालक व बालिका वर्ग की प्रतियोगिता संपन्न हुई। संयोजक प्रधानाचार्य अनिल कुमार सिंह ने विजेता प्रतिभागियों को मेडल व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।

3000 मीटर दौड़ सीनियर बालक वर्ग में जितेंद्र कुमार प्रथम,तनु कुमार द्वितीय,सुरजीत तीसरे स्थान पर रहे। बालिका वर्ग में मोनिका प्रथम,कोमल द्वितीय,देवेश तृतीय स्थान पर रही। 3000 मीटर दौड़ बालक जूनियर वर्ग में अंकित प्रथम, अनिकेत द्वितीय, अमित कुमार तृतीय स्थान पर रहे। बालिका वर्ग में अंशी प्रथम ,काव्यनी द्वितीय, करिश्मा तृतीय स्थान पर रही।

# पेज एक का शेष

## विशेषाधिकार समिति...

ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला निचले सदन और संविधान की परंपराओं के अनुरूप बिधूड़ी के खिलाफ कार्रवाई करेंगे। अली ने कहा कि भाजपा को कुछ मर्यादा बनाए रखनी चाहिए थी। देश के लोगों को उस पार्टी से कुछ नैतिकता की अपेक्षा है जो खुद को दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी कहती है। आपने उन्हें (बिधूड़ी) कारण बताओ नोटिस जारी किया, या तो अपना जवाब सार्वजनिक करें या कहें। अली ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला निचले सदन और संविधान की परंपराओं के अनुरूप बिधूड़ी के खिलाफ कार्रवाई करेंगे। मोदी सरकार के 'सबका साथ, सबका विश्वास' नारे पर कटाक्ष करते हुए कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता जयराम रमेश ने बिधूड़ी को चुनाव प्रभारी नियुक्त करने पर चुटकी लेते हुए कहा कि सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, ये सब है इनका बकवास। टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा ने भी भाजपा की आलोचना की और कहा कि बिधूड़ी को एक मुस्लिम सांसद के खिलाफ उनकी टिप्पणी के लिए 'इनाम' दिया गया है। भाजपा एक ऐसे व्यक्ति को नई भूमिका कैसे दे देती है? राज्यसभा सांसद कपिल सिब्बल ने कहा कि भाजपा ने संसद में दानिश अली पर हमला करने के लिए बिधूड़ी को 'पुरस्कृत' किया है। भाजपा 'नफरत' का इनाम देती है। बिधूड़ी को संसद के विशेष सत्र में दानिश अली (बीएसपी) पर उनके द्वारा इस्तेमाल किए गए शब्दों के लिए इनाम मिला। राजस्थान में टोंक जिले का भाजपा प्रभारी बनाया गया। टोंक में मुस्लिम आबादी 29.25 फीसदी है। एनसीपी ने कहा कि संसद में बिधूड़ी के अभद्र व्यवहार के बाद क्या भाजपा उन्हें अपनी पार्टी से निलंबित करेगी या उन्हें प्रमोशन देगी। टोंक जिले में बड़ी संख्या में गुर्जर समुदाय मौजूद है, जिसमें चार विधानसभा सीटें हैं, इनमें वरिष्ठ कांग्रेस नेता सचिन पायलट की सीट भी शामिल है, भाजपा का मानना ????है कि बिधूड़ी वोटों को स्विंग करने में मदद कर सकते हैं क्योंकि वह भी उसी जाति से हैं। पायलट भी गुर्जर समुदाय से हैं। पार्टी सूत्रों ने कहा कि बिधूड़ी की जिम्मेदारी जिले के भाजपा चुनाव प्रभारी के समान होगी। बिधूड़ी ने एक्स पर यह भी पोस्ट किया कि वह जयपुर में आयोजित टोंक जिले की समन्वय बैठक में शामिल हुए थे। बैठक की अध्यक्षता राजस्थान भाजपा अध्यक्ष सी पी जोशी ने की।

## पंजाब में...

की एक टीम खैरा को पकड़ने के लिए उनके आवास पर पहुंची है। वीडियो में खैरा पुलिस टीम के साथ बहस करते और गिरफ्तारी वारंट दिखाने को कहते देखे जा सकते हैं। भोलाथ के विधायक पुलिस दल में शामिल अधिकारियों से उनके पहचान कार्ड दिखाने के लिए कहते नजर आ रहे हैं। पुलिस ने खैरा को बताया कि उन्हें स्वापक औषधि और मन:प्रभावी पदार्थ (एनडीपीएस) अधिनियम मामले में गिरफ्तार किया जा रहा है। जब खैरा ने पुलिस दल से पूछा कि उन्हें कहां ले जाया जा रहा है, तो एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि उन्हें फाजिल्का के जलालाबाद ले जाया जा रहा है। आधिकारिक सूत्रों के मुताबिक, अप्रैल 2023 में पुलिस उप महानिरीक्षक स्वप्न शर्मा के नेतृत्व में एक विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया गया था और 2015 के मामले की जांच के आधार पर खैरा को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तारी के बाद खैरा ने पंजाब के मुख्यमंत्री पर निशाना साधते हुए कहा, वह (मुख्यमंत्री) मेरे खून के प्यासे हैं और यह हर कोई जानता है। खैरा ने कहा कि उन्हें एक फर्जी मामले में गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने कहा, यह बदलाव की राजनीति नहीं है, यह बदले की राजनीति है। कांग्रेस विधायक ने कहा कि 2017 में उच्चतम न्यायालय द्वारा उनके खिलाफ निचली अदालत की कार्यवाही पर रोक लगाने के बावजूद उन्हें मामले में तलब किया गया। उन्होंने भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार पर उन्हें 2021 में धनशोधन मामले में गिरफ्तार करने का भी आरोप लगाया। पंजाब में सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी (आप) के नेता मलविंदर सिंह कंग ने खैरा की गिरफ्तारी के संबंध में राजनीतिक प्रतिशोध के कांग्रेस के आरोप को खारिज कर दिया और दावा किया कि खैरा के खिलाफ कार्वाई कानून के मुताबिक की गई है। उच्चतम न्यायालय ने 2017 में खैरा के खिलाफ निचली अदालत की कार्यवाही पर रोक लगा दी थी, जिन्हें मामले में अतिरिक्त आरोपी के तौर पर तलब किया गया था। खैरा को 2015 के मादक पदार्थ मामले से जुड़े धनशोधन के आरोप में 2021 में प्रवर्तन निदेशालय द्वारा गिरफ्तार किया गया था, लेकिन 2022 में उन्हें जमानत मिल गई। उच्चतम न्यायालय ने फरवरी 2023 में, 2015 के मादक पदार्थ मामले में खैरा के खिलाफ समन आदेश को रद्द कर दिया था। खैरा की गिरफ्तारी के बाद कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि उनकी पार्टी अन्याय सहन नहीं करेगी। उन्होंने कहा, मैं इसकी जानकारी लूंगा...लेकिन मामला कुछ भी हो, यदि कोई अन्याय करता है तो वह ज्यादा दिन टिक नहीं पाता। अगर कोई हमारे साथ अन्याय करेगा तो हम उसे बर्दाश्त करने वाले नहीं हैं। वडिंग और विपक्ष के नेता प्रताप सिंह बाजवा सहित कांग्रेस की पंजाब इकाई के नेताओं ने खैरा की गिरफ्तारी की निंदा की और इसे राजनीतिक प्रतिशोध बताया। वडिंग, खैरा की गिरफ्तारी के बाद उनके आवास पहुंचे और उनके बेटे महताब खैरा और परिवार के अन्य सदस्यों से मुलाकात की। उन्होंने कहा कि वे विधायक के साथ खड़े हैं। पंजाब कांग्रेस प्रमुख ने पुलिस की कार्वाई पर सवाल उठाते हुए पूछा कि पंजाब पुलिस की यह कैसी जांच हैं जिसमें आठ साल बाद खैरा को गिरफ्तार किया गया है। वडिंग ने कहा, यह दर्शाता है कि राज्य में जंगलराज है। उन्होंने पंजाब पुलिस की कार्वाई के दौरान चंडीगढ़ पुलिस की अनुपस्थिति पर सवाल उठाया। बाजवा ने मुख्यमंत्री भगवंत मान की आलोचना करते हुए सरकार के तानाशाही होने का आरोप लगाया और कहा कि पार्टी खैरा की रिहाई के लिए लड़ेगी। खैरा की गिरफ्तारी के कुछ घंटे बाद भाजपा ने भी पंजाब में आप सरकार पर अपनी शक्तियों का दुरुपयोग करने और बदले की भावना से काम करने का आरोप लगाया। मादक पदार्थ से जुड़ा यह मामला मार्च 2015 में फाजिल्का के जलालाबाद में दर्ज किया गया था। इसमें गुरदेव सिंह सहित नौ लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई थी और बाद में उन्हें स्वापक औषधि और मन:प्रभावी पदार्थ (एनडीपीएस) अधिनियम के तहत दोषी ठहराया गया था। गुरदेव सिंह को खैरा का करीबी बताया जाता है। पुलिस ने आरोपियों पास से दो किलोग्राम हेरोइन, सोने के 24 बिस्कुट, एक देसी पिस्तौल, .315 बोर की एक पिस्तौल और दो पाकिस्तानी सिम कार्ड बरामद किए थे। पुलिस जांच के दौरान बाद में खैरा का नाम सामने आया था। खैरा की गिरफ्तारी विपक्षी गठबंधन इंडिया के सदस्यों के बीच सीट बंटवारे की बातचीत के बीच हुई। पंजाब कांग्रेस पहले ही आम चुनाव के लिए राज्य में सत्तारूढ़ आप के साथ किसी भी गठबंधन का विरोध कर चुकी है। एक सवाल के जवाब में कंग ने कहा कि जहां तक इंडिया गठबंधन का सवाल है, आप भ्रष्टाचार और मादक पदार्थों की तस्करी के मुद्दों पर कोई समझौता नहीं करेगी। उन्होंने राजनीतिक प्रतिशोध के आरोपों को भी खारिज कर दिया और दावा किया कि खैरा के खिलाफ कार्वाई कानून के अनुसार की गई है। खैरा की गिरफ्तारी के बाद, उन्हें फाजिल्का के जलालाबाद की एक अदालत में पेश किया गया। अदालत ने विधायक को दो दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया।

## दिल्ली में...

मामला दर्ज किया गया है और इस संबंध में जांच शुरू की गई है। एक आधिकारिक बयान में, दिल्ली पुलिस ने कहा कि 27 सितंबर को एक वीडियो संज्ञान में आया जिसमें तस्वीरों के माध्यम से ऐसे कुछ दृश्य देखे गए थे। इस संबंध में उत्तरी जिले के क्षेत्र में व्यापक खोज शुरू की गई, और सीलमपुर से कश्मीरी गेट की ओर आने वाले युधिष्टर सेतु फ्लाईओवर पर चित्र पाए गए। आईपीसी और दिल्ली सार्वजनिक संपत्ति विरूपण निवारण अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत एक प्राथमिकी (प्रथम सूचना रिपोर्ट) दर्ज की गई है और जांच की जा रही है। ऐसा कहा जा रहा है कि राष्ट्रीय राजधानी में दीवारों को विकृत करने की कार्रवाई राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए)द्वारा बुधवार को पंजाब, हरियाणा, दिल्ली-एनसीआर, राजस्थान, उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश में आतंक से जुड़े तीन अलग-अलग मामलों में की गई छापेमारी के जवाब में की गई थी। खालिस्तान आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या को लेकर भारत और कनाडा के बीच राजनयिक तनाव के बीच खालिस्तान तत्वों पर कार्रवाई की गई। ब्रिटिश कोलंबिया में 18 जून को खालिस्तानी चरमपंथी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में भारतीय एजेंटों की संभावित संलिप्तता के संबंध में प्रधानमंत्री जस्टिन टूडो द्वारा गंभीर आरोप लगाए जाने के बाद भारत और कनाडा के बीच तनाव बढ़ गया। भारत ने 2020 में निज्जर को आतंकवादी के रूप में नामित किया था। हालांकि, भारत ने आरोपों को 'बेतुका' और 'प्रेरित' बताते हुए दृढ़ता से खारिज कर दिया है और ओटावा में एक भारतीय अधिकारी के निष्कासन के बदले में एक वरिष्ठ कनाडाई राजनयिक को निष्कासित कर दिया है।

## हरित क्रांति...

लोगों के लिए प्रतिपालक की अपनी भूमिका को लेकर उनकी अटूट प्रतिबद्धता ने अनगिनत वैज्ञानिकों और अन्वेषकों पर एक अमिट छाप छोड़ी। उन्होंने कहा कि मैं डॉ स्वामीनाथन के साथ अपनी बातचीत को हमेशा संजोकर रखूंगा। भारत को प्रगति करते देखने का उनका जुनून अनुकरणीय था। उनका जीवन और कार्य आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करेंगे। उनके परिवार और प्रशंसकों के प्रति संवेदना। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि स्वामीनाथन भारत की हरित क्रांति के प्रमुख वास्तुकार थे। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने कहा कि भारत के कृषि क्षेत्र में क्रांति लाने के लिए स्वामीनाथन की दृढ़ प्रतिबद्धता ने उसे ऐसे देश में तब्दील कर दिया जो अपनी जरूरत से अधिक खाद्यान्न का उत्पादन करता है। स्वामीनाथन खाद्य सुरक्षा और कृषि से जुड़ी हर अहम पहल का हिस्सा थे और उन्होंने पोषण सुरक्षा के लिए मोटे अनाज पर ध्यान केंद्रित करने में भी अहम योगदान दिया। वह भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान (1961-72) के निदेशक, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के महानिदेशक और कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा विभाग में भारत सरकार के सचिव (1972-79) भी रहे। यहां एमएस स्वामीनाथन रिसर्च फाउंडेशन की स्थापना करने वाले स्वामीनाथन को संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम द्वारा हरित क्रांति में उनके नेतृत्व को रेखांकित करते हुए उन्हें आर्थिक पारिस्थितिकी का जनक बताया गया है। 1960 के दशक में जब भारत अकाल की ओर बढ़ रहा तब स्वामीनाथन गेहूं और चावल की अच्छी उपज देने वाली किस्मों को विकसित करने के लिए विश्व खाद्य पुरस्कार (1987) पाने वाले पहले व्यक्ति बने। वर्ल्ड फूड प्राइज फाउंडेशन के अनुसार, गेहूं का उत्पादन कुछ ही वर्षों में दोगुना हो गया था जिससे देश आत्मनिर्भर बना और लाखों लोग भुखमरी से बच गए थे। उन्हें दुनियाभर के विश्वविद्यालयों से डॉक्टरेट की 84 मानद डिग्री प्राप्त हुई थीं। वह रॉयल सोसायटी ऑफ लंदन और यूएस नेशनल एकेडमी ऑफ साइंसेज समेत कई प्रमुख वैज्ञानिक एकेडमी के फेलो रहे हैं। वह 2007 से 2013 तक राज्यसभा सदस्य भी रहे। वह कृषि मंत्रालय में प्रधान सचिव (1979-80), योजना आयोग (1980-82) में कार्यवाहक उपाध्यक्ष और बाद में सदस्य (विज्ञान और कृषि) और फिलीपीन के अंतरराष्ट्रीय चावल अनुसंधान संस्थान में महानिदेशक (1982-88) पद पर भी अपनी सेवाएं दीं। उन्होंने 2010 से 2013 तक खाद्य सुरक्षा पर विश्व समिति के लिए उच्च स्तरीय विशेषज्ञ पैनल की अध्यक्षता भी की। उन्होंने कृषि के क्षेत्र में अफगानिस्तान और म्यांमा में चलाई जा रही परियोजनाओं पर नजर रखने के लिए विदेश मंत्रालय द्वारा गठित कार्यबल की भी अध्यक्षता की। संयुक्त राष्ट्र के पूर्व महासचिव जेवियर पेरेज डी सुइलर ने उन्हें ऐसी किवदंती बताया जिनका नाम दुर्लभ विशिष्टता वाले विश्व विख्यात वैज्ञानिक के रूप में इतिहास में दर्ज होगा।

# नाटो महासचिव ने यूक्रेन में युद्ध की स्थिति पर जेलेंस्की से चर्चा की

भाषा। कीव



**उत्तरी अटलांटिक** संधि संगठन (नाटो) के महासचिव जेन्स स्टोल्टेनबर्ग ने युद्ध की स्थिति और सैनिकों की जरूरतों पर चर्चा करने के लिए यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की से बृहस्पतिवार को मुलाकात की। रूस ने बुधवार को आरोप लगाया था कि देश में मिलाए गए क्रीमिया प्रायद्वीप स्थित काला सागर बेड़े के उसके मुख्यालय पर पिछले सप्ताह मिसाइलों से किए गए हमले की साजिश यूक्रेन के पश्चिमी सहयोगियों ने रची थी और उसे अंजाम देने में सहयोग किया था। रूस के इस आरोप के एक दिन बाद स्टोल्टेनबर्ग ने जेलेंस्की से मुलाकात की। जेलेंस्की ने कहा कि स्टोल्टेनबर्ग यूक्रेन के बिजली संयंत्रों और ऊर्जा बुनियादी ढांचे की रक्षा के लिए अतिरिक्त वायु रक्षा प्रणाली प्रदान करने में नाटो सदस्यों की मदद के वास्ते प्रयास करने पर सहमत हुए। उन्होंने महासचिव को रिहायशी क्षेत्रों में हुए हमलों के बारे में भी जानकारी दी। उन्होंने कहा, यूक्रेनी नागरिकों, हमारे शहरों, हमारे बंदरगाहों के खिलाफ इस तरह के हमलों से निपटने के लिए हमें अपनी वायु रक्षा प्रणाली को मजबूत बनाने की जरूरत है। स्टोल्टेनबर्ग ने कहा कि नाटो के पास यूक्रेन के लिए 2.4 अरब यूरो (2.5 अरब डॉलर) के गोला-बारूद का अनुबंध है और इसमें 155 मिमी होविट्जर गोले, टैंक रोधी निर्देशित मिसाइल और टैंक गोला-बारूद शामिल हैं। उन्होंने कहा, यूक्रेन जितना मजबूत होगा, हम रूस के हमले को समाप्त करने के उतने ही करीब होंगे। उन्होंने कहा, रूस आज हथियार डालकर युद्ध समाप्त कर सकता है। यूक्रेन के पास ऐसा विकल्प नहीं है। यूक्रेन के आत्मसमर्पण का मतलब शांति नहीं होगा। इसका मतलब रूसी कब्जा होगा। रूस के रक्षा मंत्रालय की प्रवक्ता मारिया जाखारोवा ने कहा था, इसमें कोई संदेह नहीं है कि हमले की योजना पश्चिमी खुफिया एजेंसियों, नाटो के उपग्रहों से ली गई तस्वीरों और टोही विमानों का उपयोग करके पहले से बनाई गई थी और इसे अमेरिकी और ब्रिटिश सुरक्षा एजेंसियों की सलाह पर और उनके समन्वय में अंजाम दिया गया। अपुष्ट खबरों के मुताबिक मुख्यालय पर हमले में ब्रिटेन और फ्रांस द्वारा यूक्रेन को दी गई स्टॉर्म शैडो मिसाइलों का इस्तेमाल किया गया था।
ब्रिटेन के रक्षा मंत्रालय ने तत्काल रूस के आरोपों पर टिप्पणी नहीं की है।

## चीन के रक्षा मंत्री एक महीने से लापता, मंत्रालय ने कहा पता नहीं

भाषा। बीजिंग

**चीन के र**क्षा मंत्री पिछले एक महीने से परिदृश्य से गायब हैं और रक्षा मंत्रालय ने अब जाकर इस मामले पर सार्वजनिक रूप से पहली टिप्पणी की है। इस टिप्पणी में भी रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता ने बृहस्पतिवार को कहा कि उन्हें स्थिति की जानकारी नहीं है। वरिष्ठ कर्नल एवं मंत्रालय के सूचना कार्यालय के निदेशक वु छियान से मासिक संवाददाता सम्मेलन में जब यह पूछा गया कि भ्रष्टाचार को लेकर क्या ली शांगफू के खिलाफ अब भी जांच जारी है और क्या वह अब भी रक्षा मंत्री हैं, तो उन्होंने (वु ने) केवल एक वाक्य का जवाब दिया। वु ने एक विदेशी मीडिया संस्थान के पत्रकार द्वारा पूछे गए सवाल का जवाब देते हुए कहा, आपने जिस स्थिति का जिक्र किया है उससे मैं अवगत नहीं हूं। मार्च में नए मंत्रिमंडल को नामित किए जाने पर ली रक्षा मंत्री बने थे। वह 29 अगस्त को एक भाषण देने के बाद से नजर नहीं आए हैं। वह इस साल लापता होने वाले दूसरे मंत्री हैं। उनसे पहले, विदेश मंत्री छिन कांग लापता हो गए थे, जिन्हें जुलाई में पद से हटा दिया गया था। चीन सरकार ने उन्हें पद से हटाए जाने का कोई कारण नहीं बताया है, ना ही इस बारे में कुछ बताया है कि वे दोनों (कांग और ली) अचानक सार्वजनिक जीवन से क्यों गायब हो गए। इस बारे में अब तक कुछ भी स्पष्ट रूप से नहीं कहा जा सकता है कि क्या उनका लापता होना चीन की विदेश या रक्षा नीतियों में किसी प्रकार के बदलाव का संकेत है? चीन में अधिकारियों और आम लोगों का इस तरह लापता हो जाना कोई असमान्य घटना नहीं है और किसी व्यक्ति के खिलाफ आपराधिक आरोपों की घोषणा के कुछ महीनों बाद अक्सर ऐसा देखने को मिलता है। लेकिन दो मौजूदा मंत्रियों का बहुत कम समय के अंतराल पर एक-एक कर लापता होना असमान्य बात है। जापान में अमेरिकी राजदूत, आर. इमैनुएल ने इस महीने की शुरूआत में एक्स पर एक पोस्ट में कहा था कि चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग के मंत्रिमंडल को अब अगाथा क्रिस्टी के उपन्यास एंड देन देयर वर नन से जोड़ कर देखा जा सकता है।

## क्विक न्यूज़

### लाहौर में मनाई गई भगत सिंह की 116वीं जयंती

**लाहौर।** एक गैर-लाभकारी फाउंडेशन द्वारा बृहस्पतिवार को यहां भगत सिंह की 116वीं जयंती मनाई गई और विभाजन-पूर्व के दौर के क्रांतिकारी को पाकिस्तान का सर्वोच्च वीरता पुरस्कार दिए जाने की मांग की गई। भगत सिंह मेमोरियल फाउंडेशन ने लाहौर उच्च न्यायालय (एलएचसी) के परिसर में स्वतंत्रता सेनानी की जयंती मनाई और अदालत के उद्यान में इस मौके पर केक भी काटा गया। समारोह में फाउंडेशन के सदस्यों और अन्य वकीलों ने भाग लिया।इस अवसर पर भगत सिंह मेमोरियल फाउंडेशन के पाकिस्तान प्रमुख, एडवोकेट इम्तियाज राशिद कुरैशी ने स्वतंत्रता संग्राम के नायक को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। भगत सिंह को 1931 में अंग्रेजों द्वारा उनके साथियों राजगुरु और सुखदेव के साथ फांसी दे दी गई थी। उन्होंने सिंह के लिए देश के सर्वोच्च वीरता पुरस्कार की मांग की। इसमें तीन स्वतंत्रता सेनानियों की न्यायिक हत्या के लिए ब्रिटेन के महाराजा चार्ल्स तृतीय से माफी और उनके परिवारों को मुआवजा देने की भी मांग की गई।

### इंडो-पैसिफिक आर्मीज़ चीफ कॉन्फ्रेंस में हाईलक्स का प्रदर्शन

**दिल्ली।** टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने 26-27 सितंबर को नई दिल्ली में आयोजित इंडो-पैसिफिक आर्मीज़ चीफ्स कॉन्फ्रेंस आईपीएसीसी या इंडो पैसिफिक सेना प्रमुखों के सम्मेलन के दौरान टोयोटा हाईलक्स का प्रदर्शन किया। इस हाई-प्रोफाइल फ्रेम में टोयोटा की भागीदारी रक्षा जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में अपनी तकनीकी शक्तियों के साथ नवीन समाधान प्रदान करने और अन्य विशेष ग्राहक आवश्यकताओं को पूरा करने में सक्षम होने की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। इस दृष्टिकोण के अनुरूप टीकेएम ने आईपीएसीसी में हाईलक्स टोयोटा सर्विस एक्सप्रेस मोबाइल सर्विस वाहन के माध्यम से बहुमुखी हाईलक्स का प्रदर्शन किया। इस तरह हाईलक्स में बारीकी से किए गए अनुकूलन को दर्शाया गया। जो रिमोट लोकेशन सर्विस और सेना के उपयोग के लिए उपयुक्त मरम्मत आवश्यकताओं तथा मजबूत समाधान प्रदान कर सकता है। टोयोटा किर्लोस्कर मोटर के स्ट्रैटेजिक बिजनेस यूनिट उत्त के महाप्रबंधकए वी विसलिन सिगमनी ने कहा इंडो.पैसिफिक आर्मीज़ चीफ़कॉन्फ्रेंस के दौरान एक और उल्लेखनीय प्रदर्शन को चिह्नित करते हुए टोयोटा को एक विशिष्ट डिजाइन वाले हाईलक्स को प्रदर्शित करने पर गर्व है जिसे एक अधिकृत बाहरी विक्रेता के माध्यम से संशोधित किया गया है।

### ताइवान की पहली पनडुब्बी एकीकरण की लहर को नही रोक सकती : चीन की सेना

बीजिंग। चीन के रक्षा मंत्रालय ने ताइवान द्वारा अपनी पहली पनडुब्बी पेश करने करने को तवज्जो नही देते हुए कहा कि यह और कुछ नही बल्कि राष्ट्रीय एकीकरण की लहर को रोकने की कोशिश वाली कवायद है। चीन के रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता वरिष्ठ कर्नल वू कियान ने ताइवान द्वारा निर्मित पहली पनडुब्बी के जलावतरण के संबंध मे संवाददाता सम्मेलन मे यह टिप्पणी की। ताइवान ने चीन के संभावित हमले के खिलाफ अपनी सुरक्षा को मजबूत करने के प्रयासो के तहत पनडुब्बी को अपने बेड़े मे शामिल किया है। चीन ताइवान को अपना हिस्सा मानता है और उसे मुख्य भूमि के साथ फिर से एकीकृत करना चाहता है। बीजिंग ने ताइवान को औपचारिक रूप से स्वतंत्रता की घोषणा करने और किसी भी विदेशी समर्थन के खिलाफ चेतावनी दी है। चीन के रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता वू ने कहा कि ताइवान की सत्तारूढ़ डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव पार्टी के अधिकारी चाहे कितने भी हथियार बनाएं या खरीदें, वे राष्ट्रीय एकीकरण की सामान्य प्रवृत्ति को रोक नही पाएंगे या पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) के दृढ़ संकल्प, दृढ़ इच्छाशक्ति और मजबूत क्षमताओ को हिला नही पाएंगे। सरकारी वेबसाइट चाइना मिलिट्री न्यूज ने वू के हवाले से कहा कि यह और कुछ नही बल्कि राष्ट्रीय एकीकरण की लहर को रोकने की कोशिश वाली कवायद है।

### उत्तर कोरिया की सीमा में घुसने वाले अमेरिकी सैनिक के स्वदेश लौटने का वीडियो सामने आया

सैन एंटोनियो (अमेरिका)। उत्तर कोरिया की सीमा मे दौड़ते हुए प्रवेश करने वाले एक अमेरिकी सैनिक की स्वदेश वापसी दर्शाते एक वीडियो सामने आया है। उत्तर कोरिया में यह घटना दो महीने पहले हुई थी। उत्तर कोरिया ने बुधवार को घोषणा की थी कि वह अमेरिकी सैनिक ट्रैविस किंग (23) को निष्कासित करेगा। दक्षिण कोरिया से लगी कड़ी पहरेदार वाली सीमा को दो महीने पहले पार कर उत्तर कोरिया मे प्रवेश करने वाला अमेरिकी सैनिक बृहस्पतिवार को वापस अमेरिका पहुंच गया। एक स्थानीय समाचार चैनल पर जारी एक वीडियो में यह देखा जा सकता है। अधिकारियो ने कहा कि किंग का स्वास्थ्य अच्छा है, और फिलहाल उसकी देखभाल करने तथा अमेरिकी समाज में उसके पुनः घुलने-मिलने पर ध्यान दिया जा रहा है। किंग 18 जुलाई को एक सीमावर्ती गांव के दौरे के दौरान उत्तर कोरिया की सीमा मे प्रवेश कर गया था। इस तरह वह करीब पांच साल मे इस देश मे हिरासत मे लिए जाने वाला पहला अमेरिकी था। समझा जाता है कि वह मारपीट के एक मामले मे दोषी करार दिए जाने पर दक्षिण कोरिया की एक जेल से रिहा होने के बाद टेक्सास के फोर्ट ब्लिस की ओर जा रहा था। अमेरिकी सेना ने आधिकारिक छुट्टी के बगैर उसके अनुपस्थित रहने की घोषणा की थी।

### यदि फैजाबाद फैसले पर अमल हो जाता तो बाद में गंभीर घटनाएं नहीं होतीं : पाकिस्तान के प्रधान न्यायाधीश

**इस्लामाबाद,।** पाकिस्तान के उच्चतम न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश काजी फैज ईसा ने बृहस्पतिवार को कहा कि अगर फैजाबाद धरने मे शामिल होने के लिए एक कट्टरपंथी इस्लामी समूह और अन्य के खिलाफ उनके फैसले को लागू किया गया होता, तो गंभीर घटनाओ को रोका जा सकता था। उन्होंने फैसले को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई एक नवंबर तक स्थगित कर दी। मुख्य न्यायाधीश ईसा की अगुवाई वाली तीन सदस्ईय पीठ जिसमे न्यायमूर्ति अमीनुद्दीन खान और न्यायमूर्ति अतहर मिनल्लाह शामिल थे, फैजाबाद धरना मामले मे उच्चतम न्यायालय के फैसले को चुनौती देने वाली याचिकाओ पर सुनवाई कर रही थी। न्यायालय के फैसले मे खुफिया एजेंसियो को उनके संवैधानिक कार्यक्षेत्र से आगे नही बढ़ने का निर्देश दिया गया था। पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) और अन्य ने फैसले की भारी आलोचना की थी और बाद में फैसले के खिलाफ समीक्षा याचिकाएं दायर की गईं। फैसले के खिलाफ समीक्षा याचिकाएं दायर करने वालो मे पीटीआई, रक्षा मंत्रालय, इंटेलिजेंस ब्यूरो, पाकिस्तान इलेक्ट्रॉनिक मीडिया रेगुलेटरी अथॉरिटी, पाकिस्तान निर्वाचन आयोग, मुत्ताहिदा कौमी मूवमेंट पार्टी, पूर्व आंतरिक मंत्री शेख राशिद और पूर्व सैन्य तानाशाह जिया-उल हक के बेटे इजाजुल हक शामिल है। ईसा 2019 का फैसला जारी करने वाली तीन सदस्ईय पीठ के सदस्य थे।

### साल के अंत तक भंग होगी अलगाववादी सरकारअ नागोर्नो काराबाख से आधी आबादी का पलायन

**एरेवान (आर्मीनिया)।** नागोर्नो-काराबाख की अलगाववादी सरकार ने बृहस्पतिवार को ऐलान किया कि इस साल के अंत तक वह खुद को भंग कर देगी तथा गैर मान्यताप्राप्त गणतंत्र का अस्तित्व समाप्त हो जाएगा। इस बीच, आर्मीनियाई अधिकारियो ने कहा कि आधी से अधिक आबादी पहले ही पलायन कर चुकी है। हाल ही मे अजरबैजान ने अपने से अलग हुए क्षेत्र पर पूर्ण नियंत्रण हासिल करने के लिए आक्रामक कार्वाई की थी और नागोर्नो-काराबाख में आर्मीनियाई सैनिकों से अपने हथियार डालने तथा अलगाववादी सरकार से खुद को भंग करने के लिए कहा था। इसके बाद नागोर्नो-काराबाख की अलगाववादी सरकार की ओर से यह ऐलान किया गया है। इस संबंध मे क्षेत्र के अलगाववादी राष्ट्रपति सैमवेल शेखरामनयन ने एक अधिसूचना पर हस्ताक्षर किए हैं। दस्तावेज मे लड़ाई को खत्म करने के लिए पिछले सप्ताह किए गए समझौते का हवाला दिया गया है, जिसके तहत अजरबैजान नागोर्नो-काराबाख के निवासियो को स्वतंत्र, स्वैच्छिक और बिना रोकटोक आवाजाही की अनमुति देगा और बदले में आर्मीनिया मे सैनिकों को अपने हथियार सौंपने होंगे। नागोर्नो-काराबाख पर लगभग 30 वर्षो तक अलगाववादियो का शासन था।नागोर्नो-काराबाख अजरबैजान का एक क्षेत्र है जो कि 1994 मे खत्म हुई अलगाववादी लड़ाई के बाद अर्मीनियाई से

### ताइवान गए ऑस्ट्रेलियाई सांसदों का इस्तेमाल कर रहे हैं अलगाववादी: चीनी राजदूत

कैनबरा (ऑस्ट्रेलिया)।ऑस्ट्रेलिया के लिए चीन के राजदूत ने ताइवान जाने वाले आस्ट्रेलियाई नेताओ की बृहस्पतिवार को आलोचना की और कहा कि स्वशासित द्वीप के अलगाववादी उनका इस्तेमाल कर रहे हैं। राजदूत शिआओ किआन ने यह बात इस सप्ताह ताइवान गए ऑस्ट्रेलियाई संसदीय प्रतिनिधिमंडल के संदर्भ मे सिडनी में कही। इस यात्रा के अलावा एक पूर्व प्रधानमंत्री की अगले माह ताइपे मे भाषण देने की भी योजना है। चीन ताइवान को अपना क्षेत्र मानता है। शिआओ ने कहा कि ताइवान जाने वाले ऑस्ट्रेलियाई सांसद तथा पूर्व प्रधानमंत्री का राजनीतिक महत्व है। चीनी राजदूत ने कहा, ताइवान मे राजनीतिक शक्तियां अपने अलगाववादी अंदोलन के लिए इसका आसानी से इस्तेमाल कर लेंगी और मै नही चाहता कि ऐसा हो। उन्होंने कहा, मै उम्मीद करता हूं कि वे एक चीन नीति को मानेंगे और ताइवान के साथ किसी भी तरीके से कामकाज करने से दूरी बनाएंगे ताकि वे राजनीतिक उद्देश्य रखने वाले द्वीप के लोगों द्वारा राजनीतिक तौर पर इस्तेमाल नही हों।

### नीदरलैंड : रॉटरडैम में गोलीबारी की दो घटनाओं में कुछ लोग मारे गए

**हेग।** नीदरलैंड के बंदरगाह शहर रॉटरडैम मे एक चिकित्सा विश्वविद्यालय और नजदीक स्थित अपार्टमेंट मे गोलीबारी की घटनाओ मे कुछ लोगो के मारे जाने की सूचना मिली है। पुलिस ने यह जानकारी दी। रॉटरडैम पुलिस ने एक्स (पूर्व मे ट्विटर) पर एक पोस्ट मे कहा है कि वह कुछ और विवरण जारी करने से पहले पीड़ितों के परिजनो को सूचित कर रही है। अधिकारियो ने बताया कि इरास्मस मेडिकल सेंटर और पास के एक अपार्टमेंट मे गोलीबारी के बाद एक संदिग्ध को गिरफ्तार किया गया। स्थानीय अधिकारियो ने बताया कि दोनो स्थानो पर आग भी लग गई। इससे पहले, बृहस्पतिवार को पुलिस अधिकारियो ने कहा था कि सैन्य वर्दी पहने और हाथ मे हथियार लिए एक व्यक्ति ने चिकित्सा विश्वविद्यालय की एक कक्षा मे गोलीबारी की थी। उन्होने पास के एक मकान मे गोलीबारी की भी सूचना दी।

### ईरान के रक्षा मंत्रालय की कार बैटरी फैक्टरी में दूसरी बार लगी आग

तेहरान। ईरान के रक्षा मंत्रालय की एक कार बैटरी फैक्टरी मे बृहस्पतिवार को आग लग गई। फैक्टरी मे आग की घटना एक सप्ताह मे दूसरी बार घटित हुई है। सरकारी मीडिया ने यह खबर दी है।सरकारी टीवी ने बताया कि यह आग ऐसे क्षेत्र मे लगी है जहां प्लास्टिक अपशिष्ट रखा जाता है लेकिन इस घटना मे कोई हताहत नही हुआ।ईरानी समाचार प्रतिष्ठानो ने ईरान की राजधानी तेहरान के उत्तरी हिस्से मे आसमान मे उठते काले धुएं के गुब्बार के फोटो एवं वीडियो फुटेज प्रसारित किए।ईरान की नियमित सेना और उसके अर्धसैनिक बल रिवोल्युशनरी गार्ड देश मे कई फैक्टरियां संचालित करते है तथा उनमे से कई मे असैन्य सामानो का उत्पादन होता है।

### हैरी पॉटर की छह फिल्मों में प्रो. डंबलडोर की भूमिका निभाने वाले गैम्बन का निधन

**लंदन।** जानेमाने अभिनेता माइकल गैम्बन का निधन हो गया है। यह जानकारी उनके प्रचारक ने बृहस्पतिवार को दी। वह 82 वर्ष के थे। गैम्बन को हैरी पॉटर की आठ फिल्मो में से छह में हॉगवर्ट्स के हेडमास्टर एल्बस डंबलडोर के किरदार के लिए जाना जाता है। उनके प्रचारक ने उनके परिवार के हवाले से जारी एक बयान मे कहा कि उन्हें निमोनियौ हो गया था। उनके परिवार ने कहा, हमें सर माइकल गैम्बन के निधन की घोषणा करते हुए बहुत दुख हो रहा है। माइकल का अस्पताल मे निधन हो गया, उस दौरान उनकी पत्नी ऐनी और बेटा फर्गस उनके पास थे। पांच दशकों से अधिक समय तक के अपने करियर मे गैम्बन ने चाहे जो भी भूमिका निभाई, उनकी आवाज से उनकी पहचान सहजता से की जा सकती थी। रिचर्ड हैरिस की वर्ष 2002 मे मृत्यु के बाद गैम्बन को डंबलडोर की भूमिका निभाने के लिए चुना गया था। गैम्बन ने एक बार स्वीकार किया था कि उन्होंने जे के राउलिंग की सबसे अधिक बिकने वाली किताबो मे से कोई भी नही पढ़ी है।

### ताशकंद में एक गोदाम में विस्फोट: एक व्यक्ति की मौत, 162 घायल

**ताशकंद।** उज्बेकिस्तान की राजधानी ताशकंद मे बृहस्पतिवार को एक गोदाम मे विस्फोट से एक किशोर की मौत हो गई जबकि 162 अन्य लोग घायल हो गए। स्वास्थ्य मंत्रालय ने यह जानकारी दी। आपातकालीन मंत्रालय ने कहा कि दक्षिणी ताशकंद मे एक गोदाम मे आज सुबह धमाका हुआ, लेकिन मंत्रालय ने यह नही बताया कि किस कारण इतना जबरदस्त धमाका हुआ। आग पर काबू पाने के लिए 16 अग्निशमन कर्मियों ने काफी मशक्कत की।

# जयशंकर अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार से मिले



भाषा। वाशिंगटन

**विदेश मंत्री** एस जयशंकर ने बृहस्पतिवार को अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवन से मुलाकात की और दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों में प्रगति पर तथा इसे आगे बढ़ाने के तरीकों पर चर्चा की।मंगलवार को संयुक्त राष्ट्र महासभा के 78वें सत्र को संबोधित करने के बाद बुधवार को न्यूयॉर्क से यहां पहुंचे जयशंकर बाद में अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन से मुलाकात करेंगे। जयशंकर ने एक्स पर लिखा, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवन से मुलाकात के साथ वाशिंगटन डीसी की मेरी यात्रा शुरू की। इस वर्ष हमारे द्विपक्षीय संबंधों में अत्यधिक प्रगति को रेखांकित किया और इसे आगे बढ़ाने पर चर्चा की। जयशंकर विदेश विभाग के फॉगी बॉटम मुख्यालय में ब्लिंकन से मुलाकात करेंगे। वह अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि कैथरीन टाई से भी मुलाकात कर सकते हैं। नई दिल्ली में हाल में संपन्न जी-20 शिखर सम्मेलन के बाद और भारत-कनाडा कूटनीतिक विवाद के बीच दोनों देशों की उच्चस्तरीय बैठक हुई है। दोनों शीर्ष राजनयिकों के बीच बैठक कनाडाई संकट शुरू होने से काफी पहले निर्धारित की गई थी। उधर अमेरिका भारत से जून में ब्रिटिश कोलंबिया में खालिस्तानी चरमपंथी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या की कनाडाई जांच में सहयोग करने का आग्रह कर रहा है।त्या में भारत सरकार के एजेंट की कथित संलिप्तता का आरोप लगाया है। भारत ने 2020 में निज्जर को आतंकवादी करार दिया था। भारत ने कनाडा के आरोपों को बेतुका बताकर खारिज कर दिया है। जयशंकर के बाइडन प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठकें करने की भी संभावना है। वह जून में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ऐतिहासिक राजकीय यात्रा के बाद दोनों देशों के बीच हुई प्रगति की समीक्षा करेंगे और अन्य क्षेत्रीय तथा वैश्विक मुद्दों पर बात करेंगे। विदेश मंत्री भारतवंशी समुदाय और कॉर्पोरेट जगत के लोगों से भी मुलाकात कर सकते हैं।

### व्हाइट हाउस के 15 फेलो में भारतीय अमेरिकी कैंसर चिकित्सक कमल में घराजानी शामिल

**वाशिंगटन।** अमेरिका में भारतवंशी कैंसर चिकित्सक कमल मेंघराजानी समेत 15 लोगो को व्हाइट हाउस फेलो की 2023-2024 श्रेणी के लिए चुना गया है। मेंघराजानी को विज्ञान और प्रौद्योगिकी नीति कार्यालय मे तैनात किया गया है। वह ल्यूकेमिया के मरीजो का इलाज करती है। मेंघराजानी अमेरिकी राष्ट्रपति कार्यालय व्हाइट हाउस के वरिष्ठ कर्मचारियो, कैबिनेट सचिवो और अन्य शीर्ष प्रशासनिक अधिकारियो के साथ काम करते हुए एक साल बिताएंगी। व्हाइट हाउस ने 20 सितंबर को एक बयान मे कहा कि न्यूयॉर्क मे रहने वाली मेंघराजानी व्हाइट हाउस फेलो की 2023-2024 श्रेणी के लिए चुने गए 15 उल्लेखनीय रूप से प्रतिभाशाली, समर्पित और निपुण लोगो में से एकमात्र भारतीय अमेरिकी है। हाल मे व्हाइट हाउस की घोषणा के बाद मेंघराजानी ने सोशल मीडिया एक्स (पूर्व मे ट्विटर) पर पोस्ट किए गए एक बयान मे कहा, राष्ट्रपति जो बाइडन ने व्हाइट हाउस फेलो के रूप मे मेरी नियुक्ति की घोषणा की। अब तक चुने गए पहले कैंसर विशेषज्ञ के रूप मे मै कैंसर उपचार और स्वास्थ्य परिणाम टीम के साथ इस नई भूमिका मे हमारे रोगियो के लिए नेतृत्व, सेवा और नवाचार करने को लेकर उत्साहित हूं। मेंघराजानी ने अपने लिंक्डइन प्रोफाइल पर एक पोस्ट में कहा कि वह राष्ट्रपति कार्यालय के तहत विज्ञान और प्रौद्योगिकी नीति कार्यालय मे कैंसर उपचार और स्वास्थ्य परिणाम टीम के साथ काम करेंगी। बयान मे कहा गया है कि मेमोरियल स्लोअन केटरिंग कैंसर सेंटर मे संकाय सदस्य के रूप मे मेंघराजानी ने शीघ्र निदान और रोकथाम पर केंद्रित कैंसर अनुसंधान किया और निकारागुआ, बोलीविया तथा युगांडा सहित वैश्विक संदर्भो मे संवेदनशील आबादी के लिए स्वास्थ्य सेवा मुहैया कराने के प्रयासो का नेतृत्व किया। बयान के अनुसार, उद्यमी के रूप मे मेंघराजानी ने कैंसर के इलाज मे जरूरतो को पूरा करने और तेजी से कैंसर निदान के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के इस्तेमाल को लेकर एक स्टार्टअप की सह-स्थापना की है। इसमे कहा गया है कि उन्होने गैर-लाभकारी संस्था नौरिश इंटरनेशनल को विकसित करने में मदद की, जो छात्र नेताओ को अंतरराष्ट्रीय विकास कार्यों मे सामाजिक उद्यमियों के रूप मे शामिल करती है।

## स्वीडन में हिंसा जारी, गोलीबारी और विस्फोट में तीन लोगों की मौत

भाषा। स्टॉकहोम

**स्वीडन में** विभिन्न आपराधिक गिरोहों के बीच जारी हिंसक संघर्ष काफी बढ़ गया है और रात भर में हुई अलग-अलग घटनाओं में तीन लोगों की मौत हो गई। स्टॉकहोम उपनगर में बुधवार देर रात 18 वर्षीय एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई। इसके कुछ घंटों बाद, राजधानी के दक्षिण में जॉर्डब्रो में हुई गोलीबारी की घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई और एक अन्य घायल हो गया। स्टॉकहोम के पश्चिम उप्साला में बृहस्पतिवार तड़के हुए एक विस्फोट में 20 साल की एक महिला की मौत हो गई। इस विस्फोट में पांच घर भी क्षतिग्रस्त हो गए। पुलिस इस घटना को हत्या मान रही है। स्वीडन की मीडिया ने कहा कि जिस महिला की मौत हुई वह संभवत: हमलावरों का निशाना नहीं थी। स्वीडन के प्रसारक एसवीटी के मुताबिक गोलीबारी की दो घटनाओं के बाद सितंबर में बंदूक से जुड़ी हिंसा में मरने वाले लोगों की संख्या बढ़कर 11 हो गई है। स्वीडन में बीते कुछ दिनों से दो गिरोहों के बीच मादक पदार्थों और हथियारों को लेकर हिंसक संघर्ष हो रहा है।

## पाकिस्तान का भ्रष्टाचार रोधी निकाय नवाज शरीफ के खिलाफ भ्रष्टाचार के चार मामलों की जांच शुरू करेगा

**लाहौर।** पाकिस्तान का भ्रष्टाचार रोधी निकाय पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ के खिलाफ भ्रष्टाचार के कम से कम चार मामलों में फिर से जांच शुरू करेगा। एक अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। शरीफ ब्रिटेन में चार साल के स्व-निर्वासन के बाद अगले महीने स्वदेश लौटेंगे।पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) के प्रमुख नवाज शरीफ पार्टी के चुनाव अभियान का नेतृत्व करने के लिए 21 अक्टूबर को लंदन से पाकिस्तान लौटेंगे। लाहौर उच्च न्यायालय द्वारा चार सप्ताह के लिए जमानत दिए जाने के बाद नवाज नवंबर 2019 में चिकित्सा आधार पर देश से बाहर चले गए थे। वह अल-अजीजिया मिल्स भ्रष्टाचार मामले में कोट लखपत जेल लाहौर में सात साल कैद की सजा काट रहे थे।पीएमएल-एन का कहना है कि लाहौर पहुंचने पर नवाज शरीफ मीनार-ए-पाकिस्तान में एक रैली को संबोधित करेंगे।राष्ट्रीय जवाबदेही ब्यूरो (एनएबी) नवाज के खिलाफ भ्रष्टाचार के चार मामलों में फिर से जांच शुरू करेगा।एनएबी उच्चतम न्यायालय के उस आदेश के मद्देनजर इन मामलों की जांच फिर से शुरू करेगा जिसमें नवाज के छोटे भाई शहबाज शरीफ के नेतृत्व वाली पिछली पाकिस्तान डेमोक्रेटिक मूवमेंट (पीडीएम) सरकार द्वारा जवाबदेही कानूनों में किए गए संशोधनों को रद्द कर दिया गया था। ए मामले अवैध भूखंडों और भूमि आवंटन, उनकी चीनी मिलों के शेयरों के संदिग्ध हस्तांतरण और तोशाखाना से संबंधित हैं।

# यूक्रेन का समर्थन न करने का बयान देकर प्रतिद्वंद्वियों के निशाने पर आए रामास्वामी

भाषा। वाशिंगटन

**रिपब्लिकन पार्टी** की ओर से राष्ट्रपति पद के संभावित उम्मीदवारों की दौड़ में शामिल भारतीय-अमेरिकी विवेक रामास्वामी ने यह कहकर पार्टी के अपने प्रतिद्वंद्वियों को आक्रोशित कर दिया कि वह रूस के खिलाफ युद्ध में यूक्रेन का समर्थन नहीं करेंगे।

उनका यह बयान पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की राय से मेल खाता है जो कीव को दी जाने वाली अहम सहायता छोड़ने के पक्ष में हैं। अरबपति उद्यमी रामास्वामी (38) ने बुधवार को कैलिफोर्निया में रिपब्लिकन पार्टी की दूसरी प्राइमरी बहस में कहा, सिर्फ इसलिए कि (रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर) पुतिन एक तानाशाह हैं..., इसका यह मतलब नहीं है कि यूक्रेन भला है। यह ऐसा देश है जिसने 11 विपक्षी दलों को प्रतिबंधित कर दिया है। रामास्वामी के इस बयान की पूर्व उपराष्ट्रपति माइक पेंस, न्यूजर्सी के पूर्व गवर्नर क्रिस क्रिस्टी और दक्षिण कैरोलाइना की पूर्व गवर्नर निक्की हेली ने काफी आलोचना की। भारतीय मूल की हेली ने रामास्वामी के इस बयान का सबसे पहले विरोध किया।उन्होंने कहा, रूस के लिए जीत का मतलब चीन की जीत है। रामास्वामी ने इससे असहमति जताते हुए कहा, चीन असली शत्रु है। हम रूस को चीन के और पास धकेल रहे हैं। हमें इसे खत्म करने के लिए उचित शांति योजना चाहिए, यह ऐसा देश है जिसके राष्ट्रपति गत सप्ताह ही एक नाजी की प्रशंसा कर रहे थे।



# हिमनदों को बचाने के लिए जलवायु कार्रवाई में तेजी लाएं

भाषा। काठमांडू,

**इस साल** हिमखंडों के व्यापक नुकसान के विनाशकारी वैश्विक प्रभाव के बारे में चेतावनी देते हुए पर्यावरण विशेषज्ञों और नीति निर्माताओं ने हिमनदों को बचाने के लिए जलवायु कार्वाई में तत्काल तेजी लाने का आह्वान किया है। इंटरनेशनल सेंटर फॉर इंटीग्रेटेड माउंटेन डेवलपमेंट (आईसीआईएमओडी) और नेपाल के वन और पर्यावरण मंत्रालय द्वारा आयोजित शिखर सम्मेलन में हिंदुकुश हिमालय क्षेत्र के आठ देशों के मंत्रियों, राजनयिकों, वरिष्ठ नीति निर्माताओं और विशेषज्ञों ने भाग लिया। हिंदुकुश-हिमालय (एचकेएच) क्षेत्र में आठ देश शामिल हैं जिनमें अफगानिस्तान, बांग्लादेश, भूटान, चीन, भारत, म्यांमा, नेपाल और पाकिस्तान शामिल हैं। इंटरनेशनल क्रायोस्फीयर क्लाइमेट इनिशिएटिव के मुख्य वैज्ञानिक सलाहकार जेम्स किर्खम ने कहा, अगर तत्काल कार्वाई नहीं की गई तो दुनिया भर में पर्वतीय हिमनदों की क्षति निश्चित है। आईसीआईएमओडी द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, आईसीआईएमओडी के महानिदेशक पेमा ग्याम्त्शो ने कहा, हमें अब पृथ्वी को ऐसी स्थिति की ओर बढ़ने से रोकने के लिए कार्वाई करनी होगी जिसके आगे वह जीवन को कायम नहीं रख सकती। दो अरब लोग अपने भोजन और जल सुरक्षा के लिए इन पर्वतों में मौजूद पानी पर निर्भर हैं। किर्खम ने कहा, इसके परिणामस्वरूप और आर्कटिक तथा अंटार्कटिक में बर्फ के पिघलने के विनाशकारी नुकसान से दुनिया को चिंतित होना चाहिए। हिमनदों के पिघलने से 2050 तक ढाका, कराची, शंघाई और मुंबई के बड़े हिस्से समेत कई क्षेत्रों के डूबने का खतरा है। किर्खम ने कहा, यह उस जलवायु प्रणाली को अस्थिर कर देगा जिसने पृथ्वी को सहस्राब्दियों तक जीवन योग्य बनाए रखा है और यदि उत्सर्जन में वर्तमान वृद्धि जारी रही तो इसके परिणामस्वरूप ढाका, मुंबई, कराची और शंघाई के बड़े हिस्से डूब जाएंगे।

### क्रिएटिन सप्लीमेंट लंबे समय तक चलने वाले कुछ कोविड लक्षणों से राहत दिलाने में मदद कर सकता है

**प्लाइमाउथ ( यूके )।** क्रिएटिन सप्लीमेंट फिटनेस के प्रति उत्साही लोगों के बीच लोकप्रिय हैं। इसमें कोई आश्चर्य की बात नहीं है, शोध से पता चला है कि यह ताकत और शक्ति में सुधार करने में मदद कर सकता है, और वर्कआउट के बीच रिकवरी में सहायता कर सकता है।इसके कई लाभों को देखते हुए, शोधकर्ताओं की एक टीम ने हाल ही में यह जांच करने का निर्णय लिया कि क्या यह लंबे समय तक कोविड से पीड़ित लोगों की मदद कर सकता है। वे विशेष रूप से जानना चाहते थे कि क्या क्रिएटिन थकान से निपटने में मदद कर सकता है, जो कि सबसे आम और दुर्बल करने वाले लंबे कोविड लक्षणों में से एक है।सर्बिया के शोधकर्ताओं ने एक यादृच्छिक नियंत्रित परीक्षण किया जिसमें 12 लोग शामिल थे जिन्हें हाल ही में लंबे समय तक कोविड होने का पता चला था। यह इस बात का पता लगाने का सबसे अच्छा अध्ययन तरीका है कि कोई उपचार प्रभावी है या नहीं।प्रतिभागियों को या तो दैनिक क्रिएटिन पूरक या प्लेसबो (इस मामले में इनुलिन - एक प्रकार का फाइबर) देने के लिए यादृच्छिक रूप से चुना गया था। दोनो एक समान सफेद पाउडर थे जिन्हें पानी में मिलाया गया था। इससे यह सुनिश्चित हो गया कि परीक्षण पूरा होने तक न तो प्रतिभागियों और न ही शोधकर्ताओं को पता था कि किसे क्रिएटिन अनुपूरक दिया गया है।
परीक्षण छह महीने तक चला, जिससे यह सुनिश्चित हुआ कि क्रिएटिन को प्रभाव डालने के लिए पर्याप्त समय मिले।शोधकर्ताओं ने कई परिणामों को मापा - जिसमें यह भी शामिल है कि प्रतिभागियों ने कितनी थकान महसूस की और क्या अन्य लंबे समय तक रहने वाले कोविड लक्षणों (जैसे गंध की हानि) में सुधार हुआ। शोधकर्ताओं ने यह भी ट्रैक किया कि प्रतिभागी बिना थकावट महसूस किए कितनी देर तक चल सकते हैं।

## नेतन्याहू को पद से हटाने को मुश्किल बनाने वाले कानून के खिलाफ सुनवाई शुरू

**यरूशलम।** इजराइल के उच्च न्यायालय ने बृहस्पतिवार को उस कानून को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई कर दी जो मौजूदा प्रधानमंत्री को पद से हटाने को कठिन बनाता है। आलोचकों का कहना है कि यह प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू को बचाने के लिए बनाया गया है, जो कथित भ्रष्टाचार के मुकदमे का सामना करते हुए न्याय प्रणाली को नया स्वरूप देने के लिए काम कर रहे हैं। यह सुनवाई देश की न्याय प्रणाली को बदलने के लिए प्रस्तावित कानून और सरकारी कदमों के खिलाफ कई प्रमुख अदालती चुनौतियों का हिस्सा है। यह कदम इस प्रस्तावित बदलाव को लेकर इजराइल में महीनों की उथल-पुथल के बाद आया है। इस प्रस्तावित कानून ने नेतन्याहू की सरकार और न्यायपालिका के बीच दरार को गहरा कर दिया है। नेतन्याहू अभूतपूर्व विरोध के बावजूद कानूनों को कमजोर करना चाहते हैं।

## टूडो ने कनाडा की संसद में नाजी इकाई के सैनिक को सम्मान दिए जाने के लिए माफी मांगी

**ओटावा।** कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन टूडो ने द्वितीय विश्वयुद्ध के दौरान एक नाजी इकाई के लिए लड़ाई लड़ने वाले एक व्यक्ति को कनाडा की संसद मे सम्मान दिए जाने पर माफी मांगी है। इस घटना की वैश्विक स्तर पर निंदा हुई और विपक्ष ने इसे देश के इतिहास मे सबसे बड़ी राजनयिक शर्मिंदगी करार दिया है। कनाडा मे खालिस्तानी अलगाववादी की हत्या को लेकर भारत के साथ देश के बिगड़ते संबंधो के कारण टूडो पहले से ही दबाव मे है।

सार्वजनिक सूचना
मिसेज नफीसा की ओर से आम जनता को सूचित किया जाता है कि ग्राम संजय कॉलोनी, तहसील गौंची, जिला फरीदाबाद, हरियाणा में स्थित संपत्ति सं. 156, एरिया परिमाप 100 वर्ग गज, खेवट/खाता सं. 236/443 में से, मस्ट नंबर 27, किला नंबर 1/2 10/1, वाली संपत्ति से संबंधित मूल बिक्री विलेख दिनांक 27.07.1991 जिसका दस्तावेज सं. 2955, एसआर, फरीदाबाद में पंजीकृत था, और जीपीए एटीएस और वसीयत दिनांक 07.06.2002 था, जो खो गए हैं/गुम हो गए हैं। जनता को दस्तावेज़ों के साथ लेन-देन नहीं करने की चेतावनी दी जा रही है। उपरोक्त दस्तावेज़ों से निपटने वाला कोई भी व्यक्ति अपने जोखिम और जिम्मेदारी पर ऐसा करेगा। ऐसे व्यक्तियों द्वारा किए गए किसी भी नुकसान के लिए मालिक किसी भी तरह से उत्तरदायी नहीं होगा। यदि किसी को ये दस्तावेज़ मिले या इन दस्तावेज़ों का कोई दुरुपयोग करते दिखे, तो संबंधित व्यक्ति को नीचे दिए गए पते पर सूचित करें।
ज्यूरिस नेक्स्टजेन एलएलपी
ई-56, एलजीएफ, ग्रेटर कैलाश एन्क्लेव पार्ट-1
नई दिल्ली-48 # 011-42662177,78,79

# ईडी ने अभिषेक बनर्जी को तीन को तलब किया

**● टीएमसी-भाजपा के बीच जुबानी जंग**

**भाषा।** कोलकाता



**प्रवर्तन निदेशालय** (ईडी) ने शिक्षक भर्ती घोटाला मामले में पूछताछ के लिए तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के वरिष्ठ नेता अभिषेक बनर्जी को तीन अक्टूबर को तलब किया है। इस पर प्रतिक्रिया जताते हुए टीएमसी ने कहा कि यह उस दिन नई दिल्ली में पार्टी की निर्धारित रैली को बाधित करने की भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की चाल है। बनर्जी ने दावा किया कि इस कदम ने भाजपा के डर को उजागर किया है। मनरेगा के तहत राज्य का बकाया रोकने के केंद्र के फैसले के खिलाफ बनर्जी का तीन अक्टूबर को राष्ट्रीय राजधानी में एक रैली का नेतृत्व करने का कार्यक्रम है। टीएमसी महासचिव बनर्जी ने केंद्रीय एजेंसी द्वारा उन्हें भेजे गए पत्र को एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर साझा किया। बनर्जी ने कहा, इस महीने की शुरुआत में, ईडी ने मुझे दिल्ली में विपक्षी दलों के गठबंधन इंडिया की एक महत्वपूर्ण समन्वय बैठक के दिन तलब किया था। मैंने समन का पालन किया और उपस्थित हुआ था। बनर्जी ने पोस्ट किया, अब एक बार फिर, आज उन्होंने मुझे उस दिन पेश होने के लिए एक और समन भेजा है जब पश्चिम बंगाल के वाजिब बकाए के लिए तीन अक्टूबर को दिल्ली में विरोध प्रदर्शन होना है। यह उन लोगों की हताशा को उजागर करता है जो वास्तव में परेशान, डरे हुए हैं। आरोपों पर प्रतिक्रिया जताते हुए भाजपा ने कहा कि केंद्रीय एजेंसियों को किसी को भी बुलाने से पहले टीएमसी से सलाह लेने की जरूरत नहीं है। बनर्जी, पार्टी के अन्य सांसदों, विधायकों और नेताओं के साथ दो अक्टूबर को महात्मा गांधी की जयंती पर राष्ट्रीय राजधानी स्थित राजघाट पर बापू को श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। टीएमसी का एक प्रतिनिधिमंडल तीन अक्टूबर को केंद्रीय ग्रामीण विकास और पंचायती राज मंत्री गिरिराज सिंह से मिलेगा और उनके सामने महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) कार्यक्रम के तहत बकाया जारी न करने का मुद्दा उठाएगा। पश्चिम बंगाल के सत्तारूढ़ दल ने दावा किया कि भाजपा नई दिल्ली में टीएमसी के कार्यक्रम से डरी हुई है और लोगों की आवाज दबाने की कोशिश कर रही है। टीएमसी ने एक्स पर पोस्ट किया, भाजपा और कितने निचले स्तर पर पहुंचेगी? पहले, आप बंगाल के लोगों का उचित बकाया रोकते हैं और उन्हें प्रताड़ित करते हैं। अब, आप तीन अक्टूबर को अपने पिंजरे में बंद तोते ईडी के माध्यम से टीएमसी महासचिव अभिषेक बनर्जी को बुलाकर हमारे लोगों की आवाज को दबाने की कोशिश कर रहे हैं, जिस दिन दिल्ली में एक विरोध प्रदर्शन होना है। उच्चतम न्यायालय ने 2013 में कोयला क्षेत्र लाइसेंस के आवंटन में कथित अनियमितताओं की जांच के संबंध में हस्तक्षेप के सबूतों का हवाला देते हुए एक अन्य केंद्रीय जांच एजेंसी, केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) को पिंजरे में बंद तोता कहा था। उस समय केंद्र में कांग्रेस के नेतृत्व वाला संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) सत्ता में था। टीएमसी ने पोस्ट में कहा, "यह देखने से ज्यादा शर्मनाक कुछ नहीं है कि कैसे दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्रों में से एक को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के शासन में मिट्टी में मिला दिया गया। लेकिन हमेशा की तरह, हम लड़ेंगे। भाजपा ने टीएमसी के आरोपों को खारिज कर दिया। भाजपा के वरिष्ठ नेता राहुल सिन्हा ने कहा, अगर अभिषेक बनर्जी और टीएमसी किसी से नहीं डरते हैं, तो वे ईडी के सामने पेश होने से क्यों डर रहे हैं? केंद्रीय एजेंसी ने अभिषेक बनर्जी को उसके सामने पेश होने के लिए कहकर सही किया है। बनर्जी से ईडी ने 12 सितंबर को शिक्षक भर्ती घोटाले में लगभग नौ घंटे तक पूछताछ की थी। बनर्जी ने उस समय दावा किया था कि पूछताछ उन्हें विपक्षी दलों के गठबंधन इंडिया की समन्वय समिति की बैठक में भाग लेने से रोकने का प्रयास था।

## लक्षद्वीप प्रशासन ने समूचे द्वीप समूह पर छापे मारे

**कवरत्ती।** लक्षद्वीप प्रशासन के स्वास्थ्य, राजस्व और पुलिस विभाग ने इस्तेमाल की अवधि समाप्त हो चुके उत्पादों की बिक्री की जांच के तहत समूचे द्वीप समूह में वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों पर संयुक्त रूप से छापे मारे। सरकार ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। लक्षद्वीप प्रशासन द्वारा जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार, लक्षद्वीप के 10 रिहायशी द्वीपों पर 100 प्रतिष्ठानों में छापे मारे, जिनमें से 30 से अधिक प्रतिष्ठानों में इस्तेमाल की अवधि समाप्त हो चुके उत्पादों की बिक्री का पता चला। विज्ञप्ति में कहा गया है, अधिकारियों ने ऐसे उत्पादों को तुरंत जब्त कर लिया और इस तरह के उत्पाद बेचने के लिए दुकान मालिकों पर जुर्माना लगाया। पुलिस विभाग ने ऐसे दुकान मालिकों के खिलाफ आवश्यक कानूनी कार्वाई शुरू की। विज्ञप्ति के अनुसार, द्वीप समूह के प्रशासन ने मियाद समाप्त हो चुके उत्पादों की बिक्री करने वाली दुकानों की पहचान के लिए औचक निरीक्षण किया था।

## राजस्थान महिला अपराध में नंबर वन राज्य, सोनिया-प्रियंका चुप क्यों : अनुराग ठाकुर



**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने राजस्थान के सीकर में नाबालिग बेटी से रेप और उसे कुएं में फेंके जाने पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि राजस्थान में नाबालिग से फिर रेप और कांग्रेस की सरकार फिर फेल नज़र आ रही है। सीकर में 15 साल की लड़की के साथ बलात्कार किया गया गयाए उसकी हत्या कर दी गई और उसके शव को कुएं में फेंक दिया गया। न तो प्रियंका गांधीए न ही सोनिया गांधी और न ही राहुल गांधी वहां पहुंचेण्ण् अगर किसी अन्य राज्य में किसी महिला के साथ कुछ होताए तो वे सभी सबसे पहले ट्वीट करते। पिछली बार राहुल गांधी बाँसवाड़ा गये लेकिन साथ लगते भीलवाड़ा नहीं गये जहां एक बेटी की बलात्कार के बाद हत्या कर दी गई थी। सीकर से पहले सैकड़ों ऐसी घटना हुई मगर कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष खरगे जीए सोनिया जीए प्रियंका जीए राहुल जी सबने चुप्पी साध ली। पिछले पांच साल के आंकड़ों पर नजर डालें तो राजस्थान में 2 लाख से ज्यादा महिलाओं के साथ रेप और अन्य अपराध की घटनाएं हुई है। रेप के 34,000 मामले दर्ज किए गए हैं। आज राजस्थान महिलाओं के खिलाफअपराधों में शीर्ष पर है। कांग्रेस सरकार में अपराधियों को आश्रय दिया जा रहा है। राजस्थान में महिलाएं असुरक्षित हैं और बलात्कार के मामले बढ़ रहे हैंण्ण्क्या गांधी परिवार और कांग्रेस पार्टी जवाब देगी।

## क्विक न्यूज

### पंजाब में किसानों का तीन दिवसीय रेल रोको विरोध-प्रदर्शन, आवाजाही प्रभावित

**अमृतसर-फिरोजपुर।** पंजाब में बृहस्पतिवार को किसानों ने अपना तीन दिवसीय रेल रोको आंदोलन शुरू किया और कई जगहों पर रेल की पटरियों पर बैठ गए जिससे कम से कम 91 ट्रेनों की आवाजाही प्रभावित हुई। किसानों ने हालिया बाढ़ से हुए नुकसान के लिए वित्तीय पैकेज, न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की कानूनी गारंटी और व्यापक कर्ज माफी की मांग को लेकर अपना विरोध प्रदर्शन शुरू किया। रेलवे अधिकारियों के अनुसार, फिरोजपुर मंडल के तहत 91 ट्रेनों में से 51 ट्रेनों को रद्द कर दिया गया, 24 ट्रेनों को गंतव्य से पहले समाप्त किया गया, पांच ट्रेनों को प्रस्थान स्टेशन से आगे से चलाया गया जबकि 11 ट्रेनों का मार्ग परिवर्तित किया गया। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि वे केंद्र के खिलाफ 30 सितंबर तक अपना आंदोलन चलाएंगे। बृहस्पतिवार को मोगा, होशियारपुर, गुरदासपुर, जालंधर, तरन तारन, संगरूर, पटियाला, फिरोजपुर, बठिंडा और अमृतसर में 17 जगहों पर किसानों ने आंदोलन किया। अमृतसर में किसान देवीदास पुरा में अमृतसर-दिल्ली रेलवे ट्रैक पर बैठ गए।

### केंद्र ने श्रीनगर के एसएसपी राकेश का तबादला मणिपुर किया

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने मणिपुर में फिर से हिंसा शुरू होने के बाद जम्मू कश्मीर से भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के वरिष्ठ अधिकारी राकेश बलवाल को पूर्वोत्तर राज्य में भेजा है। श्रीनगर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राकेश बलवाल का उनके मूल काडर मणिपुर में तबादला कर दिया गया है जहां पिछले कुछ महीनों से स्थिति तनावपूर्ण बनी हुई है। मणिपुर काडर के 2012 बैच के आईपीएस अधिकारी बलवाल ने 2021 में श्रीनगर के एसएसपी का पदभार संभाला था। एक आधिकारिक आदेश में कहा गया है, मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति ने अरुणाचल प्रदेश-गोवा-मिजोरम और केंद्र शासित प्रदेश (एजीएमयूटी) काडर से आईपीएस राकेश बलवाल के समय से पहले उनके मूल काडर में तबादले के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। श्रीनगर एसएसपी का पदभार संभालने से पहले बलवाल प्रतिनियुक्ति के आधार पर साढ़े तीन साल राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) में पुलिस अधीक्षक रहे। वह 2019 के पुलवामा आतंकवादी हमले की जांच करने वाले दल का भी हिस्सा थे। इस हमले में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के 40 जवानों की मौत हो गई थी। मणिपुर में अनुसूचित जनजाति (एसटी) का दर्जा देने की मेइती समुदाय की मांग के विरोध में पर्वतीय जिलों में जनजातीय एकजुटता मार्च के बाद तीन मई को राज्य में जातीय हिंसा भड़क गई थी। हिंसा की घटनाओं में अब तक 180 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है और सैकड़ों लोग घायल हुए हैं। मणिपुर की राजधानी इंफाल में छात्रों की अगुवाई में हिंसा मंगलवार को तब फिर शुरू हुई जब जुलाई में लापता हुए दो छात्रों के शवों की तस्वीरें सोशल मीडिया पर आईं।

### 14 वर्ष तक के बच्चों की आंखों की जांच होगी

**कानपुर।** नेत्र स्वास्थ्य के बारे में जागरूकता पैदा करने और बच्चों के सीखने के परिणामों में सुधार लाने के उद्देश्य सेए टाइटन आई ने उत्तर प्रदेश में 14 वर्ष तक के बच्चों के लिए नेत्र जांच कार्यक्रम की घोषणा की है। कंपनी लखनऊ कानपुर, इलाहाबाद, वाराणसी,आज़मगढ़ सहित यूपी क्षेत्र के अन्य क्षेत्रों में 500 से अधिक छात्रों की स्क्रीनिंग करने की योजना बना रही है। यूपी आई स्क्रीनिंग चैप्टर अखिल भारतीय आई स्क्रीनिंग अभियान का हिस्सा है जिसका लक्ष्य भारत के 300 शहरों में 11000 स्कूलों तक पहुँचना है। विशेष रूप से कोविड 19 के कारण उच्च स्क्रीन एक्सपोज़र के बाद बच्चों में मायोपिया बढ़ रहा है और यह कंपनी द्वारा ऐसी स्थितियों का बहुत पहले निदान करने में मदद करने का एक प्रयास है। इसके साथ हीए टाइटन आईकेयर डिवीजन ने 14 साल से कम उम्र के बच्चों के लिए टाइटन ज्पजंद म्लम् वीं बवदजमेज 2023 भी लॉन्च किया हैए जहां बच्चे ड्राइंग,गायन, नृत्य, जादू जैसी अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए किसी भी प्रारूप में अपनी प्रविष्टियां जमा कर सकते हैं। प्रतिभागी 1,00,000. रुपये के शानदार पुरस्कार जीत सकते हैं। और भाग्यशाली विजेता को ब्रांड का चेहरा बनने का मौका भी मिलेगा। प्रतियोगिता 24 सितंबर 2023 को शुरू हुई और 15 अक्टूबर 2023 तक चलेगी।

### महिला कर्मचारी ने फोन पर सांसद को धमकाया , प्राथमिकी दर्ज

**जयपुर।** राजस्थान में सीकर से सांसद सुमेधानंद सरस्वती को फोन करके एक वित्त कंपनी की महिला कर्मचारी ने कथित तौर पर ना केवल धमकी दी और बल्कि उनके प्रति अभद्र भाषा का इस्तेमाल किया। इस मामले में पुलिस ने सांसद के हवाले से की गई शिकायत पर प्राथमिकी दर्ज कर ली है। पुलिस ने कहा कि महिला ने कर्ज की वसूली के लिए सांसद को यह फोन किया था। पुलिस ने प्राप्त शिकायत के आधार पर कहा कि महिला ने दावा किया कि सांसद एक कर्जदार व्यक्ति के गारंटर है जिसने अपना कर्ज नही चुकाया है, इसलिए उन्हे बाकी का कर्ज चुकाना पड़ेगा। इस संबंध में सांसद के सहायक महेन्द्र कुमार की ओर से सीकर के दादिया थाने मे मामला दर्ज करवाया गया है। दादिया थाने के सहायक उपनिरीक्षक रामावतार ने बताया कि सांसद की ओर से इस संबंध में बुधवार शाम को मोबाइल नंबर का ब्योरा दिया गया और मामला दर्ज करवाया गया है। दर्ज शिकायत के आधार पर भारतीय दंड संहिता की धारा 384 (जबरदस्ती वसूली), 506 (आपराधिक धमकी), 504 (जानबूझकर किसी व्यक्ति को उकसाने के लिए या किसी का अपमान करने के लिए) के तहत मामला दर्ज कर जांच की जा रही है।

### गांधीजी के आत्मनिर्भरता के सपने को साकार करने में डायरेक्ट सेलिंग उद्योग की अहम भूमिका

**नई दिल्ली।** महात्मा गांधी एक दूरदर्शी नेता थे जो उद्यमिता की शक्ति में विश्वास करते थे और आत्मनिर्भर राष्ट्र के विचार की वकालत करते थे। आत्मनिर्भरता को लेकर उनके विचार आज भी प्रासंगिक हैं। इस गांधी जयंती पर लोगों को अपना खुद का व्यवसाय शुरू करने और वित्तीय स्वायत्तता हासिल करने में सक्षम बनाने के लिए डायरेक्ट सेलिंग उद्योग की क्षमता को उजागर करना महत्वपूर्ण है। भारत में डायरेक्ट सेलिंग उद्योग को मजबूत करने की हर्बालाइफ की क्षमता पर प्रकाश डालते हुए वरिष्ठ उपाध्यक्ष और प्रबंध निदेशकए अजय खन्ना ने कहा कि उद्यमियों को सशक्त बनाने वाले मॉडल के माध्यम से आत्मनिर्भर राष्ट्र के लक्ष्य का समर्थन करने की हमारी प्रतिबद्धता दृढ़ बनी हुई है। न्यूनतम निवेश के साथ कोई भी स्वतंत्र हर्बालाइफ वितरक बन सकता है और अपना खुद का व्यवसाय स्थापित कर सकता है। हमारी वैश्विक मानक गारंटी प्रत्येक वितरक के लिए पारदर्शिता और सुरक्षा सुनिश्चित करती है।

### शिवपुरी में कांग्रेस पार्षद पर नाबालिग लड़की से बलात्कार और अपहरण का मामला दर्ज

**शिवपुरी,।** मध्य प्रदेश के शिवपुरी जिले में पुलिस ने एक किशोरी से कथित तौर पर बलात्कार करने और उसे गर्भपात कराने के लिए मजबूर करने के आरोप में कांग्रेस के एक पार्षद के खिलाफ मामला दर्ज किया है। एक अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि पिछोर कस्बे के आरोपी सागर घविर (30) ने कथित तौर पर यौन उत्पीड़न का वीडियो बनाया और वीडियो वायरल करने की धमकी देकर लड़की का शोषण किया।अधिकारी ने बताया कि घविर कथित तौर पर चार महीने की गर्भवती लड़की को गर्भपात के लिए 25 सितंबर को पड़ोसी राज्य उत्तर प्रदेश में ले गया। पुलिस के अनुविभागीय अधिकारी (एसडीओपी) प्रशांत शर्मा ने कहा कि जब लड़की घर नहीं लौटी, तो उसके माता-पिता ने स्थानीय पुलिस में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई। उन्होंने कहा कि पीड़िता के वापस आने के बाद पुलिस ने उसकी शिकायत पर कार्वाई की ।

## उपराष्ट्रपति के राजस्थान दौरों पर गहलोत का कटाक्ष

**● कहा, अब तो राष्ट्रपति का आना ही बाकी रह गया है**

**भाषा।** जयपुर



**मुख्यमंत्री** अशोक गहलोत ने उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के बार बार राजस्थान दौरे पर आने पर एक बार फिर कटाक्ष करते हुए बृहस्पतिवार को कहा, अब तो राष्ट्रपति का आना बाकी रह गया है। इसके साथ ही गहलोत ने कहा कि वह उपराष्ट्रपति का बहुत सम्मान करते हैं लेकिन चुनावी माहौल में उनके दौरों से कई तरह के संदेश जाएंगे जो लोकतंत्र के लिए अच्छी बात नहीं होगी। गहलोत ने बुधवार को भी धनखड़ के दौरों को लेकर कटाक्ष किया था। उपराष्ट्रपति के जल्दी जल्दी राज्य के दौरे पर आने को लेकर पूछे गए सवाल पर गहलोत ने बृहस्पतिवार को बहरोड़ जिले में पत्रकारों से कहा कि अब तो राष्ट्रपति का आना बाकी रह गया है। गहलोत ने सा ही राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की प्रशंसा करते हुए कहा, हमारी राष्ट्रपति बहुत ही महान हैं। बहुत समझदार हैं और गरीबों के लिए समर्पित हैं। आदिवासी हों, दलित हों, पिछड़े हों, देश के लोग हो, उनके लिए वह बहुत ही समर्पित हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार बाकी संस्थाओं पर दबाव न बनाए और संवैधानिक पदों पर आसीन व्यक्तियों के दौरे ऐसी स्थिति पैदा न करे कि वह प्रचार लगने लगे। गहलोत ने कहा कि वह उपराष्ट्रपति धनखड़ का बहुत सम्मान करते हैं और उनके साथ अच्छे व्यक्तिगत संबंध भी हैं। उन्होंने कहा, कल वह पांच जिलों में गए। एक ही दिन के अंदर पूरा राजस्थान छान मारा। ऐसा कभी होता है? आप जहां जा रहे हैं तो मिलने कौन आ रहा है? आपसे भाजपा के तमाम स्थानीय नेता मिलने आ रहे हैं? तो (आप) क्या संदेश देना चाहते हैं? उन्होंने कहा, कल (भविष्य में) अगर धनखड़ राष्ट्रपति बनते हैं तो हमारे लिए गर्व की बात होगी। लेकिन आप प्रचार करने निकलेंगे तो हम कहेंगे कृपया कर के हमें बख्श दें। आप निष्पक्ष जनता को फैसला करने दें। गहलोत ने कहा, लोकतंत्र में जनता ही माइबाप होती है। अगर उनकी (जनता) अंतरात्मा कहेगी कि हमने कुछ काम किए हैं तो हमें आशीर्वाद मिलेगा ...हमने काम नहीं किए तो हमें (आशीर्वाद) नहीं मिलेगा। साफ बात है। बाद में एक सार्वजनिक कार्यक्रम में भी गहलोत ने इसको लेकर टिप्पणी की और कहा कि राजस्थान में चुनाव के इस समय में अगर उपराष्ट्रपति बार बार आएंगे तो संदेश कई तरह के जाएंगे, जो लोकतंत्र के लिए अच्छी बात नहीं होगी। राज्य में इस साल के आखिर में विधानसभा चुनाव होने हैं। उपराष्ट्रपति धनखड़ मूल रूप से राजस्थान के ही हैं।

## गोवा के मुख्यमंत्री अंग दान करेंगे

**भाषा।** पणजी

**गोवा के मुख्यमंत्री** प्रमोद सावंत ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के चिकित्सा प्रकोष्ठ की पहल के हिस्से के तौर पर बृहस्पतिवार को अपने अंग दान करने का संकल्प जताया।
भाजपा की गोवा इकाई के चिकित्सा प्रकोष्ठ के संयोजक डॉ. शेखर सालकर और अन्य नेताओं की मौजूदगी में मुख्यमंत्री सावंत ने ऑनलाइन आवेदन पर हस्ताक्षर अपने अंग दान करने का संकल्प जताया। उन्हें इसके लिए तत्काल प्रमाणपत्र भी दे दिया गया।यहां संवाददाताओं को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि अंग दान अभियान की पहल के रूप में उन्होंने अपने गुर्दे, जिगर और कॉर्निया को दान करने का संकल्प लिया है।सावंत ने अंग दान की इस पहल को देश भर में फैलाने के लिए केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय और केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया की सराहना की।उन्होंने कहा कि 18 साल से अधिक उम्र का कोई भी व्यक्ति ऑनलाइन अंग दान कर सकता है।अंग दान करने का अवसर प्रदान करने के लिए केंद्र सरकार व भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ को धन्यवाद देते हुए सावंत ने कहा, सभी को आगे आना चाहिए और अंग दान का संकल्प करना चाहिए, ताकि भविष्य में दूसरे की जिंदगी बच सके। उन्होंने कहा कि गोवा सरकार अंग दान करने वाले लोगों के शरीर से अंग निकालने व उन्हें दूसरे मरीजों के शरीर में प्रत्यारोपित करने के चार कार्यक्रमों को सफलतापूर्वक अंजाम दे चुकी है, जिससे राज्य में व बाहरी मरीजों की जान बचाने में काफी मदद मिली है।उन्होंने कहा कि गोवा चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल में जल्द ही नेत्रदान बैंक का उद्घघाटन किया जाएगा।

## सड़क निर्माण में शहरी कचरे के इस्तेमाल की नीति पर विचार: गडकरी



**भाषा।** नई दिल्ली

**केंद्रीय सड़क** परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने बृहस्पतिवार को कहा कि उनका मंत्रालय सड़कों के निर्माण में शहरी कचरे के इस्तेमाल को लेकर एक नीति तैयार कर रहा है। गडकरी ने यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा कि सरकार जीवाश्म ईंधन के इस्तेमाल नहीं करने के लिए निर्माण उपकरण विनिर्माताओं को प्रोत्साहन देने पर भी विचार कर रही है। उन्होंने कहा, हम सड़क निर्माण में शहरी क्षेत्रों से इकट्ठा होने वाले कचरे का इस्तेमाल करने की नीति को अंतिम रूप देने में जुटे हुए हैं। गडकरी ने कहा कि सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने परिवहन क्षेत्र को कार्बन-मुक्त करने के लिए कई कदम उठाए हैं और दिल्ली एवं जयपुर के बीच इलेक्ट्रिक राजमार्ग के विकास की पहल इसी की एक कड़ी है। इलेक्ट्रिक राजमार्ग बिजली से चलने वाली रेलगाड़ियों की ही तरह की एक व्यवस्था है जिसमें वाहनों के लिए निर्दिष्ट राजमार्ग के ऊपर इलेक्ट्रिक ट्रैक्शन लगा होगा। यह स्वीडन एवं नॉर्वे जैसे देशों में अपनाई जा रही प्रौद्योगिकी पर आधारित है।

## अब अमेरिकी वीजा आवेदकों में 10 प्रतिशत से अधिक भारतीय हैं: अमेरिकी मिशन

**भाषा।** नई दिल्ली

**भारत में अमेरिका के** मिशन ने इस साल दस लाख गैर-अप्रवासी वीजा आवेदनों के निपटारे के लक्ष्य को बृहस्पतिवार को पार कर लिया। मिशन ने कहा कि अब दुनियाभर में सभी वीजा आवेदकों में से 10 प्रतिशत से अधिक भारतीय हैं, जिनमें सभी छात्र वीजा आवेदकों में से 20 प्रतिशत और सभी एच एंड एल-श्रेणी (रोजगार) वीजा आवेदकों में से 65 प्रतिशत भारतीय शामिल हैं। दूतावास ने कहा कि मिशन 2019 से पहले की तुलना में लगभग 20 प्रतिशत अधिक आवेदनों पर कार्यवाही कर रहा है और दुनियाभर में 10 आवेदनों में से एक भारतीयों ने किया है। भारत में अमेरिकी राजदूत एरिक गार्सेटी ने खुद एक दंपति को दस लाखवां वीजा सौंपा। यह दंपति एमआईटी में अपने बेटे के स्नातक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए अमेरिका जाने वाले हैं। लेडी हार्डिंग कॉलेज में वरिष्ठ सलाहकार डॉ रंजू सिंह को अमेरिकी दूतावास से एक ईमेल प्राप्त हुआ जिसमें कहा गया कि उन्हें इस वर्ष का दस लाखवां वीजा मिला है। उनके पति पुनीत डारगन को अगला वीजा दिया गया है। दंपति को मई 2024 में अमेरिका की यात्रा करनी है। राजदूत गार्सेटी ने दंपति का अभिवादन श्रीमान एवं श्रीमती दस लाख कहते हुए किया। साथ ही उन्होंने दंपति की अमेरिका यात्रा के बारे में भी जानकारी हासिल की तथा उन्हें सलाह दी कि एक पर्यटक के तौर पर उन्हें क्या चीज जरूर देखना चाहिए। राजदूत ने कहा, मैं आज भारत के लिए, भारतीयों के लिए और अमेरिका के लिए इससे ज्यादा खुश नहीं हो सकता। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने कहा था कि आइए, वीजा प्रक्रियाओं में तेजी लाते हुए बेहतर काम करते हैं और इसलिए यहां विदेश मंत्रालय ने हैदराबाद...आदि स्थानों में और इकाइयों को मंजूरी दी। और लोग इन वीजा पर काम कर सकते हैं। हमने अपनी प्रणाली में बदलाव किया, हमने कड़ी मेहनत की और इस वर्ष दस लाख आव्रजन वीजा आवेदनों के निपटारे का लक्ष्य पा लिया। उन्होंने कहा, भारत के साथ हमारी साझेदारी अमेरिका के अहम द्विपक्षीय संबंधों में से एक है... बल्कि यह तो दुनिया के सबसे अहम संबंधों में से एक है। हमारे लोगों के बीच संबंध पहले से कहीं अधिक मजबूत हैं, हम आने वाले महीनों में अधिक से अधिक भारतीय आवेदकों को अमेरिका की यात्रा करने और अमेरिका-भारत मित्रता का प्रत्यक्ष अनुभव करने का अवसर देने के लिए वीजा कार्य जारी रखेंगे। मिशन ने पहले ही 2022 में निपटाए गए मामलों की कुल संख्या को पार कर लिया है और 2019 में कोरोना महामारी से पहले की तुलना में लगभग 20 प्रतिशत अधिक आवेदनों पर कार्यवाही कर रहा है।

### भारत का विदेशी कर्ज जून के अंत में बढ़कर 629.1 अरब अमेरिकी डॉलर रहा: आरबीआई

**मुंबई।** भारत का विदेशी ऋण जून 2023 के अंत में मामूली रूप से बढ़कर 629.1 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया, हालांकि ऋण-जीडीपी अनुपात में गिरावट आई है। भारतीय रिजर्व बैंक की ओर से बृहस्पतिवार को जारी आंकड़ों में यह बात सामने आई। आंकड़ों के अनुसार, कर्ज मे 4.7 अरब अमेरिकी डॉलर का इजाफा हुआ है। मार्च के अंत में यह 624.3 अरब अमेरिकी डॉलर था। आरबीआई ने कहा, जून 2023 के अंत में विदेशी ऋण और सकल घरेलू उत्पाद का अनुपात घटकर 18.6 प्रतिशत हो गया, जो मार्च 2023 के अंत में 18.8 प्रतिशत था। आरबीआई ने कहा कि सरकार का सामान्य बकाया कर्ज कम हुआ, जबकि गैर-सरकारी कर्ज जून 2023 के अंत में बढ़ गया। इसके अलावा, विदेशी कर्ज मे 32.9 प्रतिशत की सबसे अधिक हिस्सेदारी ऋण की रही।

### यूपीएसआरटीसी व रैडबस में साझेदारी

**नोएडा।** दुनिया के प्रमुख ऑनलाइन बस टिकट प्लेटफ़ॉर्म रैडबस ने रैडबस प्लेटफ़ॉर्म्स ऐप और वेबसाईट पर ऑनलाइन टिकट बुकिंग उपलब्ध कराने के लिए उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम यूपीएसआरटीसी के साथ साझेदारी की घोषणा की है। अब यूपीएसआरटीसी के यात्री यूपी के अंदर और यूपी से अन्य राज्यों जैसे राजस्थान, दिल्ली, उत्तराखण्ड एवं बिहार के लिए चौबीसों घण्टे सुविधाजनक एवं भरोसेमंद टिकट बुकिंग के विकल्प पा सकेंगे। रैडबस ने सितम्बर 2023 से अपने प्लेटफ़ॉर्म पर यूपीएसआरटीसी के लिए बुकिंग स्वीकार करना शुरू किया और अब दशहरा एवं दीवाली के सीज़न से पहले यात्रियों को और भी सुविधाजनक सेवाएं प्रदान करने के लिए तैयार ह, क्योंकि इस मौके पर लोग अक्सर यात्रा करते हैं। इस अवसर पर श्रीमति अन्नपूर्णा गर्ग एडिशनल मैनेजिंग डायरेक्टरयूपीएसआरटीसी की प्रवक्ता ने कहा कि हम यात्रियों को सुविधाजनक सेवाएं उपलब्ध कराना चाहते हैं ।

### गुजरात के ओखा तट से तीन ईरानी व दो भारतीय गिरफ्तार


**द्वारका।** गुजरात में देवभूमि द्वारका जिले के ओखा शहर से ईरान के तीन नागरिकों समेत पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया है। उनके पास से उपग्रह फोन और 10 ग्राम हेरोइन कथित रूप से बरामद की गई है। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। एक अधिकारी ने बताया कि बुधवार रात को निर्माणाधीन सिग्नेचर ब्रिज के पास ओखा तट पर एक नौका पहुंची ।

### अन्नाद्रमुक के अलग होने पर भाजपा की तमिलनाडु कोर समिति चर्चा करेगी

**चेन्नई।** तमिलनाडु में ऑल इंडिया अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कषगम (अन्नाद्रमुक) के राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) से अलग होने के फैसले से स्तब्ध भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) जल्द ही कोर समिति व कार्यकारी समिति में इस मुद्दे और अन्य राजनीतिक घटनाक्रमों पर चर्चा करेगी। एक वरिष्ठ नेता ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी।भाजपा नीत राजग से अलग होने की अन्नाद्रमुक की घोषणा को दुर्भाग्यपूर्ण करार देते हुए, पार्टी के नेता डॉ. पोंगुलेटी सुधाकर रेड्डी ने कहा कि इस मुद्दे पर जल्द ही पार्टी की राज्य कोर समिति और कार्यकारी समिति में चर्चा की जाएगी।रेड्डी ने पीटीआई-भाषा को बताया, मैं गठबंधन पर आधिकारिक टिप्पणी नहीं कर सकता। तमिलनाडु में घटनाक्रम पर केंद्रीय नेतृत्व नजर बनाए हुए है और वे इस संबंध में आवश्यक कदम उठाएंगे।

## नीतीश भाजपा से कभी गठबंधन नहीं करेंगे : जदयू अध्यक्ष

**पटना।** जदयू अध्यक्ष राजीव रंजन सिंह ललन ने बृहस्पतिवार को कहा कि बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पूरी तरह से महागठबंधन के साथ हैं और सात जन्मों में भी भाजपा से गठबंधन नहीं करेंगे। ललन ने अपने पूर्व सहयोगी दल पर काना-फूसी अभियान में शामिल होने का आरोप लगाया ताकि यह गलत धारणा बनाई जा सके कि नीतीश कुमार का मन बदल रहा है। उन्होंने पूछा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने देश के लोगों से जो वादा किया था क्या उनमें से किसी एक को भी पूरा किया जा सका है। जनता दल-यूनाइटेड (जदयू) नेता नीतीश कुमार ने एक साल पहले भाजपा से नाता तोड़कर बिहार में महागठबंधन की नई सरकार बनाई थी। ललन ने यहां संवाददाताओं से बातचीत करते हुए कहा, मैं जानता हूं कि हमारी अपनी पार्टी में भाजपा के कई समर्थक हैं जो इस तरह के भ्रम को जन्म देने में शामिल हैं। ऐसा ही एक तत्व रणबीर नंदन थे जिन्हें हमने कल ही निष्कासित कर दिया था। उनका कहना था कि बिहार के हित में नीतीश कुमार को नरेन्द्र मोदी से हाथ मिला लेना चाहिए मानो नीतीश कुमार उनकी सलाह के अनुसार काम करते हैं। जदयू की बिहार इकाई के प्रवक्ता और पूर्व विधान परिषद सदस्य नंदन को बार-बार पार्टी लाइन के खिलाफ जाने के कारण निष्कासित कर दिया गया है। हालांकि, बाद में नंदन ने दावा किया कि निष्कासन आदेश जारी होने से पहले ही उन्होंने जदयू छोड़ दिया था क्योंकि उनका नीतीश कुमार से मोहभंग हो गया था। ललन ने मीडिया के एक वर्ग में बिहार के मुख्यमंत्री द्वारा एक बार फिर पलटी मारकर भाजपा के साथ चले जाने की अटकलें पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए आरोप लगाया कि ए गोदी मीडिया वाले केंद्र में सत्तारूढ़ भाजपा के इशारे पर काम कर रहे हैं। ए चैनल और एंकर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा तैयार की गई पटकथा के अनुसार काम कर रहे हैं, जो इस हास्यास्पद शो के निर्माता और निर्देशक भी हैं।



भगवान गणेश को विसर्जन के साथ विदा करते भक्तगण

### कोटा में 20 वर्षीय छात्र ने आत्महत्या की

**कोटा (राजस्थान)।** कोटा के कुन्हारी इलाके में सरकारी नौकरी की परीक्षा की तैयारी रहे एक 20 वर्षीय युवक ने अपने कमरे में कथित रूप से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। पुलिस उपाधीक्षक खीव सिंह राठौड़ ने बताया कि तनवीर खान का शव बुधवार दोपहर कृष्ण विहार कॉलोनी के उसके किराए के घर में लटका हुआ पाया गया, जहां वह अपने पिता व छोटी बहन के साथ रहता था। कुन्हारी थाने के उपनिरीक्षक नवल किशोर ने बताया कि मृतक के कमरे से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है और संदिग्ध आत्महत्या के पीछे के वास्तविक कारणों का पता लगाया जाना बाकी है।किशोर के मुताबिक, तनवीर खुद से प्रतियोगी परीक्षा की तैयार कर रहा था और वह किसी कोचिंग संस्थान के साथ नहीं जुड़ा हुआ था। उन्होंने बताया कि तनवीर का परिवार उत्तर प्रदेश के महाराजगंज का रहने वाला है।

